
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 29 अंक 272 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर मंगलवार 01 अप्रैल 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00







पूनम ढिल्लन ने साउथ ...

# शिक्षा नीति पर सोनिया गांधी के चुभते सवाल



नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अपने सिर्फ तीन कोर एजेंडे को लागू करने पर जुटी है। हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शुरूआत ने सरकार के वास्तविक मंशे को छिपा दिया है। सरकार भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। सोनिया गांधी ने कहा है कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा में वह केवल तीन मुख्य एजेंडा मदों के सफल कार्यान्वयन को लेकर चिंतित है। 1- केंद्र सरकार के पास सत्ता का केंद्रीकरण, 2- शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण और निजी क्षेत्र को आउटसोर्सिंग, 3- पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायीकरण। कांग्रेस नेता ने कहा है पिछले 11 वर्षों में इस सरकार की कार्यप्रणाली की पहचान सत्ता को मुट्ठी में लेना रहा है। लेकिन इसके सबसे ज़्यादा नुकसानदायक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में देखने को मिले हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों से मिलकर बने केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की मीटिंग सितंबर 2019 से नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा है कि एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन को अपनाने और लागू करने के दौरान भी केंद्र सरकार ने इन नीतियों के कार्यान्वयन पर एक बार भी राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा। यह इस बात का प्रमाण है कि वह अपनी आवाज के अलावा किसी और की आवाज नहीं सुनती, यहां तक कि उस विषय पर भी जो भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में है। कांग्रेस सांसद के अनुसार सरकार की नीति न सिर्फ संवाद की कमी है बल्कि 'धमकाने की प्रवृत्ति' भी है। इसके तहत केंद्र राज्य सरकरों को मिलने वाले अनुदानों पर भी रोक लगा देती है।

## राज्य सरकारों का अधिकार छीना

उच्च शिक्षा की ओर इशारा करते हुए सोनिया गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विश्व विद्यालयों के वाइस चांसलरों की नियुक्ति में भी राज्य सरकारों के अधिकार को खत्म कर दिया है। यह समवर्ती सूची में मौजूद विषय को पिछले दरवाजे से केंद्र के दायरे में लाने की कोशिश और ये संघवाद पर हमला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2014 से अब तक हमने देश भर में 89,441 सरकारी स्कूलों को बंद और विलय होते देखा है। जबकि इस समय 42,944 अतिरिक्त निजी स्कूलों की स्थापना हुई है। देश के गरीबों को सरकारी शिक्षा से बाहर कर दिया गया है और उन्हें बेहद महंगी और बिना कंट्रोल वाले निजी स्कूल प्रणाली के हाथों में डाल दिया गया है।

## पाठ्यक्रम में बदलाव ठीक नहीं

एनसीईआरटी की किताबों में कथित रूप से चैप्टर बदलने जाने पर सोनिया गांधी ने सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि स्कूली पाठ्यक्रम की रीढ़ माने जाने वाले एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारतीय इतिहास को कथित तौर पर साफ-सुथरा बनाने के इरादे से संशोधन किया गया है। महात्मा गांधी की हत्या और मुगल भारत से जुड़े खंडों को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। इसके अलावा, एक बार भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया था, जब तक कि जनता के विरोध के कारण सरकार को एक बार फिर से अनिवार्य रूप से इसे शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

### पीएम की प्राइवेट सेक्रेटरी बनीं निधि तिवारी



**वाराणसी।** वाराणसी की रहने वाली आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को पीएम नरेंद्र मोदी का प्राइवेट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने इस नियुक्ति की सूचना जारी की। निजी सचिव के तौर पर निधि तिवारी पीएम मोदी के कार्यक्रमों का समन्वयन, बैठकों का आयोजन और सरकारी विभागों के साथ संपर्क से संबंधित कामकाज देखेंगी।

### अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस की बोगी में लगी आग

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देख ट्रेन को अचानक रोका गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

### हाइवा से टकराई बाइक, 4 की मौत

**रीवा (स्वतंत्र मत)।** रीवा में सोमवार को बाइक और हाइवा ट्रक की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद ये लोग एक ही बाइक पर सवार होकर मोहनिया टनल घूमने गए थे। वहां से लौटते समय चौडियार मोड़ के पास हादसा हो गया। टक्कर के बाद पल्सर बाइक के कई टुकड़े हो गए। हादसे में सत्यम साकेत, मोहम्मद जुम्मन, मोहम्मद अफरीद मंसूरी और मोहम्मद शादाब की मौत हो गई।

### मधुमक्खी के काटने से 1 की मौत, 11 घायल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के बिलगांव में मधुमक्खियों के काटने से 55 वर्षीय मजदूर फगुआ की मौत हो गई। साथ ही 11 अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर मोहन साहू के खेत में गेहूं की फसल काटने के लिए करीब 15 मजदूर आए थे। खेत के पास जामुन के पेड़ों पर मधुमक्खियों के छत्ते लगे थे। मजदूर पेड़ के नीचे खाना पका रहे थे। धुएं की वजह से मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने हमला कर दिया।

### दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन 19 को

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वे उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज (चिनाब ब्रिज) का उद्घाटन करेंगे।

# ईद पर गरमाई...वक्फ की लड़ाई

## बांह पर काली पट्टी बांध कर पढ़ी नमाज

भोपाल

मध्यप्रदेश में ईद पर वक्फ अमेंडमेंट बिल के विरोध में कई लोगों ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांध कर नमाज पढ़ी। ईदगाह के बाहर कुछ युवा फिलिस्तीन के समर्थन में बैनर लेकर खड़े नजर आए। मोती मस्जिद में यमन और फिलिस्तीन के साथ वक्फ बोर्ड की जायदाद की हिफाजत के लिए भी दुआ पढ़ी गई। मध्यप्रदेश के मुफ्ती-ए-आजम मौलाना मुशाहिद रजा कादरी ने वक्फ अमेंडमेंट बिल को मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने तो ये कह दिया कि जब तक भाजपा का शासन खत्म नहीं होगा। तक तक गंदी




राजनीति खत्म नहीं होगी। मध्यप्रदेश के मुफ्ती-ए-आजम मौलाना मुशाहिद रजा कादरी जबलपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि- राजनीति करते रहो और अपनी रोटियां सेंकते रहो और अपनी गद्दी बचाकर रखो। ये गद्दी बचाओ नीति है। देश को तरक्की की तरफ ले जाने वाली नीति नहीं है। हम वक्फ बिल का भरपूर विरोध करते हैं। पहले भी किया। आगे भी करेंगे और अभी भी करेंगे। मुशाहिद रजा कादरी ने कहा- आपको हमारे धार्मिक मामलों में बोलने का अधिकार क्या है? भाजपा को सिर्फ और सिर्फ मुसलमान दिखता है। मुसलमानों की जगह क्यों दिख रही है?। इनको अगर जगह कम पड़ रही है तो चले जाएं जंगलों में अपना काम कर लें। उन्होंने कहा कि सरकार समाज में विभाजन पैदा कर रही है।

## बिना पढ़े बिल का विरोध गलत : सारंग

इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, जब पाकिस्तान आतंकवादी हमला करता है, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार होते हैं और कश्मीर में पंडितों पर जुल्म होता है, तब काली पट्टी क्यों नहीं बांधी जाती? उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ संपत्तियों से गरीब मुसलमानों को कोई लाभ नहीं मिला है। इसका फायदा केवल अमीर मुस्लिम नेताओं और बेजा कब्जा करने वालों ने उठाया है। फिलीस्तीन के समर्थन वाले बैनर पर सारंग ने कहा कि देश में फिरकापरस्ती और उन्माद फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कल पेश हो सकता है बिल

वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी। सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए। रिजिजू ने कहा- बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें।




# आज से 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बंद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में की गई शराब बंदी की घोषणा पर एक अप्रैल 2025 से अमल शुरू हो जायेगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को 24 जनवरी 2025 को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई केबिनेट ने मंजूरी दी थी। निर्णय अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। प्रदेश के इन 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णत: पवित्र घोषित करते हुए एक अप्रैल 2025 से पूर्ण शराब बंदी कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया। यह कदम जन-आस्था और धार्मिक दृष्टि से श्रृद्धा के 19 नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली होगा। जिन धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा पर हुआ अमल**

# बिजली को लेकर बढ़ रहा राजनीतिक दलों का तापमान

## आतिशी के आरोप पर वीरेंद्र सचदेवा का पलटवार

**नई दिल्ली।** अभी गर्मी ठीक से शुरू भी नहीं हुई है कि बिजली को लेकर राजनीतिक दलों का तापमान बढ़ रहा है। एक तरफ आम आदमी पार्टी दिल्ली में बड़े स्तर पर बिजली कटौती शुरू हो जाने की आरोप लगा रही है तो उधर भाजपा भी उसकी भाषा में ही उसे जवाब दे रही है। बिजली कट के बारे में आंकड़े प्रस्तुत कर आप को ही घेर रही है। भाजपा का यह भी कहना है कि पिछले सालों में बिजली व्यवस्था का बेहतर होना भी केंद्र की भाजपा सरकार की देन रही है। दो दिन पहले बिजजी को लेकर हो चुके आरोप प्रत्यारोप के बाद आप नेता आतिशी ने सोमवार को फिर बड़े स्तर पर बिजली कटौती का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार की दिल्ली को 24 घंटे बिजली देने की न नीयत है और ना ही योग्यता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता में आए मात्र एक महीना हुआ है और रोज दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में चार से आठ घंटे के पावरकट लगना आम बात हो गई है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में आप सरकार के 10 सालों से 24 घंटे बिजली आई, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही ये व्यवस्था फेल हो गई है। उधर, आतिशी के आरोप पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार कहते हुए कहा कि यह खेदपूर्ण है कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 2015 से 2025 के बीच बिजली आपूर्ति के नाम पर केवल घोटालेबाजी की है। उन्होंने कहा कि आतिशी बतायें कि क्या यह सच नही है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली अपूर्ति के दावे को दिखाते दिखाते अरविंद केजरीवाल सरकार ने निजी कम्पनियों के साथ मिलकर बिजली सब्सिडी एवं पी.पी.ए.सी. घोटाले किये।



# चिराग की मां को घर से निकाला

## पासवान परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद

खगड़िया

दिवंगत रामविलास पासवान के परिवार में एक बार फिर विवाद हो गया है। इस बार विवाद संपत्ति को लेकर है। रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी और उनके छोटे भाई पशुपति कुमार पारस के बीच यह विवाद है। पशुपति कुमार पारस के परिवार वालों ने राजकुमारी देवी की संपत्ति पर ताला लगा दिया है। उनका कहना है कि संपत्ति पर उनका हक है। राजकुमारी देवी ने पशुपति कुमार पारस और रामचंद्र पासवान की पत्नी पर उन्हें घर से निकालने का आरोप लगाया है। यह मामला अब चिराग पासवान तक भी पहुंच गया है। बता दें कि रामविलास पासवान के परिवार में पहले भी सियासी लड़ाई हो चुकी है। यह लड़ाई चाचा पशुपति कुमार पारस और भतीजे चिराग पासवान के बीच थी। अब यह नया विवाद सामने आया है। यह विवाद रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी से जुड़ा है। खबर है कि पशुपति कुमार पारस के परिवार वालों ने खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में राजकुमारी देवी की संपत्ति पर अपना हक जताया है। उन्होंने राजकुमारी देवी के कमरों में ताला लगा दिया है। राजकुमारी देवी का आरोप है कि पारस पासवान और रामचंद्र पासवान की पत्नी ने उन्हें घर से निकालने की कोशिश की।



### रामविलास पासवान की दो शादी

बता दें कि रामविलास पासवान ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली शादी 1960 में राजकुमारी देवी से हुई थी। बाद में रामविलास पासवान ने राजकुमारी देवी को तलाक दे दिया। 1983 में उन्होंने रीना शर्मा से दूसरी शादी की। चिराग पासवान, रीना शर्मा के बेटे हैं। लेकिन, चिराग राजकुमारी देवी को भी अपनी मां मानते हैं। वह अक्सर उनसे मिलने शहरबन्नी जाते रहते हैं।

# संपत्ति की जानकारी न देने पर आईएएस अधिकारी दंडित हों

## संसदीय समिति ने की सिफारिश

नई दिल्ली

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी अचल संपत्ति का विवरण दाखिल नहीं करने वाले आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध दंड या उचित कार्रवाई का सुझाव दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित अनुदान मांगों (2025-26) पर समिति की 145वीं रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 91 और 2023 में 73 आईएएस अधिकारियों ने अपना अचल संपत्ति रिटर्न दाखिल नहीं किया। वर्ष 2023 में 15 आईएएस अधिकारियों, 2022 में 12 और 2021 में 14 आईएएस अधिकारियों को संबंधित वर्षों का आईपीआर दाखिल नहीं करने के कारण कुछ पदों पर नियुक्ति के लिए अनिवार्य सतर्कता स्वीकृति प्रदान नहीं की गई। समिति ने सिफारिश की है कि सभी आईएएस अधिकारियों द्वारा समय पर आईपीआर दाखिल करना सुनिश्चित करने के लिए एक केंद्रीकृत अनुपालन निगरानी तंत्र स्थापित किया जा सकता है। इस तंत्र में विभाग के भीतर एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन शामिल होना चाहिए जो सभी अधिकारियों की स्थिति को ट्रैक करने और रिपोर्ट दाखिल करने के लिए जिम्मेदार हो। इसके अलावा समिति अनुपालन नहीं होने पर दंड या उचित कार्रवाई का प्रस्ताव करती है।

## रणथंभौर टाईगर रिजर्व में फर्जीवाड़ा

# मप्र सीएम के फर्जी लेटरहेड पर जिप्सी की मांग

सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर टाईगर रिजर्व में पार्क भ्रमण को लेकर वाहन बुकिंग में फर्जीवाड़ा का आलम यह है कि एक युवक ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के लेटरहेड का उपयोग कर एक पत्र डीएफओ पर्यटन को वॉट्सअप और मेल पर भेज दिया और इसमें एक बड़ी मांग कर डाली। मामला संदिग्ध होने पर डीएफओ पर्यटन प्रमोद धाकड़ ने मध्यप्रदेश सीएमओ को लेटर हेड भेज कर वास्तविकता जानी तो वहां से लेटरहेड फर्जी होने की जानकारी मिली। इसके बाद डीएफओ ने युवक को अपने ऑफिस बुलाकर कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया गया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। सवाई माधोपुर में फर्जी तरीके से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम से रणथम्भौर में जिप्सी लेने का मामला




सामने आया है। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद के एक युवक को डिटेन किया है। कोतवाली थानाधिकारी हरलाल सिंह मीणा ने बताया कि वन विभाग ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में वनाधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद का श्रेय मेहता अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ रणथम्भौर टाइगर रिजर्व घूमने आए थे। मेहता ने जिप्सी के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लेटरहेड पर मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर कर डीएफओ पर्यटन को वॉट्सअप और मेल पर भेजा। वन विभाग ने शक होने पर लेटर हेड की जांच के लिए सीएमओ एमपी को भेजा। जहां से लेटरहेड फर्जी होने की जानकारी मिली। इस पर पर वन विभाग ने कोतवाली थाना सवाई माधोपुर में मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने रणथम्भौर की एक होटल से श्रेय मेहता को डिटेन किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वन विभाग में हडकंप

उल्लेखनीय है कि रणथम्भौर में टिकट की मारामारी के चलते यहां टिकट माफिया गिरोह सक्रिय है। इनके द्वारा पर्यटकों को तरह-तरह के आइडिया देकर फर्जी तरीके से टिकट कराए जा रहे हैं। इससे पहले भी टिकट पर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर जिप्सी दिलवाने का मामला सामने आ चुका है। मुख्यमंत्री के फर्जी लेटरहेड पर जिप्सी लेने का मामला सामने आने के बाद वन विभाग में हडकंप मचा हुआ है। वहीं जानकारी मिल रही है कि यह मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश के सीएमओ में भी इंटेलिजेंस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

# जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा भठिया देवी का प्रांगण

## महिला मंडल द्वारा माता रानी को चुनरी भेंट की गई

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

नवरात्रि के दूसरे दिन भी क्षेत्र एवम जिला प्रांत एवम अन्य प्रांतों से माई के भक्तों भीड़ उमड़ पड़ी पूरा माई जी का प्रांगण माता रानी की जयकारे एवम जय माता दी से गूंज उठा। महिला रामायण मंडली जैतपुर महिलाओ, बेटियो द्वारा कुनुकेश्वर मंदिर जैतपुर से पैदल चलकर माँ सिंहवाहिनी माता भाठिया को बड़े हर्षोल्लास के साथ विशाल चुनरी भेंट किया गया। भाठिया में बहुत दूर दूर से आकर माता रानी की मत्था टेक कर अपनी-अपनी अर्जी मिन्नत किए। शक्ति पीठ भठिया जिला से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर माता रानी की मंदिर मां सिंहवाहिनी देवी की विशाल प्रतिमा भटिया में विराजमान हैं। नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भठिया से बुढार शहडोल मार्ग, भठिया से अनूपपुर और कोतमा मार्ग, भठिया से जैतपुर जनकपुर मार्ग और भठिया से रस मोहनी गोहपारू व्योहारी रीवा सीधी मार्ग ये चारो मार्गों से पद यात्रा कर और माई के कुछ भक्त लेटते हुए माई की दर्शन हेतु भक्तो की जत्था चलकर माई की दर्शन कर अर्जी मिन्नत किए। कोविड काल के दौरान स्थानीय लोग एक सेवा समिति का गठन किया गया था सेवा समिति के सदस्यों के अथक प्रयास से माई जी की गुम्मबद का निर्माण कराया गया जो महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा विशाल गुंबद बनाया गया। पुरे मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक बिछवाने का काम किया गया। उक्त समिति के द्वारा ही हर त्योहार पर एवम चौत्र और दशहरे पर माई के प्रांगण में विशेस प्रसाद का वितरण किया जाता है। सेवा समिति का मन्दिर विकास में अहम योगदान है जब से माता रानी के भक्तो की यह टीम तैयार हुई है तब से मन्दिर विकास में काफी वृद्धि हुई है जैसे की मन्दिर का विशाल गुम्बद, माता रानी के प्रांगण में पेवर ब्लाक का लगना, भक्तों को बैठने के लिए कुर्सी, मन्दिर की अन्य मूर्तियों स्टील पाइप से सुरक्षित करना, माता रानी के प्रांगण की साफ सफाई, एवम सेवा समिति के विशेज पहल से उस समय जैतपुर क्षेत्र के लोकप्रिय एवम वर्तमान जयसिंह नगर विधायक मनीषा सिंह के द्वारा मन्दिर का मुख्य गेट प्रदान किया गाया है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी सेवा समिति के विशेष पहल से विधायक के द्वारा प्रदान की गई है। हर विशेष पर्व पर विशेस प्रसाद का वितरण सेवा समिति द्वारा कराया जाता है। फूल एवम पौधे का रोपण और बहुत सारे काम किए गए हैं। इस वर्ष शतचंडी महायज्ञ सभी के जन सहयोग से कराया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा दूकान लाइन से लगाकर मेला की सुंदरता बढ़ा रहे हैं। मां के भक्तो द्वारा भी भंडारा कर पुण्य का लाभ ले रहे हैं। एसडीएम जैतपुर अमृता गर्ग द्वारा मंदिर एवं मेले का जायजा लेते हुए जो कमी थी उसे दुरुस्त करने को ट्रस्ट को कहा गया कथा मुंडन रजिस्टर्ड पण्डित और नाई ही कार्य को सम्पन्न कर रहे हैं। मंदिर परिसर का विकास कार्य प्रगति पर है ईक्षुक दान दाताओं से सहयोग अपेक्षित है। इस बार के मेला में पूरा भाटिया कोल्हुवा और आस पास के गांव के आम नागरिक ने व्यवस्था को दुरुस्त करने में काफी बड़चढ़ कर अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। शक्तिपीठ भठिया मंदिर जाने के लिए शहडोल, बुढ़ार, अनूपपुर, कोतमा, व्योहारी रेलवे स्टेशन में उतरकर सड़क से बस, टैक्सी के माध्यम से माता रानी के दर्शन हेतु पहुंचने का प्रमुख साधन है। माता रानी की ख्याति भारत वर्ष में चारों तरफ फैली हुई है। मां के दर्शन हेतु शहडोल एवम अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली आदि जिले के कोने कोने से एवम मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, एवम अन्य प्रांतों से भी साल भर प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बनी रहती है। नवरात्रि के दूसरे दिन संभाग एवम छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश से हजारों भक्तों ने माता रानी को मत्था टेक कर माई की पूजा अर्चन कर अपना अपना अर्जी मिन्नत किए। पूरा भठिया प्रांगण जय माता दी की जयकारों से गूंज उठा। साथ ही माता रानी से जो भी भक्त सच्चे मन से जो भी मांगते हैं मां अपने भक्तो की हर मुराद पूरी करती हैं।



# धेनु सेवा संस्थान ने वार्ड 17 में किया स्वच्छता श्रमदान

### दस एकड मैदान को किया पालिथीन मुक्त

### आज करेंगे बाणगंगा मैदान में स्वच्छता श्रमदान



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** धेनु सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने सोमवार नवरात्रि की द्वितीया की प्रात: पुलिस महानिरीक्षक बंगले के बाहर स्वच्छता श्रमदान करके पूरे पुलिस ग्राउण्ड और उससे लगे क्षेत्र को पालिथीन मुक्त कर दिया। यह पालिथीन गायों के लिये अत्यंत घातक है, पालिथीन खाने के कारण बहुत सी गायों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसे देखते हुए शहडोल नगर मे धेनु सेवा संस्थान ने स्वच्छता हेतु समयबद्ध कार्यक्रम शुरु किया है।

**जीवों की रक्षा के लिये कर रहे नि:स्वार्थ सेवा**-विंध्य और महाकौशल क्षेत्र में घायल गाय, बैल सहित अन्य जीव जन्तुओं की स्वार्थ और नि:शुल्क सेवा के लिये विख्यात धेनु सेवा संस्थान, कार्यकर्ताओं ने सोमवार की सुबह पुलिस महानिरीक्षक बंगला के सामने वार्ड क्रमांक 17 स्थित पुलिस लाईन से लगे लगभग दस एकड मैदान में स्वच्छता श्रमदान किया। यह मैदान घरेलू और व्यावसायिक उपयोग की हुई पालिथीन का डंपिंग यार्ड सी बन गयी थी। लोग यहाँ घरेलू कचरा, खराब भोजन, सब्जी फल के छिलके आदि फेंक जाते हैं, जो पन्नी में बंधी होती है। खाने-पीने की वस्तुएँ इनमे होने से गाय, बैल सहित अन्य पालतू पशु इन्हे खा कर बीमार पड़ जाते हैं। पालिथीन खा लेने से बहुत बार गाय, बैल का पेट फूल जाता है। इन्हे समय पर समुचित इलाज ना मिलने से इनकी जान तक चली जाती है।

**इन्होंने किया श्रमदान**-धेनु सेवा संस्थान के आनंद मिश्रा, संतोष शुक्ला, विनय बिन्नू पाण्डेय, अरिमर्दन दादू महाराज, डा प्रिया मैथ्य, राकेश यादव, अभिनव यादव, सरिता जेठवा, अभिषेक दुबे, रामेश्वर चौहथा, अमन द्विवेदी, वसूराज शुक्ला शौर्य द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने लगभग तीन घंटे मेहनत करके यहाँ बिखरे कचरा, पालिथीन जैसे हानिकारक वस्तुओं को एकत्रित करके समूचे ग्राउण्ड को पालिथीन कचरा मुक्त किया।

**मंगलवार को बाणगंगा मे अभियान**-धेनु सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार 1 अप्रैल को बागगंगा मैदान में इसी तरह का स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बाणगंगा मैदान को पन्नी मुक्त किया जाएगा।

**धेनु सेवा संस्थान ने की अपील** -गाय, बैल सहित अन्य जीवों की रक्षा के लिये धेनु सेवा संस्थान ने लोगों से अपील की है कि घरों, होटलों से निकलने वाले खाद्य पदार्थो को बाहर फेंकने के पहले पन्नी से अलग खुले में डाल दें ताकि जानवर पन्नी का सेवन ना कर सकें। ऐसी पन्नी खाने से गाय, बैल या अन्य जीवों के प्राण संकट में पड़ सकते है। प्लास्टिक और पन्नी जमीन में दब कर या नालियों में फंस कर जल जमाव का कारण बनती हैं। इसलिए इन्हे नगरपालिका द्वारा तय किये स्थानों पर ही सुरक्षित तरीके से पहुंचाएं।

## शौर्य नामदेव ने घोषित परीक्षाफल में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित



बुढ़ार (स्वतंत्रमत)। शौर्य नामदेव ने कक्षा 4 के घोषित परीक्षाफल में 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल जबलपुर में अध्यनरत छात्र शौर्य नामदेव जो नगर के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अवधेश प्रताप नामदेव के पोता है और प्रकाश शिवानी नामदेव के पुत्र हैं, जिंने कक्षा चतुर्थ में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अव्वल रहे। होनहार छात्र पूर्व की कक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में भी सर्वाधिक अंक हासिल कर सफलता हासिल की। सेवानिवृत प्रानाध्यापक अवधेश प्रसाद नामदेव के पोता शौर्य नामदेव के घोषित परीक्षाफल में उल्लेखनीय सफलता मिलने पर स्नेहियों ने होनहार छात्र के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।



## राज्य स्तरीय सेपक टकरा खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन, शहडोल रहा विजेता

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के विचारपुर बालक क्रीड़ा परिसर में 29 मार्च से 30 मार्च तक चल रहे राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता का समापन विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के दौरान मध्य प्रदेश सेपक टकरा के महासचिव प्रतीक केशरवानी एवं सह सचिव आशीष मिश्रा ने बताया की मध्यप्रदेश के लगभग 25 जिले ने सहभागिता निभाई। सभी जिले से आये खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। जहाँ विजेता शहडोल जिला, उपविजेता जबलपुर जिला और तीसरा स्थान डिंडोरी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में अपने-अपने आयु वर्ग मे चयनित खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया व राज्य राष्ट्रीय निर्णायक को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे शामिल कराया जायेगा। विगत कई वर्षो से शहडोल जिले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे भी पदक विजेता रहे हैं। वही राज्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता मे पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा खेल छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

# अतिक्रमण की चपेट से कराह रहा ब्यौहारी

### जिम्मेदारों को नहीं है परवाह, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

ब्योहारी (स्वतंत्रमत)।

नगर परिषद अंतर्गत मेन रोड मे ब्यपारियों द्वारा फुटपाथ मे सड़क किनारे दुकान लगा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण की वजह से लोगों को फुटपाथ मे पैदल चलने मे काफी दिक्कते होती है। किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है पर इसकी परवाह यंहा जिम्मेदार अधिकारियो को नहीं है। समय-समय मे अतिक्रमण को लेकर कई बार समाज सेवियों द्वारा भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर परिषद सीएमओ को पत्र दिया गया इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कोई खास रूचि नहीं दिखाई जा रही है। दिखावे के लिए छुटपुट कार्यवाही कर अपना पड़ला झाड लिया जाता है। कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है जिस वजह से दुकानदारों पर कार्यवाही का भय नहीं है और वो अपनी आदतों से बाज नही आ रहे है। इतना ही नहीं रेल्वे तिराहा से लेकर टंकी तिराहा मेन रोड मे जितने भी शासकीय कार्यालय और अधिकारियों का निवास है वंहा भी फुटपाथ व्यापारियो द्वारा गोमती व झोपडी बना कर अवैध रुप से कब्जा कर लिया गया है। बाहर से आये लोगों को ऑफिस एवं अधिकारियो का निवास ढूढ़ने मे काफी दिक्कत होती है। गौरतलब है कि जब जिम्मेदार अधिकारी अपने ऑफिस और निवास को ही अतिक्रमण मुक्त नहीं करवा पा रहे है तो फिर उनसे क्या उम्मीद की जाय यह विचारणीय प्रश्न लोगों मे बना है।



चर्चा यह भी हो रही है कि अधिकारियो के निवास के सामने जो व्यापारी गोमती और झोपडी बना कर अतिक्रमण किये है वंहा असमाजिक तत्वों एवं अवैध करोबारियों का डेरा रहता जो वंहा से अधिकारियो का लोकेशन लेते रहते है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल उद्यान जो ब्योहारी का एक लौता बाल उद्यान है वंहा अतिक्रमण के चलते लोगों को जाना दुर्लभ हो गया है। नगर परिषद द्वारा सब्जी व्यापारियों के लिए जगह भी निर्धारित की है पर वो वंहा न लगा कर सड़क मे ही सब्जी की दुकान लगा रहे जिससे सड़क पर भीड़ भाड़ बना रहता है और कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है जिसे लेकर नगर के प्रबुद्ध लोगों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्योहारी से अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की जा रही है अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी समाचार को कितनी गंभीरता से लेते है और क्या कार्यवाही करते है।

# 15वें और 5वें वित्त आयोग की सहायता राशि के भुगतान में मनमानी

### - दिशा - निर्देशों को जिम्मेदार दिखा रहे ठेंगा

### - नियमों की अनदेखी, पारदर्शिता पर सवाल

### - जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको का मामला

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में इन दिनों 5 वां और 15 वें वित्त आयोग की सहायता राशि के भुगतान में भारी अनियमितताएं सामने आ रही है। अमरपुर जनपद के कई पंचायतों में सरपंच और सचिव शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से भुगतान कर रहे है। शासन द्वारा तय किए गए नियमों के तहत 15 वें वित्त आयोग की सहायता राशि का उपयोग गांव के विकास कार्यों, जैसे कि जल निकासी, सड़क निर्माण, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए होना चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वहीं 5 वां वित्त आयोग की राशि का भी सरपंच ,सचिव धुंधले और अपठनीय बिलों के जरिए राशि निकालकर शासन को गुमराह कर रहे है। इस गड़बड़ी से पंचायतों में पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे है।



**क्या है पूरा मामला**

दरअसल ताजा मामला जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको का आया है जहां सरपंच शिव प्रसाद यादव और सचिव छोटी बाई सैयाम के शासन के तय नियमों को नजर अंदाज कर अपने चहेते सप्लायर को 5 वां और 15 वें वित्त आयोग की राशि का मनमाना भुगतान किया गया है। बता दें कि 15 वें वित्त आयोग टाइड फंड की राशि का उपयोग केवल निर्धारित विकास कार्यों के लिए किया जाना अनिवार्य है, जबकि अनटाइड फंड की राशि का उपयोग पंचायत की आवश्यकताओं के अनुसार किया जा सकता है। लेकिन सरपंच, सचिव के द्वारा इन निधियों का भुगतान बिना किसी ठोस कार्य के बिना जियो टैग, अमान्य फोटो लगाकर किया गया है। यहीं नहीं 5 वां वित्त आयोग की राशि का भी फर्जी भुगतान, धुंधले और अपठनीय बिलों के जरिए राशि निकालकर शासन को गुमराह कर रहे है, इस गड़बड़ी से पंचायतों में पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे है। बता दें कि ग्राम पंचायत कोको सरपंच, और सचिव के द्वारा 15 वें वित्त की टाईट, अनटाईट फंड की राशि और 5 वां वित्त की राशि का गाईडलाइन के विपरीत, गलत तरीके से, किराना समान, चाय नाश्ता, हार्डवेयर सामग्री, अन्य व्यव, धुंधला बिल,फर्जी बिल, बिना प्रयोजन, बिना जीओ टैग के फर्जी और अमान्य फोटो लगाकर लाखों रुपए का भुगतान अपने चहेते सप्लायर को मटेरियल खरीदी के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से किया गया है। हैरानी की बात ये है कि अधिकारी भी फर्जी, अमान्य फोटो, बिलों की जांच करे बिना ही लाखों रुपए का बिल पास कर भुगतान कर दिया गया है।

उल्लेखनीय यह है कि नियमों के मुताबिक,पंचायत में बिना किसी ठोस कार्य के भुगतान नहीं कर सकता है, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा विकास कार्यों की फर्जी रिपोर्ट तैयार कर ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया में भी गड़बड़ियां की जा रही है,जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे है।

**सरपंच-सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की दरकार**

अनियमितताओं के बावजूद उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। विकास कार्यों में गड़बड़ी, सरकारी फंड के दुरुपयोग और पारदर्शिता की कमी को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों के द्वारा लापरवाही रखने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है या फिर कार्रवाई खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगा?



## कैंप स्पार्क 2.0 समापन समारोह में बच्चों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

शान्ति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल शहडोल में 17 मार्च से आयोजित कैंप स्पार्क 2.0 का समापन समारोह 30 मार्च को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर राजन शर्मा, मैनेजर मोनिका तिवारी, योगाचार्य शिवाकांत शुक्ल एवं समन्वयक शुभांगी श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कैंप के दौरान बच्चों को योग, खेलकूद, कला एवं शिल्प, कैलीग्राफी, नृत्य, स्केटिंग, फुटबॉल और आत्मरक्षा जैसी गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को निखारना था। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं सेवानिवृत्ति पर आचार्य अभिनंदन समारोह संपन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलाई में सत्रांत दिवस 29 मार्च दिन को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा समारोह पूर्वक की गई।

संस्था के ऊर्जावान व्यवस्थापक ब्रजकिशोर यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार वसुंधरा बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद पटेल, संस्था के प्राचार्य मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन कर समारोह का गणेश किया गया।



स्वागत वंदन अभिनंदन करते हुए संस्था के आत्म स्वरूप अभिभावक बंधु, मातृ शक्ति एवं विद्यालय के भैया बहन देव पुत्रों की भव्य एवं दिव्य उपस्थिति में कक्षा अरुण से लेकर गृह कक्षाएं एकादश तक तथा अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं नर्सरी से फर्स्ट क्लास तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा विभाग के प्रमुख बृजेंद्र कुमार पाठक के द्वारा उपाध्यक्ष की अनुमति से की गई। प्रत्येक कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का पर्व

### रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर ईद की विशेष नमाज अदा करने पहुंचे समाज के लोग

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में सोमवार को ईदु का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया इस मौके पर रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर ईद की विशेष नमाज अदा करने पहुंचे धर्म के सभी वर्ग के लोगों को धर्म गुरु ने अपने प्रवचन में पर्व के महत्व व भाईचारा के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान कर विधिवत नमाज संपन्न कराया। नमाजोपरांत इमाम ने ईद का खास खुत्बा पढकर सुनाया, फिर सभी नमाजियों ने अल्लाह से सामूहिक रूप से दुआं में हाथ उठाकर जगत के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद धर्मावलंबियों ने एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब हैं कि पर्व को लेकर कस्बा में समाज के लोग सुबह से ही उत्साहित थे। खासकर नन्हें मुन्नों के चेहरे पर अलग खुशी झलक रहीं थी। सेवईयों से कराया मुंह मीठा -ईद पर्व के पावन अवसर पर मुस्लिम परिवारों ने अपने परिचितों, दोस्त, शुभचिंतकों को दावत पर बुलाकर सेवइयां से मुंह मीठा कराकर मीठी ईद मनाया। इस दरमियान पकवान का लुत्फ उठाने पहुंचे मित्र मंडली ने आपस में गले मिलकर पर्व की बधाई दी। इस प्रकार दिन भर लोग ईद की मुबारकबाद देने एक दूसरे के घरों में जाते देखे गए। मेल मिलाप का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस खास मौके पर बच्चों, जवानों ने अपने बड़े बुजुर्गो से ईदी के रूप में नगद राशि प्राप्त कर जीवन में सफल रहने का आशीर्वाद लिया वहीं नटखट बच्चें अपने परिजनों से ईद की मनचाही मांग पर अड़े रहें। हालांकि थोड़े न नुकर के बाद बच्चें ईदी लेने तैयार हो गए। इस रुठने मनाने के दृश्य ने उतने समय तक कौतूहल बनाएं रखा। बहरहाल बच्चों ने अपनी जिद मनवा लीं। ईद पर्व पर कस्बा के जनप्रतिनिधि समाजसेवियों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।



# पुस्तक मेले में उमड़ रहा अभिभावकों का सैलाब

## रियायती दरों में मिल रही स्कूली सामग्री, बच्चे उठा रहे लुत्फ





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित किया जा रहा बारह दिवसीय पुस्तक मेले में सोमवार को सातवें दिन भी स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने भारी संख्या में खासे डिस्काउंट पर मिल रही कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और शैक्षणिक सामग्रियों की खरीददारी की। पुस्तक मेला के सातवें दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनकी शुरुआत विधायक अशोक रोहाणी तथा वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति कैलाश गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित की। पुस्तक मेला में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने परिवार के साथ पहुंचकर बच्चों के लिए यूनिफॉर्म और स्कूल बैग खरीदे और फूड जोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया । पुस्तक मेला में सोमवार को आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रोहाणी ने इसके आयोजन के लिये जिला प्रशासन की सराहना की तथा इसकी सफलता के लिये शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों और अभिभावकों को एक ही छत के नीचे अत्यंत कम दरों पर उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सामग्री पुस्तक मेला के आयोजन की सफलता को दर्शा रहा है।

**500 किताबें दी दान :**-इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक मेला में लगाए गए बुक बैंक स्टॉल में अपनी ओर से 500 किताबें दान दीं तथा किताब, यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री खरीदने आये सभी बच्चों और अभिभावकों से बुक बैंक में पिछले वर्ष की पुस्तकें दान करने का आग्रह भी किया। उद्योगपति कैलाश गुप्ता ने कहा कि रियायती दरों पर शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए मेले में बड़ी संख्या में पहुंच रहे बच्चों और अभिभावकों में दिखाई दे रही उत्सुकता उन्होंने कहीं ओर नहीं देखी। श्री गुप्ता ने कहा कि पुस्तक मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को जितनी बधाई दी जाए उतनी कम है। एक ही स्थान पर बच्चों और अभिभावकों को पुस्तकेंए कॉपियां एवं स्कूल बैग की खरीदी पर बचत हो और उन्हें मेले का आनंद भी प्राप्त हो इससे अच्छा क्या हो सकता है। पुस्तक मेला में शिक्षा विभाग द्वारा लगाया गया बुक बैंक का स्टॉल लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**किताबें दान करने आ रहे लोगः**-बड़ी संख्या में बच्चे इस स्टॉल पर पिछले वर्ष की किताबें दान करने आ रहे हैं। वहीं इस स्टॉल से एनसीईआरटी की पहली से पांचवी तक की पुस्तकों का पूर्व वर्ष का सेट 50 रुपए, कक्षा छठवीं से आठवीं तक का सेट 100 रूपएए कक्षा नौवीं एवं दसवीं का सेट 150 रुपए तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं की पूर्व वर्ष की पुस्तकों का सेट मात्रा 200 रूपए में प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व वर्ष की किताबों का सेट लेने वाले विद्यार्थियों से यह राशि भी दान स्वरूप ली जा रही है और इसे जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा किया जा रहा है।

पुस्तक मेले में सस्ती दरों पर शैक्षणिक सामग्री खरीदने आए ग्रीन सिटी निवासी आशुतोष दुबे ने बताया कि स्कूलों द्वारा निजी प्रकाशकों की पुस्तकें इस्तेमाल की जाती हैं। ये पुस्तकें कुछ ही दुकानों पर सीमित मात्रा में अत्यधिक कीमतों पर उपलब्ध होती हैं। जब ये पुस्तकें अभिभावकों को प्राप्त नहीं होती तो उन्हें परेशान होना पड़ता है और बच्चों की पढ़ाई में में भी नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी की किताबों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। आशुतोष ने पुस्तक मेले में एनसीईआरटी की किताबों को ऑनलाइन डाउनलोड कर बच्चों को प्रिंट उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्था की भी सराहना की।



# आंधी के साथ बुध-गुरु को बारिश के आसार

## चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने की संभावना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मौसम विशेषज्ञों ने अगले 2 दिनों में मौसम में भारी अंतर की आशंका जाहिर की है। मौसम विभाग की माने तो अगले 3 दिनों तक जबलपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा, गरज-चमक के साथ तेज बौछार और ओलावृष्टि की आशंका है। मौसम के परिवर्तन का असर पश्चिमी मप्र में ज्यादा तो पूर्वी मप्र में आंशिक रहेगा। स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के अनुसार 48 घंटों के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके पठारी क्षेत्र में विस्तृत ट्रफ के साथ संयोजित होने के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी। वैसे दो दिनों से सुबह और शाम को उत्तरी हवाओं के कारण ठंडक महसूस की जा रही है।

### इन स्थानों पर बारिश के आसार

नमी आने से एक अप्रैल की शाम से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा खररगौन, छिंदवाड़ा, पांढूर्णा, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, नीमच, दतिया भिंड, सिवनी, मण्डला, सागर जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछार और कहीं-कहीं ओला गिरने की भी आशंका है। दो और तीन अप्रैल को जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मण्डला सहित आसपास के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बौछार और एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ ओले भी पड़ सकते हैं।

# महाराणा सांगा पर टिप्पणी का विरोध

## पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पृथ्वीराज चौहान फाउन्डेशन ने राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नाम संभागायुक्त अभय वर्मा एवं जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रनायक महाराणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन की सदस्यता रद्द करने की माँग की है। फाउन्डेशन के संस्थापक डॉ. दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का महान बलिदान देने वाले अमरवीर महाराणा सांगा का नाम देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, पिछले दिनों संसद में समाजवादी पार्टी के सांसद रामलाल सुमन द्वारा राष्ट्रनायक महाराणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी की गई जिसके कारण पूरे देश में रोष व्याप्त है, रामलाल सुमन द्वारा राष्ट्रवीर महाराणा सांगा पर बाबर को बुलाने एवं उनके वंशजों को राज्यसभा के सभागार में देशद्रोही कहकर अपमानित करने का घृणित कृत्य किया गया है, जिसकी पृथ्वीराज चैद्यहान फाउन्डेशन जबलपुर घोर निंदा और राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन की सदस्यता रद्द करने की माँग करता है। इस दौरान अध्यक्ष कमला चौहान, सरला राजपूत, अनुराधा सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, एड. धीरज सिंह ठाकुर, एड,. अनुराग सिंह ठाकुर, रामसिंह दिखित, एड. अभिषेक सिंह चंदेल, पूनम सिंह, आरती सिंह, चिंटू राजपूत, अशोक सिंह जादौन, एड. नितिन करन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिवाईडर से टकराकर ऑटो पलटा, तीन घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गलगला से राशन लेकर ऑटो में जा रहे तीन मजदूर हादसे का शिकार हो गये, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दरअसल ऑटों चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को ओमती क्षेत्रातंर्गत घोड़ा अस्पताल के समीप डिवाईड से टकरा दिया, जिससे ऑटो पलट गया और उसमें सवार तीनों मजदूर घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि अधारताल आनंद नगर निवासी 25 वर्षीय आफाक खान कबाड़ का व्यापार करता है। बीते दिवस उसके यहां काम करने वाली सीताबाईए रामलाल पटेल व सुखियाबाई काम का पैसा मांगने पहुंचे। जिनसे आफाक ने ईद के बाद पैसे देने की बात कहींए जिस पर तीनों अनाज न होने का हवाला देने लगे। जिसके बाद आफाक उन्हें लेकर गलगला गया और राशन दिलाया। इसके बाद उन्हें ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर.6771 में बैठाकर रवाना किया। ऑटो चालक ने ओमती घोड़ा अस्पताल के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को डिवाईडर से टकरा दियाए जिससे ऑटो पलट गया। जिससे उसमें सवार सीता बाई यादवए सुखिया बाई एवं रामलाल पटैल को हाथ पैर में चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## आमजन की समस्याओं को निराकृत करें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदन महल के पास नागपाल गार्डन में स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से भेंट की। इस दौरान लोगों ने सड़क व नाली निर्माण, मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से गंभीर बीमारी के ईलाज के लिये सहायता, पात्रता पर्ची, साफ-सफाई, आयुष्मान कार्ड में सुधार तथा वृद्धावस्था और कल्याणी पेंशन दिलाने का आवेदन दिया। मंत्री श्री सिंह ने लोगों के पास जाकर आवेदन लिये साथ ही उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये कि वे आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करें।

# पुलिस के हत्थे चढ़ी बंटी-बबली की जोड़ी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नकली सोना देकर असली जेवर खरीदने वाले बंटी-बबली और उनके एक अन्य साथ ही को जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त कॉली स्कॉर्पियों क्रमांक यूपी 13 बीएच 0002 को भी जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। उनकी काली स्कार्पियो को जबलपुर पुलिस तलाश रही है। ठगबाज गैंग नकली सोने में असली सोने की परत लगाकर सराफा कारोबारियों को लंबे समय से चूना लगा रही है। हाल ही में ठगों ने सतना में 5 सराफा कारोबारियों को ठगने के बाद जबलपुर आई थी। जानकारी लगने के बाद जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को धर दबोचा। जानकारी अनुसार लगभग 4 दिन पहले बंटी-बबली ने सतना के आरती ज्वेलर्स के संचालक को चूना लगाने के बाद मां शारदा आर्नामेंट रीवा रोड तथा संस्कार आर्नामेंट राजेन्द्र नगर में ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि उनके द्वारा सभी दुकानों से चेन की ही ठगी की गई। इसके अलावा शहर के 2 और ज्वेलर्स शो रूम में भी इस गिरोह ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

**लार्डगंज में भी दिया था वारदात को अंजामः**-पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों द्वार लार्डगंज थाना अंतर्गत भी एक ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद लार्डगंज पुलिस को आरोपियों को सौंपा गया। इसके साथ ही सतना में वारदात को अंजाम देने की घटना पर सतना पुलिस भी शहर पहुंची। अधिकारियों की माने तो आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं।

### हथौड़े से युवक पर हमला, दुकान में तोड़फोड़

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थानाअंतर्गत चेरीताल में बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर हथौड़े से हमला कर दिया और दुकान में तोड़फेड़ कर भाग गए। पुलिस के मुताबिक आशीष प्रधान 37 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### कपूरा बाई का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कपूरा बाई चढ़ार पति यदुराज चढ़ार उम्र 82 वर्ष निवासी विजयनगर का निधन हो गया है वे सतीश चढ़ार की मां, सौरभ चढ़ार की दादी थी अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान घाट में सम्पन्न हुआ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# ग्रामीणों के सहयोग से की गई सफाई





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विकासखंड शहपुरा के ग्राम भमकी में भमक कुण्ड की स्थानीय जनों के सहयोग से सफाई का कार्य किया गया तथा अभियान में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में जिले में 30 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जलस्त्रोतों के सरंक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यो के साथ ही अभियान में जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने जन अभियान परिषद द्वारा चौपालए संवादए रैली एवं दीवार लेखन जैसी गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं।

**स्त्रोतों की सफाई और जल संवाद कियाः**-जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न प्रस्फुटन ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनोंए प्रस्फुटन समितियों, समुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के विविध आयामों पर कार्य किया जा रहा है। समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के पहले कल कुंडेश्वरधाम में परिषद के संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन के मुख्य आतिथ्य में जल संवाद के कार्यक्रम आयोजित किये गये। तिलवारा घाट में श्रमदान, परियट नदी में स्वच्छता कार्य व सुधार हेतु गतिविधियां आयोजित की गईं।

# मैहर दर्शन पर निकले युवक को चाकू मारकर लूटा

## मालगोदाम के पास वारदात, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मैहर दर्शन करने निकले दो दोस्तों को बदमाशों ने सिविल लाइन थाना अंतर्गत मालगोदाम के पास रोक लिया और चाकू मारकर नगदी, मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नगदी रूपए, चाकू, बाइक जब्त कर ली गई।

पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह चंद्रभान प्रताप सिंह 27 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मैहर दर्शन करने जाने के लिये अपने दोस्त रवि शंकर ठाकुर के साथ जबलपुर रेल्वे स्टेशन बीती रात लगभग 1 बजे से 2 बजे बीच आटो से पहुॅचा आटो जाने के बाद कुछ कदम आगे मालगोदाम के पास 24 इनटू 07 रेस्टोरेट के पास पहुंचे तभी 3 लडके बाइक से आये और चाकू अड़ाकर धमकाने लगे। दोनों के साथ मारपीट की। एक लड़के ने उस पर चाकू से हमला कर जेब से मोबाईल छीन लिया, जबकि अन्य दो लडकों ने उसके दोस्त रविशंकर ठाकुर के जेब से 900 रूपये छीन लिये और तीनों मोटर सायकिल में बैठकर भाग गये।

**सीसीटीव्ही से पकड़े गए आरोपीः**-पुलिस ने प्रकरण दर्ज सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये शीतला माई के पास दबिश देते हुये विकास यादव उर्फ विक्कू 19 वर्ष निवासी कजरवारा पुरानी बस्ती वेयर हाउस के पास थाना गोराबजार, आकाश उर्फ भूरा शर्मा 20 वर्ष सरकारी कुआ चौधरी मोहल्ला थाना हनुमानताल, चिराग राजपूत 24 वर्ष निवासी सरकारी कुआ थाना घमापुर को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से नगदी, मोबाइलए घटना में प्रयुक्त चाकू, बाइक, कपड़े जब्त किए गए। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा पर मंचन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि विधान से सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के प्रतीक ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भगवान सूर्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। नाटक में बताया कि सम्राट विक्रमादित्य पराक्रमी, न्यायप्रिय और विद्वान शासक थे। जिन्होंने ना केवल भारत बल्कि पड़ोसी देशों तक प्रतिष्ठा स्थापित की। विक्रमादित्य की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की थीं, जो केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिकए साहित्यिक और न्यायिक रूप से भी अद्वितीय थे। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, गेल निदेशक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, डॉ जीतेन्द्र जामदार, श्रीनिवास राव, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भी मौजूद थे।

# वतन की खुशहाली मांगकर मनाया मिठास का पर्व

## ईद-उल-फितर पर मस्जिदों में अदा हुई विशेष नमाज



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** एक माह के रोजे के बाद सोमवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा हर्षोल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया गया । सोमवार को सिहोरा और खितौला की मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। हाफिजों ने अपनी तकरीर में फरमाया कि देश में अमन-चैन और शांति बनी रहे यही दुआ हम अल्लाह से मांगते हैं। हिंदुस्तान में सभी धर्मों के लोग आपस में भाई-भाई हैं। हर इंसान अपने दिलोदिमाग से अकड़ को खत्म कर सभी को गले लगाकर दूरियां मिटाए और भाईचारा बढ़ाए। ईद के मुबारक मौके पर यही दुआ मांगते हैं।

**गले मिलकर दी बधाईः**-खुशी के त्यौहार के नाम से जाने, जाने वाली मीठी ईद में नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा की। मौलाना शाकिर मिस्बाही सिहोरा ईदगाह सिहोरा, हाफिज रिजवान साहब हुसैनिया मस्जिद सिहोरा, हाफिज तौसीफ रजा नूरी मस्जिद सिहोरा हाफिज वजीहुद्दीन जामा मस्जिद सिहोरा में ईद की नमाज अदा कराई। नमाज अदा कर लौटे मुस्लिम भाइयों को सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। अलीमुद्दीन भाईजान, सादिक मंसूरी, शेख शहीद, नसीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।



### अमन, चैन की दुआओं के लिए उठे हाथ

इस्लामी अनुयायियों द्वारा पूरी दुनिया में मनाए जाने वाले ईद उल फितर का त्योहार पवित्र माह रमजान की समाप्ति के बाद आज अपने पारंपरिक अंदाज में बरगी नगर सहित आसपास के सभी ग्रामीण अंचलों में पूरे जोशो खरोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बरगी नगर स्थित मदीना जामा मस्जिद ईदगाह परिसर में ईद उल फितर की नमाज सुबह 10:30 बजे उत्तर प्रदेश के मेहमान हाफिज व कारी गुलाम दस्तगीर द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाजोंप्रांत सभी इस्लामी अनुयायियों द्वारा अहले वतन की सलामती और तरक्की अमन चैन के लिए हाथ उठाकर दुआएं मांगी गई तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर इमाम हाफ्जि अलीमुद्दीन मस्जिद, कमेटी के सदर पप्पू भाईजान तथा सचिव परवेज खान, अब्दुल रब कुरैशी, शेख मकसूद, शेख नूरुद्दीन, जमील टेलर्स, मेहंदी हसन, शेख मेहमूद, गुलाम नबी, अतीक खान, अनवर खान, हक कुरैशी, करीम, कमेटी के सभी युवा साथियों की विशेष मौजूदगी रही सभी ने नगर वासियों को ईद की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# 90 दिवसीय जल गंगा जल संवर्धन अभियान का मंत्री ने किया शुभारंभ, कहा- सभी की सहभागिता से जल संकट होगा दूर

मण्डला(स्वतंत्रमत)

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से 90 दिवसीय जल गंगा जल संवर्धन अभियान प्रारंभ हुआ है। इस अभियान की शुरुआत पर 30 मार्च को विविध आयोजन हुए। जिला मुख्यालय में माँ नर्मदा तट माहिष्मति घाट पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि गिरता हुआ भूजल स्तर अत्यंत चिंता का विषय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इसीलिए 90 दिवसीय इस अभियान की शुरुआत की है। अभियान की सफलता केवल शासन का उत्तरदायित्व नहीं है हम सभी को मिलकर इस अभियान को जन अभियान बनाना है। अगले तीन महीने हमें घर का पानी घर में, खेत का पानी खेत में की भावना को चरितार्थ करना है। जिससे धरा का भू-जल स्तर बढ़े। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। आने वाले समय में जल संकट एक बड़ी समस्या होने वाली है। इसके लिए दूरदर्शी सोच के साथ प्रदेश की सरकार ने 90 दिन का यह अभियान प्रारंभ किया है। पिछले वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया था। इस अवधि में हमें जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराना है, सरोवरों, पोखरों, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए प्रयास करना है। हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनना होगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।





***निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन*** - प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सोमवार को ग्राम जामगांव विकासखंड नैनपुर में 2 करोड़ 77 लाख की लागत से पानी टंकी निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सालिनी साहू, समाजसेवी श्रीमती श्रद्धा उइके, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। सरकार की अधिकांश योजनाएं महिलाओं, किसान, वृद्ध, युवा, मजदूरों के कल्याण के लिए संचालित की जा रही है, जिसका लाभ प्रदेशवासियों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम जामगाँव में सीएम राईज स्कूल की सौगात दी गई है।

***मंत्री ने किया प्रतिमा का अनावरण***- प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को ग्राम पंचायत जामगांव विकासखंड नैनपुर में स्थित गोंड़वाना साम्राज्य के महाराजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सालिनी साहू, समाजसेवी श्रीमती श्रृद्धा उइके, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

***मंत्री ने किया स्थल का निरीक्षण***- प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम में 1100 वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धा उइके, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रोहित बड़कुल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जेपी पटले सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है।

## 6 साल के जैद ने रखा रोजा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान में मुस्लिम समाज के लोग पूरे 1 माह तक उपवास रखते हैं जिसे रोजा कहा जाता है। इस दौरान सूर्योदय के पूर्व से लेकर सूर्यास्त तक रोजेदार कुछ भी खाते पीते नहीं है। रोजे रखने को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखा जाता हैं। ऐसे ही एक उत्साही बालक जैद ने रमजान माह के 28वे रोजे के दिन शनिवार को अपना पहला रोजा रखा। कलेक्ट्रेट हाउसिंग सोसायटी निवासी सैयद कमर अली के पोते और सैयद इम्तियाज अली के बेटे सैयद जैद अली ने 6 साल की उम्र में अपना पहला रोजा रखा।

## वैश्य दिवस पर वाहन रैली

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वैश्य महासम्मेलन मंडला जिला इकाई द्वारा वैश्य महा सम्मेलन के सदस्यों द्वारा 30 मार्च चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन वैश्य दिवस मनाया गया। स्थानीय गायत्री मंदिर से वाहन रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए पड़ाव में समापन की गई। आयोजन प्रभारी इंद्रेश बब्बल खरया के नेतृत्व में आयोजन हुआ जिसमें वैश्य महासम्मेलन के सभी जिला इकाई के सदस्य उपस्थित रहे मातृशक्तियों ने की सहभागिता की। यहां भगवा ध्वज लेकर मंडला नगर भ्रमण कर हिंदू नववर्ष गुडी पड़वा की बधाई दी गई।

## विक्रमोत्सव का हुआ आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नव संवत्सर पर विक्रमोत्सव का आयोजन आरडी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। कोटि सूर्योपासना के इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि विक्रम संवत हम भारतीयों का अपना कैलेंडर है। हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहना होगा।

## प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** एनएमओपीएस और ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की बैनर तले आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी ने बताया कि एनओपीएस के राष्ट्रीय अभियान पर 1 अप्रैल को काला दिवस मनाया जा रहा है इस अवसर पर एन पी एस कर्मचारी अधिकारी काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे और शाम 5 बजे ज्ञापन सौंपेंगे।

## प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

मण्डला(स्वतंत्रमत)। कलेक्टर ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में वित्त विभाग के अग्रणी जिला प्रबंधक सुजय कुमार को 96.24 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## डुएट स्पेशल संगीत संध्या का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार संगीतमय संध्या का आयोजन मंडला संगीत सरिता ग्रुप द्वारा झंकार भवन में किया गया। इस विशेष संगीतमय प्रस्तुति का नाम हम साथ-साथ हैं डुएट स्पेशल संगीत संध्या रखा गया जिसमें 40 से अधिक युगल गीतों डुएट की मोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवीण रंजन चौधरी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे जिन्होंने विभिन्न गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय बॉलीवुड, क्लासिकल और रोमांटिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। गायकों की सुरीली आवाज और मधुर धुनों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी गायकों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं ताकि उनके सुरों की इस संगीतमय यात्रा को सम्मानित किया सके।

# 5 अप्रैल से बरगी बांध की वादियों में होगा झील महोत्सव

मण्डला(स्वतंत्रमत)



मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर होने जा रहे झील महोत्सव की तैयारी पूर्णता की ओर है। 5 अप्रैल से आरंभ हो रहे झील महोत्सव में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियाँ देखने मिलेंगी वहीं शाम को सुरों की सरिता बहेगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) का यह आयोजन 20 अप्रैल तक चलेगा। बरगी बांध की अथाह जलराशि में जहां मोटर बोट और अन्य राइड का पर्यटक आनंद उठाएंगे वहीं पानी के बाहर ग्राउंड एक्टिविटीज के अंतर्गत पैरामोटरिंग का रोमांच भी होगा। मोटर बोट दौड़ाने वाले विशेषज्ञों का दल आयोजन स्थल पहुंच गया है। साहसिक खेल सतपुड़ा स्पोर्टस क्लब के ट्रेनर कराएंगे। पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाने की तैयारी पूर्णता की ओर है पर्यटकों के लिए स्विस टेंट में रुकने की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर लगने वाले डोम के अंदर फूड जोन के साथ विभिन्न उत्पादों के स्टॉल यहां पहुंचने वाले जनसैलाब के लिए मनोरंजन में बढोतरी करेंगे। समाधि रोड से आगे बरबटी से एकलव्य हॉस्टल के आगे नर्मदा के इस सुगम्य तट तक पहुंचा जा सकता है। जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि महोत्सव में वाटर स्पोर्टस की वह सभी राइड देखने मिलेंगी जो समुद्र तटीय महानगरों में देखने मिलती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में होने वाले साहसिक खेलों का आनंद अब जबलपुर में उठाया जा सकता है। एमपीटीबी के पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि यह वाटर कार्नीवाल जबलपुर को पर्यटन के नक्शे में और चमकाएगा। नृत्य नाटिका के माध्यम से माँ नर्मदा की स्तुति के साथ सांस्कतिक कार्यक्रम आरंभ होंगे। महोत्सव में शिवनारायण का समूह चकरी घूमर चरी, कालबेलिया जैसे राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति देगा मंच पर नगर के कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। इस आयोजन में पर्यटक नाइट वाटर सफारी का आनंद क्रूज पर उठा सकेंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए अमेरिकन स्विस टेंट भी लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण भारत के सिने स्टार शिरकत करेंगे। महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए फिल्म निर्माता और बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। महोत्सव का डिजाइन और एग्जिक्यूशन वह कर रहे हैं। भारत भूषण ने बताया कि इस महोत्सव की कार्ययोजना ही इस प्रकार बनाई गई है कि इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग आएं। झील महोत्सव मंडला जिले की सीमा के अंतिम गांव देवरी बकई के नर्मदा व्यू रिजॉर्ट में आयोजित हो रहा है। झील महोत्सव के दौरान बरगी बांध पर दो क्रूज चलाई जाएंगी जो पर्यटकों को एक घंटे बांध में नौकाविहार कराएंगी। इस दौरान नगर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। क्रूज पर भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी जलविहार के क्रम में एक हाउस बोट पर बरगी बांध में उतारा जाएगा जो पर्यटकों को अलग अनुभव कराएगा।

# वॉटरशेड महोत्सव पर यात्रा निकालकर दी जानकारी

मण्डला/घुघरी

परियोजना क्रमांक 3 के वाटरशेड ग्राम भैंसवाही में वाटरशेड महोत्सव अभियान 2025 के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा निकाली गई इस आयोजन में कृषक सुविधा केंद्र केंद्र, शासकीय तालाब चौबा का लोकार्पण किया गया एवं कुसमी में खेत तालाब एवं सुरेहली में शासकीय तालाब का मंच के माध्यम से भूमिपूजन किया गया विगत वर्षों में हुए कंटूर ट्रेंच, गेबियन, खेत तालाब, अमृत सरोवर का निर्माण से जो लाभ हुआ है उसकी जानकारी दी गई कृषकों को इस योजना के माध्यम से ड्रिप, पाइप, स्प्रिंकलर, मछली पालन इत्यादि से लाभान्वित किया गया है भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना पीएमकेएसवाय 2.0) के तहत परियोजना क्रमांक 3 जनपद पंचायत घुघरी में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर भैंसवाही में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर समस्त जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकाल कर की गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में सभी ग्रामवासियो को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए मंच संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया अंत में वृक्षारोपण कर वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओ को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जिला सदस्य श्रीमति गीता मरावी, जिला सदस्य सुश्री ललिता धुर्वे, नीरज मरकाम, कलीराम धुर्वे, भारत नंदा, श्रीमति शेवकलि मरावी, राजकुमार चौकसे, अरविंद कुशराम, संजय साहू, इंदर नंदा, नरेश उईके, बलम सिंह तेकाम, कमलेश धुर्वे, अमर लाल मरकाम, भोला मरावी, सदन धुर्वे, उमेश सिंगरौरे, विजय झारिया, सुश्री रामेश्वरी धुर्वे, डीपी अहिरवार, अमित पटैल, भैरव प्रसाद नगपुरे, हरिशंकर मेहतो, अमल सिंघई, ब्रजेश मिश्रा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज से नैनपुर छिंदवाड़ा नागपुर रुट पर दौड़ेंगी रेलगाड़ियां

## सात महीनों के इंतजार के बाद आज से मिल रही है राहत

## अंचल के लिए वरदान है रीवा इतवारी और शहडोल नागपुर ट्रेन




**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** आज से नैनपुर छिड़वाड़ा नागपुर रेल ट्रैक पर यत्रीगाडिया दौड़ने लगेगी। पिछले सात माह से नागपुर के पास पुल क्रमांक 94 में दरारें आ जाने के कारण नागपुर-छिंदवाड़ा रूट पर रेल यातायात बंद कर दिया गया था। तब से ही ट्रेक पर रेल यातायात जल्द शुरू होने की बाट मचल के रहवासी जोह रहे थे। सात माह के इंतजार के बाद यात्रियों को आज से राहत मिल रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस रूट पर आज 1 अप्रैल से यात्री ट्रेनों का संचालन पुन: प्रारंभ करने का फैसला लिया है। इससे पहले विगत शनिवार से इस रूट पर लाईट इंजन और मालगाड़ी की आवाजाही शुरू कर परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। जाहिर है कि नागपुर रुट पर भंडारकुंड भिमालगोंदी के बीच ब्रिज क्रमांक 94 में आई दरारों के कारण करीब सात माह पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस रूट पर रेल यातायात को बंद कर दिया था। यहां पर नए ब्रिज का निर्माण होने के बाद अब ट्रेनों का संचालन पुन: शुरु किया जा रहा है। इस रूट पर 1 अप्रैल से रीवा नैनपुर इतवारी और शहडोल नैनपुर नागपुर जैसी लंबी दूरी वाली एक्सप्रेस ट्रेनें एक बार पुन: इस रूट से दौड़ने लगेंगी। फिलहाल रेल प्रशासन ने भंडारकुंड से भिमालगोंदी के बीच ट्रेन को 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने का फैसला लिया है।

***अभी यह है स्थिति***- वर्तमान में इस रूट पर चलने वाली सभी यात्री गाड़ियों को रद्द कर दिया गया था। विगत सात माह से रीवा नैनपुर इतवारी एक्सप्रेस छिन्दवाड़ा होकर बंद रखी गई थी। जबकि शहडोल से नैनपुर होकर नागपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन छिंदवाड़ा से नागपुर तक व्हाया आमला के डायवर्ट रूट से चलाई जा रही थी। रीवा नैनपुर इतवारी ट्रेन के बंद होने से यात्रियों को नागपुर का सीधा सफर तय करने में काफी दिक्कतें आ रही थी। जबकि शहडोल नैनपुर नागपुर ट्रेन को छिन्दवाड़ा से परासिया आमला बैतूल होकर चलाया जा रहा था। जिसमें यात्रियों को न केवल समय अधिक लग रहा था बल्कि उन्हें रुपये भी ज्यादा खर्चने पड़ रहे थे।

***आज से मिलेगी राहत***- नागपुर रुट आज से शुरू हो जाने से नागपुर का सफर करने वाले रेल यात्रियों को अब बड़ी राहत मिल जाएगी। खासकर उन मरीजो को जो विंध्य महाकौशल और नैनपुर मंडला अंचल से अपना उपचार कराने नागपुर जाया करते है। जाहिर है कि ये दोनों ही यत्रीगाडिया इस अंचल के बीमार लाचार लोगो की तीमारदारी करने वाली ट्रेन मानी जा रही है। जो कम समय और कम खर्च में रीवा जबलपुर शहडोल मंडला नैनपुर सिवनी छिन्दवाड़ा के यात्रियों को आसानी से नागपुर पहुंचा देती है। इस अंचल के लिए ये दोनों यत्रीगाडिया वरदान मानी जा रही है।




## स्वच्छता की बात अपनों के साथ

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** 28 मार्च को शासन निर्देश के पालन में स्वच्छता की बात अपनो के साथ का नगर परिषद बम्हनी बंजर में आयोजित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मिनट टू मिनट कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के सभी पहलू का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं आज मेरी परिषद द्वारा स्वच्छता की राह आसान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमे निकाय के अधिकारी कर्मचारी और सफाई मित्र के सहयोग से आयोजन सफल रहा।

# जल के प्राकृतिक श्रोतों को संरक्षित करेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



जल के प्राकृतिक श्रोतो को संरक्षित करने और पृथ्वी में जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून के मध्य चलेगा। इसी तारतम्य में नैनपुर नगर पालिका क्षेत्र में अभियान की शुरुआत की गई। शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत को नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित चकोर घाट से शुरू किया गया है। चकोर नदी के तट पर दीप प्रज्वलन कर इसका आगाज किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण हेतु उपस्थित जनों को ज्पल को सहेजने और संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य नदियों तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण ,संरक्षण करने के संकल्प से जुड़ा हुआ है। उक्त कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी , पार्षद राजाराम शर्मा, नितिन ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, श्रीमती लक्ष्मी परते, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस गणमान्य नागरिक व मंडल अध्यक्ष राकेश रजक, गणेश काकोडिया, कुलदीप डोंगरे, प्रदीप मिश्रा, संजू सिसोदिया, ओम प्रकाश गेमनानी, सरदार सिंह राजपूत, सतीश तिवारी, उपयंत्री अभिलाष श्रीवास, राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल , राजकुमार साहू , राजकुमार पंजवानी, यदुनाथ ठाकुर, अभय शुक्ला, श्रीमती विद्या डेहरिया, श्रीमती मीनू तिवारी, श्रीमती सुष्मिता, श्रीमती कामिनी के अलावा अन्य उपस्थित रहे।

# भाईचारे के साथ मनाया ईदुल फितर का त्यौहार

## मुल्क में अमन चैन की माँगी दुआ

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



रमजान में मुस्लिम भाईयों ने पूरी पाबंदी के साथ रोजे रख नमाज के साथ यह महिना गुजारा। घर के बड़े बुजुर्गो को देख छोटे बच्चों ने भी रब की रजा के लिए पुरे आधे और किसी ने थोड़े रोजे रखे। स्थानीय शासन प्रशासन ने उपस्थित रहकर चाक-चौबंद व्यवस्था संभाल रखा।

***कम उम्र जाफिया फातिमा , जोया फातिमा एंव हसनेन मनशुरी ने रखा रोजा***- मुस्लिम सामाज के जाफिया फातिमा उम्र 14 वर्ष जावेद असलम , जोया फातिमा पिता जावेद असलम एंव हसनेन मनशुरी पिता इकबाल मनशुरी वार्ड क्रमांक 4 ने रोजा रख 5 टाइम की नवाज अदा किया। ईद के अवसर पर घर वालो ने बच्चों को नये कपड़े सहित कई तरह के तोहफे देकर उनका हौसला अफजाई किया और खुशियां मनाया। ज्ञात हो कि इस बार 2 मार्च से रमजान के रोजे प्रारंभ हुए थे। जिसमें युवाओं एवं बुजुर्गो ने रोजे रख नमाज़ अदा की। गर्मी सीजन के बाद भी भूख-प्यास की परवाह किये बगैर रोजे रखकर इस्लामिक फर्ज पूरा किया। तत्पश्चात सभी ने कब्रस्तान एवं मजारो में जाकर मरहूम के हक में फातेहा पढी। माहे रमज़ान रोजे और इबादत में गुजार मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत और भाईचारें का पर्व ईदुल फितर सभी भाइयों से गले मिलकर मनाया। सभी मुस्लिम भाईयों ने ईदगाह में अपने वतन के लिए अमन चेन और भाईचारा के लिए दुआ मांगी वहीं सियासी दलों के नेताओं एवं हिन्दू समाज के लोगो ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाईयों को गले लगाया और शुभकामनाएं बधाई प्रेषित किया।

संपादकीय

## बदलाव भरा मंगल

1 अप्रैल 2025 से नए टैक्स ईयर की शुरुआत होने जा रही है। हर महीने की तरह महीने के पहले दिन से देश में कई बड़े बदलाव भी लागू होंगे, जिनका असर हर घर हर जेब पर देखने को मिल सकता है। इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों, आपके बैंक खाते, डेबिट कार्ड से लेकर क्रेडिट कार्ड पर देखने को मिलेगा। यही नहीं हाइवे पर यात्रा करना भी महंगा हो सकता है, क्योंकि कई रूट पर टोल टैक्स में इजाफा होने वाला है।

बीते कुछ समय में जहां 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में घट-बढ़ देखने को मिली है, तो वहीं लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें यथावत बनी हुई हैं। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में राहत भरे बदलाव की उम्मीद है। सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में भी पहली तारीख से संशोधन देखने को मिल सकता है। वहीं कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल के भाव में भी 1 अप्रैल 2025 को बदलाव कर सकती हैं। सीएनजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जहां आपके वाहन पर होने वाले खर्च में इजाफा या राहत पहुंचाने वाले होंगे, तो एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी से हवाई यात्रा महंगी हो सकती है। इसके अलावा जिन मोबाइल नंबरों से जुड़े यूपीआई अकाउंट्स लंबे समय से एक्टिव नहीं हैं, बैंक रिकॉर्ड से हटाया जाएगा। अगर आपका फोन नंबर यूपीआई ऐप से जुड़ा है और आपने लंबे समय से इसका इस्तेमाल नहीं किया है तो इसकी सेवाएं बंद की जा सकती हैं। रुपे डेबिट सेलेक्ट कार्ड में कुछ बड़े अपडेट्स होने जा रहे हैं, इसमें फिटनेस, वैलनेस, यात्रा और मनोरंजन शामिल हैं। एक तिमाही में कॉम्प्लीमेंटरी डोमेस्टिक लाउंज विजिट और चुनिंदा लाउंज में एक साल के दौरान दो इंटरनेशनल लाउंज विजिट की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा दुर्घटना में मृत्यु या परमानेंट दिव्यांगता के लिए 10 लाख रुपये तक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर मिलेगा। वहीं हर तिमाही में एक फ्री जिम मेम्बरशिप की सुविधा मिलेगी। अप्रैल महीने की पहली तारीख से भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य कई बैंक ग्राहकों के सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस से जुड़े नियम संशोधित करने जा रहे हैं। बैंक द्वारा खाताधारक के मिनिमम बैलेंस के लिए सेक्टर वाइज आधार पर नई लिमिट तय होगी और न्यूनतम बैलेंस खाते में न होने की स्थिति में फाइन लगाया जा सकता है। नए टैक्स ईयर की शुरुआत के साथ पहली अप्रैल से केंद्रीय कर्मचारियों को गारंटीकृत पेंशन देने वाली यूनिफाइड पेंशन स्कीम की शुरुआत होने जा रही है। बजट 2025 में मिडिल क्लास को राहत देते सरकार ने कई बड़े ऐलान किए गए थे, जिसमें टैक्स स्लैब में बदलाव से लेकर टीडीएस, टैक्स रिबेट और अन्य चीजें शामिल थीं। वहीं पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह पर नए इनकम टैक्स बिल का प्रस्ताव रखा था। यह सभी बदलाव 1 अप्रैल 2025 से प्रभाव में आने वाले हैं। नए टैक्स स्लैब के तहत सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को टैक्स का भुगतान करने से छूट दी जाएगी। वेतनभोगी कर्मचारी 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडक्शन के लिए पात्र होंगे। इसका मतलब है कि 12.75 लाख रुपये तक की वेतन आय अब टैक्स से मुक्त हो सकती है। हालांकि, यह छूट केवल उन लोगों पर लागू होती है जो नया टैक्स विकल्प चुनते हैं।

# राहत में नहाते सांसद

सरकार ने जहां सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि की, वहीं सांसदों के भत्तों और वेतन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी। यह विरोधाभास कर्मचारियों और जनता में नाराजगी पैदा कर रहा है। कर्मचारियों के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा समान। सांसदों को पहले से ही कई सुविधाएँ मिलती हैं, फिर भी वेतन में बड़ी बढ़ोतरी। सरकार जब आम जनता की राहत की बात आती है, तो बजट की कमी बताती है, लेकिन सांसदों के लिए खजाना खुला रहता है।

देश में महंगाई की मार लगातार बढ़ रही है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, पेट्रोल-डीजल की कीमतें जेब हल्की कर रही हैं और आम आदमी सोच रहा है कि अगली सैलरी आएगी तो कौन-कौन से खर्चे टालने पड़ेंगे? लेकिन इस बीच सरकार ने दो अलग-अलग वर्गों के लिए दो अलग-अलग राहत पैकेज जारी कर दिए- सरकारी कर्मचारियों के लिए महज 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया। सांसदों के भत्तों और वेतन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई।

यानी एक वर्ग को ऊंट के मुंह में जीरा, तो दूसरे को भरपूर दावत! यह विरोधाभास कर्मचारियों और जनता के बीच गहरी नाराजगी पैदा कर रहा है। सवाल यह उठता है कि महंगाई सिर्फ सांसदों के लिए ही क्यों बढ़ी दिखती है? यह फैसला साफ तौर पर सत्ता पक्ष के हितों को साधने के लिए लिया गया है, जबकि आम जनता और कर्मचारियों को उनके हक से वंचित रखा गया है। मीडिया में भी यह मुद्दा सुर्खियों में है। प्रमुख समाचार चैनलों और अखबारों में 2 प्रतिशत बनाम 24 प्रतिशत का भेदभाव जैसे शीर्षक देखने को मिल रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सरकार की जनविरोधी नीति करार दे रहे हैं। महंगाई भत्ते का मकसद कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से राहत देना होता है। लेकिन जब खुदरा महंगाई दर 6-7 प्रतिशत के पार जा चुकी है, तब महज 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि से कर्मचारियों को क्या राहत मिलेगी? यह ठीक वैसा ही है जैसे किसी भूखे इंसान को एक बिस्किट देकर कह दिया जाए- यही बहुत है! सरकारी कर्मचारियों के संघों और यूनियनों का गुस्सा जायज़ है। वे लंबे समय से उचित वेतन वृद्धि और महंगाई भत्ते में वाजिब बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने इसे टालने योग्य खर्च मानकर नाममात्र की वृद्धि कर दी। अब कर्मचारी संगठनों के सामने कुछ बड़े सवाल खड़े हो गए हैं- क्या महंगाई सिर्फ सांसदों के लिए बढ़ी है? जब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाना हो, तो खजाना खाली क्यों दिखता है? क्या आम कर्मचारियों का योगदान सरकार के लिए कम हो गया है? अब जरा सांसदों की स्थिति पर नज़र डालें। सांसदों को पहले से ही कई भत्ते और सुविधाएँ मिलती हैं-फ्री हवाई और रेल यात्रा, सरकारी बंगले और दफ्तर, स्टाफ सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था, अलग से चिकित्सा और पेंशन लाभ, इतनी सुविधाओं के बावजूद, उन्हें वेतन और भत्तों में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी दी गई। यह एकतरफा फैसला जनता और कर्मचारियों के साथ अन्याय की ओर इशारा करता है। सवाल उठता है कि जब देश की अर्थव्यवस्था सुधारने की बात हो रही है, तब सांसदों के वेतन में इतनी बड़ी वृद्धि का औचित्य क्या है? सरकारी कर्मचारियों और आम जनता के बीच इस फैसले को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। सोशल मीडिया पर सरकार को घेरने वाले मीम्स और पोस्ट्स की बाढ़ आ गई। ट्विटर और फेसबुक पर लोग कह रहे हैं- महंगाई सबके लिए बढ़ी है, लेकिन सरकार की नजर में सिर्फ सांसदों को ही राहत चाहिए! एक कर्मचारी बोला- चलो, अब महंगाई को भी वीआईपी और आम आदमी में बांट दिया गया! एक और ट्वीट- अगर सांसदों को 24 प्रतिशत बढ़ोतरी मिल सकती है, तो कर्मचारियों के लिए भी वही फॉर्मूला लागू हो! यह सिर्फ वेतन वृद्धि का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाने का समय है। जब भी आम जनता को राहत देने की बात आती है, तब सरकारी खजाना खाली बताया जाता है, लेकिन जब खुद सांसदों की सुविधा बढ़ाने की बात हो, तो बजट की कोई चिंता नहीं होती!

**क्या अन्य देशों में भी ऐसा होता है**- अगर अन्य देशों की बात करें, तो विकसित लोकतंत्रों में सांसदों के वेतन वृद्धि पर सख्त नियम होते हैं और यह आमतौर पर महंगाई दर के अनुरूप ही बढ़ाया जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों में सांसदों के वेतन को वेतन आयोग और स्वतंत्र आर्थिक संस्थाओं द्वारा तय किया जाता है, न कि सरकार द्वारा सीधे। भारत में सांसद अपने वेतन और भत्ते खुद निर्धारित करने की शक्ति रखते हैं, जिससे यह असंतुलन पैदा होता है। यही कारण है कि यह मुद्दा बार-बार जनता के आक्रोश का कारण बनता है।

**अब आगे क्या**- सरकारी कर्मचारी यूनियन इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। वेतन आयोग और नीति-निर्माताओं पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि महंगाई भत्ता वृद्धि को महंगाई दर के अनुरूप किया जाए। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार इस असमानता को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी या फिर यह मुद्दा कुछ दिनों में दब जाएगा? इस फैसले ने साफ कर दिया है कि जनता की मेहनत की कमाई पर सबसे पहला हक नेताओं का ही बनता है। कर्मचारियों और जनता के साथ ऐसा दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है? आपको क्या लगता है-क्या यह फैसला जायज़ है, या कर्मचारियों के साथ मजाक? सरकार की प्रतिक्रिया पर भी नजरें टिकी हैं। राजनीतिक दृष्टिकोण से, यह मुद्दा जनता के असंतोष को बढ़ा सकता है, जिससे विपक्ष को सरकार पर हमला करने का अवसर मिलेगा। अगर सरकार इस फैसले को सही ठहराने की कोशिश करती है, तो यह कर्मचारियों और मध्यम वर्ग के बीच और ज्यादा नाराजगी पैदा कर सकता है।

**प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,**
**कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, हरियाणा**



## क्यों कांप रही हमारी धरती

म्यांमार के पास 28 मार्च 2025 को 7.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। ये भूकंप सैगिंग फॉल्ट क्षेत्र में आया। इसके चलते म्यांमार और थाईलैंड दोनों को भारी नुकसान हुआ। अब जानते हैं कि ये सैगिंग फॉल्ट क्या है? कहानी शुरू होती है हिमालय के निर्माण से। लगभग 7 करोड़ साल पहले इंडियन प्लेट उत्तर की ओर यूरेशियन प्लेट की ओर खिसकती गई। लगभग 1 करोड़ साल पहले यह दोनों प्लेट टकरा गईं। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जमीन ऊपर की ओर उभरती चली गई। इस टकराव के कारण ऊपर उठी जमीन से ही विशाल हिमालय पर्वत श्रृंखला का जन्म हुआ। भूवैज्ञानिक इसे जटिल भूगर्भीय गतिविधि कहते हैं। जो अभी भी जारी है। वैज्ञानिकों के अनुसार इतनी बड़ी भूगर्भीय घटना के बावजूद आज भी इस क्षेत्र में इंडियन और यूरेशियन प्लेट सक्रिय हैं। इन प्लेटों के आसपास के क्षेत्रों में इसीलिए भूकंप आता रहता है। अब आते हैं सगाइंग फॉल्ट पर, ये वो जगह है जो इंडियन प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच की सीमा के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र में इंडियन प्लेट हर साल 18 मिलीमीटर की दर से यूरेशियन प्लेट में पर दबाव बना रही है। यही दबाव फॉल्ट लाइन के साथ जमा होता है और अचानक भूकंप का रूप ले लेता है। इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट में घुसने से हिमालय की ऊंचाई भी बढ़ रही है। वैज्ञानिक बताते हैं कि लगभग सौ सालों में सैगिंग फॉल्ट में कई बड़े भूकंप आ चुके हैं। ये सभी भूकंप 7.0 से लेकर 7.6 तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। इस बार म्यांमार का भूकंप 7.7 तीव्रता का दर्ज किया गया है।

भूवैज्ञानिक इसे जटिल भूगर्भीय गतिविधि कहते हैं। जो अभी भी जारी है। वैज्ञानिकों के अनुसार इतनी बड़ी भूगर्भीय घटना के बावजूद आज भी इस क्षेत्र में इंडियन और यूरेशियन प्लेट सक्रिय हैं। इन प्लेटों के आसपास के क्षेत्रों में इसीलिए भूकंप आता रहता है।

### कितना खतरनाक होता है भूकंप

भूकंप की तीव्रता को रिक्टर स्केल से मापा जाता है। तीव्रता में एक-एक अंक की बढ़ोत्तरी भूकंप की ताकत को कई गुना बढ़ा देती है। 7.7 तीव्रता का भूकंप इसीलिए इतना खतरनाक होता है कि इससे इमारतें, सड़क, पुलि सब कुछ बर्बातद करने की क्षमता रहती है। यहां तक धरती में बड़ी दरारें भी इसकी वजह से बन जाती हैं। भारत भी भूकंप के जोखिम वाले क्षेत्र में आता है। यहां अलग-अलग क्षेत्रों को तीव्रता के आधार बांटा गया है। भारत को कुल चार भूकंपीय जोन में बांटा गया है। इसमें जोन 2, जोन 3, जोन 4 और जोन 5 हैं। भारत में जोन पांच सबसे अधिक भूकंप गतिविधि वाला इलाका हैं। इसमें गुजरात में कच्छ का रण, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड का कुछ हिस्सा व अंडमान निकोबार द्वीप समूह आते हैं। जबकि जोन चार में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड को जोन पांच से बचा हुआ हिस्सा आता है। इसके दिल्ली, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाला, महाराष्ट्र, राजस्थान का कुछ हिस्सा आता है।

### भारत में सबसे खतरनाक भूकंप

भारत में सबसे खतरनाक भूकंप 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में आया था। यहां 7.7 तीव्रता का भूकंप आने के कारण 13 हजार से अधिक लोगों की जान गई थी। उस दिन लोग गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में व्यस्त थे और तभी भारत में इतिहास का सबसे बड़ा भूकंप आ गया था। 13 हजार से अधिक मौतों के अलावा 1.67 लाख से अधिक लोग घायल हुए थे। चार लाख घर नष्ट हुए थे और 6.30 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए थे। इस भूकंप के कारण जान गंवाने वाले लोगों याद में भुज में एक स्मृति वन बनाया गया है। इस स्मारक में सभी लोगों के नाम भी दर्ज हैं।

### दुनिया के खतरनाक भूकंप

- 1960 में चिली में 9.5 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 16 हजार लोगों की मौत हुई थी, जबकि 20 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए थे। वालदीविया और पूर्तो मॉन्ट इलाके में आए भूकंप की वजह से आसपास के देशों में लोगों की मौत हुई थी।
- 28 मार्च 1964 को अलास्का में 9.2 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके बाद आई सुनामी से 131 लोगों की मौत हो गई थी।
- 26 दिसंबर को सुमात्रा के उत्तरी तट पर 9.1 तीव्रता का भूकंप आया था। यहां भी सुनामी के कारण 1.80 लाख से अधिक लोग मारे गए थे।
- 11 मार्च 2011 को जापान में 9.1 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप के आधे घंटे बाद आई सुनामी से जापान का तटीय इलाका तबाह हो गया था। एक न्यूक्लियर रिएक्टर भी इस दौरान नष्ट हुआ था। जिससे रेडिएशन भी फैल गया था। इस भूकंप और सुनामी में 18 हजार लोगों की मौत हो गई थी।
- 7 जनवरी 2015 को नेपाल में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसकी वजह से तिब्बत और भारत में भी झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप से नेपाल में भारी तबाही मची थी।

# गोरे रंग पे ना इतना गुमान कर, गोरा रंग दो दिन में...




इन दिनों केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने काले रंग को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है । उनका कहना है कि देश में गोरे रंग को काले रंग की बजाय ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है चूंकि वे मुख्य सचिव जैसी बड़ी पोस्ट पर हैं इसलिए उनकी बात पर कोई उंगली नहीं उठा सकता लेकिन अपन तो इसी के लिए बैठे हैं। ये बात सही है कि जब लड़का लड़की को देखने जाता है तो सबसे पहले उसका रंग देखता है यदि लड़की गोरी है तो लड़का हां कर देता है और यदि लड़की काली है तो कोई ना कोई बहाना बनाकर किनारे हो जाता है, लेकिन वो भूल जाता है की फिल्म रोटी में राजेश खन्ना ने साफ-साफ कह दिया था मुमताज से कि गोरे रंग पे ना इतना गुमान कर, गोरा रंग दो दिन में ढल जाएगा यानी गोरे रंग पर इतना घमंड मत कर लेकिन ऐसा क्यों है ये भी तो एक सवाल है, दरअसल भारत में गोरे अंग्रेजों ने कई वर्षों तक राज किया और भारतीयों को दबा के रखा तब से भारतीय गोरे रंग से कुछ ज्यादा ही इंप्रेस हो गए हैं लेकिन वे भूल गए कि चाहे वह भगवान विष्णु हो राम हो या फिर श्री कृष्ण सब कर सब गोरे नहीं बल्कि सांवले रंग के ही थे।इधर जब पानी नहीं बरसता सूखे की नौबत आ जाती है तब हर आदमी काले बादलों का इंतजार करता है कि कब काली बदली छाए और पानी बरसे, गोरे और आसमानी बादल सिर्फ देखने के ही रहते हैं उधर दूसरी तरफ जब ज्यादा बारिश आती है तो बारिश से बचने छाता भी काला ही काम आता है आज तक किसी ने सफेद छाता देखा है क्या? जिस शहद को खाकर तमाम रोग दूर हो जाते हैं उसकी निर्माता मधुमक्खी भी काली होती है और उसका छत्ता भी काला। अपनी महबूबा के चारों तरफ मंडराने वाले आशिकों के लिए भंवरे शब्द का उपयोग किया जाता है उसका रंग भी काला ही होता है। आजकल तो काली कार रखने का फैशन भी चल गया है हर आदमी चाहता है कि उसके पास काले रंग की कार हो ।जिस भगवान शनि से सारी दुनिया कांपती है वे भी पूरे के पूरे काले हैं। माना कि गोरा रंग जल्दी अट्रैक्ट कर लेता है लेकिन रंग तो काला ही काम देता है, देखो ना जिनके बाल गोरे यानि सफेद हो जाते हैं हजारों रुपए की डाई लगाकर अपने बाल काले करके वे अपने आप को जवान दिखाने का प्रयास करते हैं डाई बनाने वाली कंपनियां काला रंग घोलकर करोड़ों रुपए कमा रही हैं आज तक किसी ने सुना कि सफेद रंग की डाई बनी हो जो काले बालों को सफेद कर दे इसलिए भले ही शारदा मुरलीधरन ये कह रही हों कि देश में गोरे रंग को प्राथमिकता दी जाती है लेकिन वे भी भूल गई कि उनका रंग काला होने के बावजूद भी वे केरल की प्रशासनिक मुखिया हैं यानी काला रंग किसी से कम नहीं है अगर रंग के ही आधार पर पोस्टिंग होती तो वे कहीं किनारे लूप लाइन में पड़ी होती। शतरंज में भी देखिए जितने गोरे खाने होते हैं उतने ही काले भी, इसलिए काला रंग गोरे के मुकाबले कहीं कमजोर नहीं पड़ता वैसे तो यह भी कहा जाता है कि अगर नाक नक्श अच्छे हैं तो सांवली लड़की भी बेहद खूबसूरत दिखती है और अगर नाक नक्श अच्छे नहीं है तो फिर कितनी ही गोरी चमड़ी क्यों ना हो उस लड़की को कोई पसंद नहीं करता शायद यही कारण है कि फिल्म बंदिनी में नूतन यही गाना गाती है मोरा गोरा अंग ले ले, मोहे श्याम अंग दे दे यानी वो अपना गोरा रंग देने तैयार है और उसके बदले श्याम यानी सांवला रंग लेने तैयार है इससे ज्यादा बड़ी बात और क्या हो सकती है काले रंग को लेकर ।

**मंच को लेकर भगदड़**- पिछले दिनों कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के मंच पर जो भीड़ इकट्ठी हुई और उस चक्कर में वो मंच धराशाही हो गया। अनेक नेताओं को चोट भी लगी कुछ को अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा अब इस झंझट से निजात पाने के लिए कांग्रेस ने एक निर्णय लिया है कि कांग्रेस जहां कहीं भी सभा करेगी एकदम छोटे से छोटा मंच बनाएगी जिसमें सिर्फ कुछ नेता ही बैठ पाएंगे, अभी तक बड़ा मंच बनता था तो सारे छोटे नेता उस मंच पर चढ़ने के लिए बेताब हो जाते थे सबको लगता था कि एक बार मंच पर चढ़ गए तो बड़े नेताओं की निगाह में आ जाएंगे और उसका फायदा आगे पीछे कभी ना कभी मिल जाएगा, लेकिन जब मंच ही धराशाई हो गया तो फिर क्या होगा, ये सोचकर कांग्रेस ने अब तय कर लिया है कि छोटा मंच बनाया जाएगा ,लेकिन भैया कांग्रेस के नेताओं ये भी तो सोचो सत्ता की कुर्सी पर तो बैठ नहीं पा रहे हो लंबा अरसा हो गया है विरोध करते-करते, कम से कम मंच पर ही बैठने का मौका मिल जाए यही हर नेता के लिए बहुत बड़ी चीज होगी। अपना तो सुझाव ये है कि जो भी बड़ा नेता आए वह अपने साथ एक स्टूल ले आए और जितने भी नेता है वे भी अपने साथ एक-एक स्टूल ले आएं ,मंच बनाने की भी झंझट खत्म हो जाएगी और पैसा भी बच जाएगा ,वैसे भी पार्टी के पास पैसे का संकट तो है ही। स्टूल रहेगा तो इधर से उधर जाने में भी ज्यादा दिक्कत नहीं जाएगी और आजकल तो फोल्डिंग स्टूल भी आ गए हैं जिनको फोल्ड करके अपने अपने साथ कहीं भी ले जाया जा सकता है ना मंच बनेगा ना मंच धराशाही होगा ना कोई घायल होगा यानी सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी ,अब अपने सुझाव पर कांग्रेस कितना विचार करती है इसका इंतजार अपने को रहेगा वैसे जो सुझाव अपन ने दिया है वो है बहुत कारगर इसमें कोई दो मत नहीं है।

**आस्तीन के साथ**- एक रिसर्च में यह पता लगा है कि ये जो सांप होते हैं लाखों साल पहले इन सांपों के भी पैर हुआ करते थे यानी जैसे इंसान के पैर होते हैं वैसे ही इन सांपों के भी पैर होते थे लेकिन बाद में धीरे-धीरे ये पैर कहां गायब हो गए इसका पता ना तो वैज्ञानिकों को लगा और ना ही उन सांपों को ,फिर खोज हुई कि आखिर ये सांप बिना पैर के कैसे हो गए लेकिन कुछ खास पता लग नहीं पाया लेकिन अपन बताएं देते हैं कि उनके पैर क्यों गायब हो गए ,जब से सांप आस्तीन में घुसने लगे हैं तब से उनके पैर गायब हो गए क्योंकि यदि पैर हेंगे तो हो सकता है कि आस्तीन में पैर फंस जाए, आस्तीन में घुसने में पैर कभी-कभी आड़े भी आ सकते हैं इसलिए सांपों ने सोचा कि जब अपने को लोगों की आस्तीन में ही घुसना है तो फिर इन पैरों की जरूरत क्या है बेहतरीन रेंगते हुए जाओ और आस्तीन में घुस जाओ। आजकल तो आस्तीन के सांपों की कमी नहीं है इसलिए इन सांपों ने अपने पैरों को तिलांजलि खुद-ब-खुद दे दी थी और रेंगना शुरू कर दिया। पैर होते तो जोड़ों में दर्द भी हो सकता था कई बार घुटने भी बदलने की नौबत आ सकती थी इन सब झंझटों से इन सांपों ने एक ही बार मुक्ति पा ली और एक नई स्कीम ईजाद कर दी। अपना तो इन वैज्ञानिकों से यही निवेदन है कि फालतू में काहे के लिए इस बारे में खोजबीन कर रहे हो हमने तो आपको एक ही बार में सब कुछ बतला दिया।

# वो हर तरह से लेकिन औरों से जुदा है

**लीलाधर मंडलोई**

सुधीर मेरे उन अनन्य दोस्तों में हैं जिन्होंने तमाम प्रतिकूल जीवन स्थितियों में कलम के सहारे मझधार में डोलती नैया को पार किया। एक बेहद छोटी सी तनख्वाह के भरोसे वह समाचार भारती में काम करने रायपुर पहुँचा। मैं आकाशवाणी में था। हम दोस्त हुए और यह ऐसी दोस्ती थी कि मुसीबत में जैसे दोस्त का मजबूत काँधा। हमने साथ रहते हुए सिर्फ लड़ना सीखा ज़िंदगी से। हमारी जिंदगी में लड़ाई की ताकत प्रेम रहा। दोस्तों का भरपूर प्रेम। उन दिनों हम अमूमन भूखे रहते हुए समोसे पर दिन गुजार लेते थे। जब पैसे होते तो 'ऐसो' केंटीन में दाल के साथ रोटियों के विरल स्वाद में डूब जाते थे।

सुधीर ने साहित्य और पत्रकारिता के बीच एक ऐसी सांस्कृतिक भाषा को अबेरने का हुनर सीख लिया था जो दोनों जगह अपना बखूबी काम कर सकती थी। वह लिखता था। उसमें भाषा का नवाचार होता था। भाषा के इस नवाचार में कई रूपबंध अपनी जगह खोज लेते थे। जब वह फीचर, लेख या रेडियो वार्ता लिखता तो उसमें संस्मरण, यात्रा आख्यान और आत्मकथा के शेड्स होते। वह हम सब में बहुत घुमक्कड़ी प्रवृति का रहा तो उसकी भाषा में नये शब्दों की आत्मीय आमद होती। उसने दोस्तों पर अनेक कविताएं लिखीं जो गहरी रागदारी से आईं हैं। जो प्यार में जुनून के बिना संभव नहीं। वह इंसानों के साथ प्रकृति और परिवेश से मौहब्बत में डूबा इंसान रहा। प्रेम की उसकी भूख इस कदर थी वह उसे जैसे बस ढूँढता रहता। उसके जीवन का पहला और अंतिम प्रेम रायपुर में ही परवान चढ़ा और वह दांपत्य जीवन में बंध गया। और तब न अच्छी नौकरी थी, न अच्छी तनख्वाह और न ही रहने को घर था। पर वो अपने प्यार में बेताब दिखा। उसके प्यार पगे पल मुझे सदा ही याद आए।

**'सख्त काफिर था जिसने पहले**
**मज़हबे इश्क़ इख्तियार किया।'**



## चलने दो बंधु कलम का हल चलने दो

(लाला जगदलपुरी)

सुधीर को मैंने सदा इश्क में निभाने वाला पाया। वो खुद ताज़िंदगी हलकान हैरान हुआ लेकिन भाभी-बच्चों को एक अनुकूल ज़िंदगी अता करने में लगा रहा। जैसे वे सब भी उसकी भाषा के अहम हिस्से थे, जिन्हें हर हाल में नये रंग, नये उजालों से भरना था। आज भी उसका परिवार उसकी जिजीविषा की तरह गतिमय है नये-नये पते-ठिकानों की खोज में सक्रिय। वह जैसे इश्क की एक ऐसी लंबी दास्तान अब भी लिख रहा है जो लिखी जाती रहेगी और पूरी न होगी। मुझे मीनाकुमारी का एक शेर बेइनतहा याद आता है जब मैं उसकी जिंदगी की गिरह खोलने बैठता हूँ-

**अल्लाह करे कि कोई भी मेरी तरह न हो**

**अल्लाह करे कि रूह की कोई सतह न हो**

हालांकि ये मेरी सोच है और उसके उन दिनों की याद में जब वो तंगहाल था लेकिन उसने कभी मीनाकुमार की तरह अपनी ज़िंदगी को नहीं लिया। उसने उसे लड़ते हुए पार करने का इल्म सीख लिया है। वह उल्टी नाव में सफर करने का माद्दा रखने वाला लेखक और शख्स है। आज हम अपना बीता देखते हैं तो उसमें अनेक प्रसंग हैं, जो एपिकल हैं और आत्मकथा या जीवनी में ही आ सकते हैं। अपनी-अपनी संघर्षगाथा बिना ग्लेमराइज किए, एक ईमानदार लेखन का विषय सुधीर के पास है लेकिन वह तो फिलहाल लेखन-संपादन से रोटियों के लिए शब्द गूंथ रहा है। अकेले दम पर अखबार निकालना, पत्रिका बार-बार शुरू करना। दफ्तर, घर बनाना और बेचना, गिरवी रखना आदि उसके लिए एक तकलीफदेह लेकिन सामान्य जीवनक्रम रहा। वह गर्दिशों से कभी उबर न सका। झंझा से बाहर आया भी तो खुद अर्सा के लिये। मुसीबतों और अभावों ने उसे फिर घेर लिया कि मुसीबतों की डिक्शनरी में लिहाज़ शब्द नहीं होता।

अब वह पिछले कुछ सालों से फिर अपने दम पर पत्रिका निकालने में जुटा है। पत्रिका भी व्यवसायिक या राजनीतिक शिल्प और कलेवर में कम और सांस्कृतिक अर्थ में अधिक जो आज 'मार्केट फ्रेंडली' वस्तु तो कतई नहीं। कई बार उसके काम और उसके तरीकों को लेकर कुछ दोस्त उसकी आलोचना से आगे कोसने के भाव में दीखते रहे हैं लेकिन सतह से दीखता सच भीतर का नहीं होता। कोई आज बड़े अख़बार मालिकों से तो अनैतिक गलबहियाँ करते हैं और संघर्ष में रत मध्यवर्गीय पत्रकारों पर टीका टिप्पणी करते हैं। खैर...ऐसे लेखों के लिए सुधीर कुछ ऐसा बना रहा। बक़ौल इब्ने इंशा-

**बरगश्ता हुआ हमसे ये महताब तो**
**प्यारोबस बात सुनी राह चला**
**काहकशाँ की**
(विमुख आकाश गंगा)

उसकी लड़ाई में उसे जो कुछ भी हासिल हुआ और खोने के उदाहरण भी सामने आए, लेकिन उनके उत्स में एक लेखक रहा अपने जिद्दी सरोकारों के साथ। जो अब भी उसके जीवन में अहम हैं। गजब का जीवट है सुधीर नाम के शख़्स यानि मेरे यार में। वह झुकता नहीं, टूटता भी नहीं। कहता है कि मेरा मेरूदंड धरती के साथ नमन कोण नहीं बनाता। मैं अपने दोस्त के साथ रहने के सुख में जीना चाहता हूँ। मैं बर्ज तर्के मुहब्बत वाले दोस्तों में नहीं हूँ और अपनी दोस्ती के लिए अहमद फ़राज का शुक्रगुजार हूँ जिन्होंने ऐसी ही रागदारी के लिए कहा-

**'पहले भी लोग आए कितने ही ज़िंदगी में**
**वो हर तरह से लेकिन औरों से जुदा था।'**

अपने यारबाश यार के लिये मुझे 'था' की जगह 'है' जरूरी और सही लगा।

# कल से ट्रंप टैरिफ : अमेरिका समेत किन देशों पर क्या होगा असर?

वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो अप्रैल से नए टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रंप कार और कार के पार्ट्स के आयात पर टैरिफ लगाने की प्लानिंग कर रहे हैं। ट्रंप दो अप्रैल को लिबरेशन डे बता रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि वो उन अलग-अलग ट्रेडिंग पार्टनर्स पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे जिनकी प्रैक्टिस को वो सही नहीं मानते हैं। ट्रंप पहले ही स्टील और एलुमिनियम के आयात पर टैरिफ लगा चुके हैं। उन्होंने कनाडा, चीन और मेक्सिको से आयात किए जाने वाले सामान पर भी टैरिफ लगाए हैं। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि एशिया, यूरोप और दक्षिणी अमेरिका के उन देशों पर वो टैरिफ लगाएंगे जो अमेरिका के साथ निर्यात ज्यादा करते हैं और आयात कम। डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक मोटर व्हीकल पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है और ये दो अप्रैल से लागू होंगे। उन्होंने कहा है कि कार के पार्ट्स पर टैरिफ मई या उसके बाद लागू होंगे। अमेरिका एक साल में करीब 80 लाख कार आयात करता है जिनकी कीमत करीब 240 अरब अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका ने कनाडा और मेक्सिको से आयात होने वाले सामान पर चार मार्च से 25 फ़ीसदी टैरिफ लगाया है। इसके अलावा कनाडा से उर्जा संबंधी आयात पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। हालांकि मोटर व्हीकल और मोटर व्हीकल के पार्ट्स अमेरिका-मेक्सिको और कनाडा के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की शर्तों के तहत बनाए जाते हैं और इसे टैरिफ से अलग रखा गया है। लेकिन ये तभी तक है जब तक अमेरिका के कस्टम ऑफिशियल ड्यूटी लगाने के लिए कोई नया सिस्टम नहीं बना लेते हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने का मकसद उनकी सरकारों को अवैध प्रवासियों और गैर कानूनी तरीके से बनाई जाने वाली फेंटेनाइल (एक शक्तिशाली ओपिओइड दवा) की अमेरिका में एंट्री पर रोक लगाना है। अमेरिका ने चार फ़रवरी को चीन से आने वाले सामान पर 10 फ़ीसदी टैरिफ लगाया था। जिसे चार मार्च को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। हालांकि जो शिपमेंट 800 डॉलर से कम की हैं उन्हें इससे अलग रखा गया है। चीन ने इसके जवाब में अमेरिका के सामान पर 10 से 15 फ़ीसदी टैरिफ लगाए हैं और इसमें कृषि से जुड़े उपकरण भी शामिल हैं। कनाडा ने भी जवाब में 40 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी सामान पर टैरिफ लगा दिया है। वहीं मेक्सिको ने इसके जवाब टैरिफ लगाने से परहेज किया है। 12 मार्च को अमेरिका ने दुनिया के किसी भी देश से अमेरिका में आयात किए जाने वाले स्टील और एलुमिनियम पर 25 फ़ीसदी टैरिफ लगाया है। अमेरिका के इस कदम का असर कनाडा, ब्राजील, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और जापान पर पड़ा है क्योंकि वो अमेरिका को स्टील और एलुमिनियन आयात करते हैं। यूरोपियन यूनियन एक अप्रैल से 28 अरब डॉलर की कीमत के अमेरिकी सामान पर टैरिफ लगाएगा। इसमें बॉर्बन व्हिस्की, मोटरबाइक और बोट शामिल हैं। 25 मार्च से अमेरिका ने उन देशों से आयात किए जाने वाले सामान पर 25 फ़ीसदी टैरिफ लगाया है जो वेनेजुएला से तेल खरीदते हैं। रिसर्च कंपनी मूडीज एनालिटिक्स का कहना है कि वर्तमान टैरिफ 1.4 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर लागू हैं।

### कौन से नए टैरिफ लागू होंगे?

ट्रंप बार-बार दो अप्रैल को लिबरेशन डे कह रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर हाल ही में उन्होंने लिखा, दो अप्रैल अमेरिका में लिबरेशन डे होगा। दशकों तक हमें दुनिया के हर मुल्क ने लूटा है और इसमें दोस्त-दुश्मन सब शामिल हैं। अब समय आ गया है कि अमेरिका को कुछ पैसा और इज़्ज़त वापस मिले। ट्रंप ने चुनाव कैंपेन के दौरान बार-बार दोहराया था कि वो अमेरिका में प्रवेश करने वाली कंपनियों के सामान पर टैरिफ में 10 से 20 फ़ीसदी की छूट देंगे। ट्रंप ने हाल ही में रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के बारे में बात की और कहा, वो हम पर चार्ज लगाते हैं और हम उन पर। हालांकि 24 मार्च को एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उनका रुख़ इस प्लान को लेकर नरम हो सकता है और वो कई देशों को राहत दे सकते हैं। उन्होंने कुछ देशों को अलग रखने की बात करते हुए कहा, जितना चार्ज वो लगा रहे हैं उसकी तुलना में हम कम चार्ज लगाएंगे। वो हम पर बहुत चार्ज लगाते हैं और जैसा हम सोच रहे हैं वो वैसा नहीं सोचते हैं।



व्हाइट हाउस के हवाले से कहा गया है कि वो उन देशों पर टैरिफ लगाने का प्लान ड्रॉप कर सकते हैं जो सामान पर वैल्यू एडेड टैक्स लगाते हैं। यूएस इकोनॉमिक काउंसिल के डायरेक्टर केविन हैसेट ने कहा, एक चीज जो मार्केट के बारे में मैं देख रहा हूं वो ये है कि वो उम्मीद कर रहे हैं। ये किसी भी देश पर बड़े टैरिफ हैं। लेकिन ये कुछ ही देश होंगे और उन्हीं देशों पर कुछ टैरिफ लगाए जाएंगे। नए टैरिफ का फोकस उन्हीं देशों पर रहेगा जो अमेरिका के साथ निर्यात ज्यादा करते हैं और उनका आयात कम रहता है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने हाल में कहा, ये करीब 15 फीसदी देश हैं। लेकिन ये ट्रेडिंग का एक बड़ा नंबर है। साल 2024 में अमेरिका के साथ ट्रेड में जिन देशों को बड़ा सरप्लस हासिल हुआ है उनमें यूरोपियन यूनियन, मेक्सिको, वियतनाम, ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा, भारत, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आयात की जाने वाली कारों के अलावा ट्रंप ने हाल ही में फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स, कंप्यूटर चिप्स के आयात पर भी टैरिफ लगाने की धमकी दी है।

### ट्रंप क्यों लगाना चाहते हैं टैरिफ

राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के केंद्र में रखा है। वो अमेरिका में ट्रेड बैलेंस लाना चाहते हैं और वो, अमेरिका के आयात और निर्यात के गैप को कम करना चाहते हैं। साल 2024 में अमेरिका करीब 900 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार घाटे में था। चार मार्च को ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस में कहा, अभी तक पृथ्वी पर मौजूद हर देश ने हमें दशकों तक लूटा है। लेकिन अब हम आगे ऐसा नहीं होने देंगे। ट्रंप कहते हैं कि लंबे समय में टैरिफ से अमेरिका की निर्माण क्षमता में इज़ाफ़ा होगा और नौकरियां बचेंगी। इसके साथ ही टैक्स रेवेन्यू और इकोनॉमिक ग्रोथ में इज़ाफ़ा होगा। उन्होंने कहा है कि टैरिफ से अमेरिकी सरकार का राजस्व बढ़ेगा। वो ये भी कहते हैं कि टैरिफ की वजह से विदेशी कंपनियां अमेरिका में सामान बनाएंगी। ट्रंप ने 24 मार्च को घोषणा की कि दक्षिण कोरिया की कार कंपनी हुंडई अमेरिका में 21 अरब डॉलर का इन्वेस्टमेंट कर रही। उन्होंने दावा किया कि टैरिफ की वजह से वो अपने ऑपरेशन को अमेरिका में शिफ्ट कर रही है।

### दूसरे देशों पर क्या असर होगा?

अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ेंगी और आयात होने वाले सामान से अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन लागत में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने ये भी चेतावनी दी है कि अन्य देशों के जवाबी टैरिफ लगाने से अमेरिकी निर्यातकों को नुकसान होगा। मूडीज एनालिटिक्स का कहना है कि टैरिफ की वजह से आने वाले साल में अमेरिका की इकोनॉमी में 0.6 प्रतिशत की गिरावट होगी और इसकी वजह से ढाई लाख नौकरियां जाएंगी। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा है कि कनाडा और मेक्सिको अपने आयात के लिए अमेरिका की मार्केट पर निर्भर हैं और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी और मंदी से बच पाना नामुमकिन होगा।

# ईरान ने लॉन्चर पर तैनात की मिसाइलें

## अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी हुई एक्टिव



तेहरान

अमेरिका और ईरान की तनातनी कभी भी बड़े युद्ध में बदल सकती है। अमेरिका की हमले की धमकी के बावजूद शिया मुल्क झुकने को तैयार नहीं है। इस बीच ईरान की सेना ने किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब देने के लिए अपनी मिसाइलों को तैनात कर दिया है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की मिसाइलें सभी अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी में लॉन्चरों पर लोड कर दी गई हैं और लॉन्च के लिए तैयार हैं। तेहरान टाइम्स ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पैंडोरा बॉक्स खोलने से अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ईरान की मिसाइल तैनाती डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के कुछ घंटों बाद हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेहरान को परमाणु डील न करने पर बमबारी की धमकी दी थी। ईरान ने पिछले सप्ताह वॉशिंगटन के साथ सीधी बातचीत के ट्रंप के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इसके बाद ट्रंप ने बताया कि अमेरिका और ईरानी अधिकारी बातचीत कर रहे हैं, लेकिन इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। ट्रम्प ने एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा, अगर वे कोई समझौता नहीं करते हैं, तो बमबारी होगी। यह ऐसी बमबारी होगी, जैसी उन्होंने पहले कभी नहीं देखी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, अगर वे कोई समझौता नहीं करते हैं, तो मैं उन पर द्वितीयक शुल्क लगाऊंगा, जैसा मैंने चार साल पहले लगाया था। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने ईरान के साथ परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा रूप से बाहर कर लिया था। इसके पहले ईरान के साथ पिछले समझौते में अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील के बदले में तेहरान की परमाणु गतिविधियों पर सख्त सीमाएं लगाई गई थीं। सौदा समाप्त होने के बाद ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्धन को तेज कर दिया था। रिपोर्ट बताती हैं कि ईरान का यूरेनियम संवर्धन हथियार बनाने के स्तर के करीब है और वह कुछ सप्ताह में परमाणु हथियार बना सकता है।

## देशभर में ईद का जश्न

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार को ईद-उल-फितर त्योहार मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने का समय अलग-अलग रहा।



लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में महिलाओं ने भी नमाज अदा कीं। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी। उन्होंने में लिखा- ईद का त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। ईद मुबारक! वाराणसी की जामा मस्जिद में एकसाथ बड़ी संख्या में नमाजी पहुंच गए। इसके चलते सभी लोगों को मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद कुछ लोगों ने सीढ़ियों पर ईद की नमाज अदा की। कई जगह नमाज अदा करने के लिए लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। तमिलनाडु के त्रिची में लोगों ने सड़कों पर नमाज अदा की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ईद के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पटना के गांधी मैदान पहुंचे। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली की संसद मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा की। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने रविवार को कहा था, मैं कहीं पर भी खड़े होकर नमाज पढ़ूंगा। देखता हूं मुझे कौन रोकता है। यह मेरा भी देश है। दूसरी ओर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की।

# बिना नींव बना दी 180 करोड़ की बाउंड्री वॉल

हिसार

हरियाणा के हिसार में एयरपोर्ट के कामकाज से अब हरियाणा के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की छुट्टी हो गई है। इसकी वजह ये है कि लोक निर्माण विभाग ने यहां जितने भी काम किए थे, उस पर भारत सरकार के नागर विमानन महानिदेशालय ने नाराजगी जताई है। हिसार एयरपोर्ट पर रनवे और इसके चारों और बाउंड्री वॉल को लोक निर्माण विभाग ने बनाया है। पीडब्ल्यूडी पर 180 करोड़ की बाउंड्री वॉल बिना नींव के बनाने का आरोप डीजीसीए ने एक रिपोर्ट में लगाया है। डीजीसीए के अफसरों ने रिपोर्ट में सलाह दी है कि हरियाणा सरकार के अधीन पीडब्ल्यूडी विभाग को एयरपोर्ट पर अब कोई काम न दिया जाए। जिसके बाद अब सारा काम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी ही निगरानी में कराएगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सचिन भाटी ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल पर 22 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। एयरपोर्ट पर पीडब्ल्यूडी ने करीब 362 करोड़ रुपये का काम किया, जिसमें रनवे, टैक्सी वे, एप्रेन, फ्यूल टैंक, इंटरनल रोड सहित कई काम शामिल हैं। बाउंड्री वॉल एयरपोर्ट अथॉरिटी की गाइडलाइन के हिसाब से ही बनाई गई है। हिसार एयरपोर्ट राजकीय पशुधन फार्म, हिसार की जमीन पर बनाया गया है, इसलिए यहां अभी भी जंगली जानवर घूम रहे हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल के नीचे नींव बनाई जा रही है। अगर पीडब्ल्यूडी के काम में कोई कमी होती तो डीजीसीए कभी लाइसेंस नहीं देती। वह काम से संतुष्ट थी तभी लाइसेंस जारी किया गया। यहां जितने भी काम हुए हैं वो सेट किए गए पैरामीटर के हिसाब से ही पूरे हुए हैं। जिस वक्त पीडब्ल्यूडी ने यह काम किया, उस वक्त ये विभाग तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के पास था। बाउंड्री वॉल और रनवे का काम भी उनके समय में हुआ। डीजीसीए के अनुसार अस्थायी वॉल को ही परमानेंट वॉल बनाने के लिए उपयोग कर लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार यह पता ही नहीं चल रहा है कि 180 करोड़ रुपये की रकम कहां खर्च की गई? एयरपोर्ट के चारों ओर बिना नींव भरे ही आर्टिफिशियल दीवार खड़ी कर दी गई। अब बाउंड्री वॉल के नीचे से जंगली जानवर एयरपोर्ट में घुस रहे हैं। अब हिसार एयरपोर्ट की दीवार के नीचे की नींव को बनाने का काम शुरू हो गया है। यह नींव करीब 2 फीट की बनाई जा रही है, ताकि अंदर वन्य जीव न आ सकें। रिपोर्ट के अनुसार बाउंड्री वॉल, रनवे, इंस्पेक्शन रोड आदि को मानकों के अनुरूप नहीं बताया गया। हालात यह थे कि 180 करोड़ रुपये से बनी बाउंड्री वॉल की नींव ही नहीं भरी गई। दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी ने दावा किया है कि ये बाउंड्री वॉल 22 करोड़ में बनाई गई। एयरपोर्ट की 7,200 एकड़ जमीन के चारों तरफ चारदीवारी बनाई जानी थी। इससे पहले 18 करोड़ की लागत से अस्थायी चारदीवारी बनाई गई थी, जिसकी ऊंचाई करीब 8 फुट रखी गई। वहीं, प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व एएआई सभी वन्य जीवों को हिसार एयरपोर्ट की चारदीवारी से बाहर निकालने में लगी हुई है। एयरपोर्ट पर 2 दिन पहले ट्रायल हुआ था। इस दौरान हिसार से दिल्ली एयर स्पेस चेक किया गया।



हिसार एयरपोर्ट के कामकाज से पीडब्ल्यूडी की छुट्टी

# मणिपुर में हिंसा भड़काने में पाकिस्तान का कनेक्शन

जयपुर

मणिपुर में हिंसा भड़काने के पीछे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का कनेक्शन सामने आया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इसकी साजिश रच रही है। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा 15-20 फेसबुक अकाउंट बनाए गए हैं। इसके माध्यम से कुकी और मैतेई समुदाय को भड़काने वाले कंटेंट-वीडियो डाले जा रहे हैं। मारखोर साइबर डिफेंस (एमसीडी) आईएसआई की साइबर टीम है। इसे पाकिस्तान सेना की आईएसपीआर (इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) फंडिंग करती है। एमसीडी में हैकर्स और कॉल गर्ल्स की बड़ी टीम है। ये कुकी और मैतेई समुदायों में भड़काऊ सामग्री पहुंचाने के लिए अलग-अलग फेसबुक प्रोफाइल से हेट पोस्ट डालती हैं। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच भड़की आग में घी डालने का काम पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी कर रही है। इनके निशाने पर ये दोनों (कुकी और मैतेई) समुदाय हैं। भारत में अशांति फैलाने के मकसद से सुनियोजित तरीके से यह एजेंसी काम कर रही है। भारत की शांति में खलल डालने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने अलग-अलग टीमें बनाई हैं। इसमें बड़ी संख्या में लड़कियां हैं। यह टीम एक प्रोफाइल से कुकी समुदाय का समर्थन करते हुए मैतेई पर निशाना साधती है। दूसरे प्रोफाइल से मैतेई की हिमायती बनकर कुकी के खिलाफ सामग्री डालती है। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने ऐसी कई फेसबुक प्रोफाइल की पहचान की है। इन्हें आईपी एड्रेस से ट्रेस किया है। इनमें लोकेशन मणिपुर बताई है। गेटवे इस्लामाबाद दिखाया पर ये रावलपिंडी आर्मी एरिया से संचालित हो रहे हैं। कुछ प्रोफाइल वहां हाई स्पीड फाइबर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली कंपनी नयाटेल प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े पाए गए हैं।



## मेरा दोस्त कुणाल कामरा देशभक्त: प्रशांत किशोर

**पटना।** जन सुराज संस्थापक और पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कॉमेडियन कुणाल कामरा का समर्थन किया है। कामरा पर महाराष्ट्र के डेप्युटी सीएम एकनाथ शिंदे पर गद्दार कहने का आरोप है। किशोर ने कहा कि कामरा की कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा या गलत इरादे से कही गई बात नहीं हैं। बिहार के कटिहार में पत्रकारों से बात करते हुए किशोर ने कामरा को अपना दोस्त और देशभक्त बताया। उन्होंने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि कामरा किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रहे हैं। किशोर के अनुसार, कामरा फिलहाल पुडुचेरी में रहते हैं और जैविक खेती करते हैं। स्टैंड-अप कॉमेडी उनका शौक है। पिछले हफ्ते, मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा ने एकनाथ शिंदे पर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया था। प्रशांत किशोर ने कहा, कुणाल कामरा मेरे दोस्त हैं।



# पूनम ढिल्लन ने साउथ इंडस्ट्री से डिसिप्लिन सीखा

पूनम ढिल्लन ने हाल ही में कमल हासन को लेकर एक किस्सा शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया कि एक बार सेट पर एक घंटा लेट आने के कारण कमल हासन ने उन्हें बहुत डांटा था। पूनम ने कहा कि वह अक्सर सुपरस्टार्स के साथ काम करती थीं जो घंटों देरी से आते थे। इसलिए किसी ने उन्हें भी समय पर आने के लिए नहीं कहा था। पूनम ढिल्लन ने बताया कि उन्होंने कमल के साथ 'ये तो कमाल हो गया', 'यादगार' और 'गिरफ्तार' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री में काम करने के बाद उन्होंने डिसिप्लिन सीखा। एक्ट्रेस ने बताया, पहली बार मुझे सेट पर डांट पड़ी थी। क्योंकि मैं सेट पर देर से पहुंचती थी। मुंबई में 30-45 मिनट देर से आने पर कोई कुछ नहीं कहता था। मेरे को-एक्टर राजेश खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे लोग थे। यह लोग जब चाहें तब आ जाते थे। इसलिए हमें सेट पर 30-45 मिनट लेट से जाने की आदत थी।' पूनम ने आगे कहा कि वह एक बार चेन्नई में शूटिंग कर रही थीं। उन्हें सुबह 7 बजे का टाइम दिया गया था और वह सुबह 8 बजे पहुंचीं। उन्होंने सोचा कि वह देर से नहीं आई हैं। लेकिन जब वह सेट पर पहुंचीं तो कमल हासन ने उन्हें साइड ले जाकर काफी डांटा था। पूनम ने कहा, 'मैं वहां पहुंची और मैंने सभी को गुड मॉर्निंग विश किया। तभी कमल हासन मेरे पास आए और कहा पूनम, वह सभी सुबह 7 बजे से यहां हैं। उनके पास कार नहीं है, वह दूर से आए हैं। सभी लाइटमैन, कैमरामैन, तो सोचिए कि वह अपने घर से किस समय निकले होंगे। वह सुबह 5 बजे या उससे भी पहले उठे होंगे और आप 8 बजे आई हैं। सभी लोग इतनी देर से सिर्फ आपका इंतजार कर रहे थे। यह सही नहीं है।' पूनम ने डिसिप्लिन पर बात करते हुए कहा कि ये उनके लिए एक वॉर्निंग थी। उन्होंने देखा कि सेट पर टेक्नीशियन की उतनी वेल्यू नहीं की जाती है। जबकि कलाकार के नखरों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया, 'साउथ इंडस्ट्री में यूनिट के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया जाता था। शाम को जब नाश्ता परोसा जाता था, तो सिर्फ कलाकार ही नहीं सेट पर मौजूद सब लोग साथ में खाते थे।' बता दें, कमल हासन ने 1970 में फिल्मों में काम करना शुरू किया था। जल्द ही कमल तमिल इंडस्ट्री में एक बड़े सुपरस्टार बन गए। इसके बाद 1980 में एक्टर ने 'एक दूजे के लिए' और 'सागर' जैसी फिल्मों से बॉलीवुड में भी अपनी जगह बनाई।




# फिर बड़े पर्दे पर दिखेगी संजू-सल्लू की जोड़ी

चल मेरे भाई और साजन जैसी फिल्मों में साथ नजर आ चुके सलमान खान और संजय दत्त फिर एक बार साथ फिल्म कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही सलमान खान ने सिकंदर के प्रेस मीट में इस पर बात की थी। अब संजय दत्त ने भी इस पर कन्फर्मेशन दे दी है। उनका कहना है कि वो छोटे भाई सलमान के साथ काम करने पर बेहद खुश हैं। हालांकि एक्टर की मानें तो अपकमिंग फिल्म में दोनों के बीच टशन देखने मिलेगी। हाल ही में संजय दत्त की अपकमिंग फिल्म द भूतनी का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। इस दौरान संजय दत्त से पूछा गया कि क्या वो वाकई सलमान के साथ काम कर रहे हैं। इस पर संजय दत्त ने कहा, जी बिल्कुल कर रहे हैं हम लोग, हम दो भाई मिलकर आपने साजन देख ली, आपने चल मेरे भाई देख ली। अभी दोनों में टशन देख लीजिए। ये एक एक्शन फिल्म है और मैं बहुत खुश और एक्साइटेड हूं कि मैं छोटे भाई के साथ काम करूंगा 25 साल बाद। सलमान खान की फिल्म सिकंदर पर बात करते हुए संजय दत्त ने कहा है, वो (सलमान) मेरा छोटा भाई है। उसके लिए बहुत प्रार्थना करता हूं, भगवान ने उसको बहुत कुछ दिया है। ये पिक्चर सुपरहिट होगी। बताते चलें कि सलमान खान ने भी कुछ समय पहले सिकंदर के प्रेस मीट में संजय के साथ फिल्म करने पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि ये अपकमिंग फिल्म नेक्स्ट लेवल होने वाली है, जिसमें भरपूर एक्शन देखने मिलेगा। सलमान खान की सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। फिल्म को एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है। वहीं संजय दत्त जल्द ही फिल्म द भूतनी में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ मौनी रॉय अहम किरदार में हैं। संजय दत्त और सलमान खान सबसे पहले 1991 में रिलीज हुई फिल्म साजन में साथ नजर आए थे। फिल्म में माधुरी दीक्षित लीड रोल में थे। ये एक जबरदस्त हिट रही थी, जिसके गाने भी चार्टबस्टर थे।



## सिंगर मासूम शर्मा के समर्थन में उतरे बब्बू मान

हरियाणा में गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों को बैन करने के बाद हरियाणवी इंडस्ट्री में मचे बवाल में पंजाबी सिंगर की भी एंट्री हो गई है। बब्बू मान ने कहा है कि मासूम शर्मा समेत दूसरे सिंगरों के गानों को बैन करना गलत है। एक चैनल से बातचीत में बब्बू मान ने कहा- 15 साल पहले मेरे ऑफिस में हरियाणा के युवक मिलने के लिए आते थे। मैं उन्हें फोक सॉन्ग शुरू करने की कहता था। अब वहां अच्छे सिंगर और रैपर निकलकर आए। अब ऐसे गानों को बैन करना सही नहीं है। मैं पूरी तरह इन कलाकारों के साथ हूं। अगर गाने गलत हैं तो टीवी पर बाहुबली और पुष्पा जैसी फिल्मों को सेंसर बोर्ड क्यों पास करता, जिनमें 100-100 बंदों को मार देते हैं? फिर इन गानों पर रोक क्यों लगाई जा रही है? अगर गाने से नुकसान है तो फिर सरकार को वेपन बैन करवा देने चाहिए, लाइसेंस बंद कर देने चाहिए।



# रेंजर की दबिश से वाहन छोड़ भागे तस्कर, पिकअप और बाइक जब्त



## ग्राम चिखला बांध के जंगल में तस्करों ने काटे खैर के पेड़

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

वारासिवनी परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमति ज्योत्सना खोब्रागड़े के द्वारा एक बार फिर अवैध लकड़ी तस्करों को जंगल में ही दबिस देकर पीकअप वाहन और मोटरसाईकिल वाहन सहित बड़ी मात्रा में लकड़ी के चट्ठे को जब्त किया हैं। यह कार्यवाही वन विकास निगम परियोजना परिक्षेत्र वारासिवनी के खड़कपुर बिट अंतर्गत ग्राम चिखलाबांध के जंगल में की गई हैं।

जानकारी अनुसार, वन विकास निगम वारासिवनी परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमति ज्योत्सना खोब्रागड़े को मुखबिरी से परिक्षेत्र के खड़कपुर बिट के कक्ष क्रमांक 760, ग्राम चिखला बांध के जंगल से रात्रि में खैर की लकड़ी काट कर पीकअप वाहन से तस्कर ले जाने की जानकारी मिलते ही वन अमले के साथ जंगल में ही दबिस दी गई।

इस दौरान खैर प्रजाति के 11 पेड़ काटे पाये गये, जिसमें 34 नग कटे हुये मिले। वहीं मौके से तस्कर पीकअप वाहन क्रमांक



एमएच 35 एजे 4185 वाहन, मोटरसाईकिल वाहन छोड़ कर भाग गये जिन्हे जब्त किया गया हैं, मौके की पंचनामा की कार्यवाही के बाद लकड़ी व पीकअप वाहन को कनकी डिपो में रखा गया हैं और भारतीय वन अधिनियम 1972 की विभिन्न धाआरों के तहत राजसात कि कार्यवाही प्रस्तावित कि गई हैं। लकड़ी तस्करों में पवन पटले सावरी निवासी और मोटरसाईकिल जामखारी निवासी परिहार बताया गया हैं। जिनके द्वारा रात्र की अंधेरा का फायदा उठाकर जंगल में वाहन लेकर पहुंचे और फिर वहीं मौके पर ही तस्करों ने रात्रि के वक्त में मशीन से पेड़ को काटे थे, वह रात्रि में ही महाराष्ट ले जाने वाले थे कि परिक्षेत्र अधिकारी की सजगता से तस्करों को पकड़ा गया हैं।

इस दौरान परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमति ज्योत्सना खोब्रागड़े, सहायक परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी राजेन्द्र मेश्राम, वन रक्षक रंजित पटले, अरविंद कुमरे, जितेन्द्र बांगरे, स्थाईकर्मी नंदकिशोर भलावी, हंसलाल कटरे, यादोराव मंडलेकर, महेश इड़पाचे, विनय भालेराव, राजकुमार नेवारे, उत्तम, नोकलाल एवं अन्य सुरक्षाकर्मी का योगदान रहा।

परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमति ज्योत्सना खोब्रागड़े ने कहा कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जंगल से ही पिकअप और बाईक को जब्त कर कनकी डिपो में रखा गया हैं, उक्त अपराधियों व वाहन पर वन अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई हैं।



# कब थमेगी तेज रफ्तार से वन्य प्राणियों की मौत..?

## लामता में फिर अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा तेंदुआ की मौत

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** भीषण गर्मी के चलते वन्य प्राणी जल की तलाश में वन क्षेत्र से रहवासी इलाके की ओर बड़ रहें हैं और पानी की तलाश में सड़क पार करते हैं वक्त वह सड़क हादसे के शिकार हो रहें हैं। यह घटना 29 मार्च की रात्रि वन विकास निगम परियोजना परिक्षेत्र लामता के बालाघाट-नैनपुर राजमार्ग में लालदेव के समीप बिट खैरा-मैरा कक्ष क्रमांक 1186 में वन्य जीव मादा तेंदुआ की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। ज्ञात हो कि तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से यह तेंदूए की पहली मौत नहीं हैं, इसके पूर्व में भी लामता से नैनपुर मार्ग या बालाघाट से लामता मार्ग में तेंदुआ, बंदर, दो भालू की मौत हो चूंकि हैं, इसके बावजूद भी वन विभाग व राज्य मार्ग विभाग के द्वारा कोई भी तेज रफ्तार वाहनों पर कार्यवाही या कहें वाहनों की रफ्तार पर ब्रेंक नहीं लगा पाई हैं। जानकारी अनुसार, सड़क हादसे में मादा तेंदूआ की मौत की जानकारी मिलने के बाद वन विकास निगम परियोजना के संभागीय प्रबंधक डेविड चनाप एवं मुख्य वन संरक्षक अधिकारी मौके स्थल पर पहुंचे और कार्यवाही शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र में डॉग स्कॉर्ट द्वारा निरीक्षण, परीक्षण कराया गया एवं उसके आसपास छानबीन कर पोस्टमार्टम पशु चिकित्साकों की टीम द्वारा वन्य प्राणी तेंदुए के शव परीक्षण किया गया एवं बिसरा को फोरेंसिक जांच हेतु भेजा गया हैं। शव परीक्षण के दौरान तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए, निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शव का अंतिम संस्कार कर वन विकास निगम द्वारा अज्ञात वाहन पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 367/09 दिनांक 29, 2025 दर्ज कर लिया गया हैं।

# वनभूमि से खनन कर बन रहीं सड़क

## मेसर्स चित्रकुट कंस्टक्सन पर अवैध खनन के आरोप

लांजी(स्वतंत्र मत)।



जिले के अतिनक्सल प्रभावित दक्षिण बैहर क्षेत्र में सड़कों का जाल जन-मन-योजना के तहत में पक्की सड़को का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिसमें सड़क निर्माण एजेंसी के द्वारा वनकर्मीयों से सांठगाठ कर वनभूमि से अवैध मुरूम का खनन कर सड़क का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसको लेकर वन संरक्षक को शिकायत की गई हैं।

हीराचंद आसटकर सांसद प्रतिनिधी ने कहा कि उपमंडल दक्षिण सामान्य के वन परिक्षेत्र पूर्व सामान्य के अंतर्गत ग्राम धीरी मुरुम में मेसर्स चित्रकुट कंस्टक्सन दुर्ग छ.ग. के ठेकेदार द्वारा बोदा दलखा से धीरी मुरुम तक लम्बाई 18.50 कि.मी. में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अतंर्गत सड़क निर्माण का ठेका लिया गया हैं। ठेकेदार द्वारा वन ग्राम धीरी मुरुम में वन क्षेत्र के अंदर जेसीबी मशीन लगाकर हजारों घन फुट मिटटी-मुरुम खोदकर छाटे बड़े पहाड़ी नुमा स्थलों की खुदाई कर 3 कि. मी. की सड़क पर परिवहन किया जाकर निर्माण किया गया हैं। उपरोक्त खुदाई कार्य से छोटे-बड़े, हरे-भरे हजारों की संख्या में वृक्ष नष्ट कर वन अधिनियम का उलघंन किया गया हैं।

उपरोक्त कार्य कारिडोर के अंतर्गत आता हैं। क्या वन विभाग के संबंधित अधिकारीयों के संरक्षण में ठेकेदार व्दारा कार्य किया गया हैं तब यह जांच का गंभीर विषय है।

धीरी मुरुम में मौका स्थल की जांच कर संबंधित ठेकेदार एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों के विरुध्द उचित एवं वैधानिक कार्यवाही करायें एवं महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सडक विकास परियोजना कियान्वयन इकाई बालाघाट के ठेकेदार का भुगतान रोके जानें की कार्यवाही की जावें।

## आज से स्कूल चलें हम के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम प्रारम्भ

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** शासन द्वारा स्कूल शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2025 के आयोजन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए है। जिसके तहत प्रदेश के समस्त विद्यालयों में आज कक्षा 1 से 8 तक बाल सभा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, शाला के पूर्व विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ उपस्थित छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा निशुल्क पुस्तकें वितरण के साथ ही शालाओं में विशेष भोज भी आयोजित किया जाएगा। वही 02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शालाओं में बच्चों के साथ किसी एक कालखंड में संवाद किया जाएगा। इसके साथ ही 3 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक खेल कूद गतिविधियां व अंतिम दिन शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबंधन व विकास समिति की बैठक आयोजित की जाएगी और 4 अप्रैल को हार के आगे जीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# चिखलाबांध में आगजनी से बाइक सहित कोठा जलकर हुआ खाक





बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम चिखलाबांध में आगजनी से कोठा जलकर खाक हो गया हैं, जिससे लाखों रूपये का नुकसान हुआ हैं। ग्रामीणों की सजगता से आग पर काबू पाया गया हैं।

जानकारी अनुसार, चिखबांध में रहवासी बस्ती में निवासरत बंसतलाल बघेल, रोहनलाल बघेल, रोशनलाल बघेल और येसनतलाल बघेल सभी भाईयों के पशुओं के कोठा में अचानक प्रात: 10 बजे के करीब आग लग गई, आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए दौड़ पड़े और पानी की मोटर से आग पर काबू पाया गया लेकिन आग की लपेट इतनी तेज थी कि धीरे-धीरे सभी भाईयों के कोठा को जलकर खाक कर दिया। इस आगजनी से मोटरसाईकिल, साईकिल, 7 बोरी खाद्य, डेकोरेशन की सामग्री, मवेशियों के लिए 300 बेट पैरा जलकर खाक हो गई हैं। इस आगजनी से किसानों को करीब 3-5 लाख रूपये का नुकसान हुआ हैं। इसकी जानकारी मिलते ही कोटवार ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की बात कहीं हैं।

# मौसम परिवर्तन की आहट

## मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए जारी की एडवाइजरी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र भोपाल द्वारा अगले चार दिनों में प्रदेश में बदल रहें हवा पानी की स्थिति के सम्बंध में एडवाइजरी जारी की गई है। इसके अनुसार अगले 4 दिनों में बालाघाट सहित प्रदेश के कई जिलों में झोंकेदार हवाओ के दौर व कहीं कहीं वर्षा की स्थिति का अनुमान लगाया गया है। बालाघाट भी उन जिलो में शामिल है। यहां 4 अप्रैल को 40 से 50 किमी. की झोंकेदार हवाएं चलने का आंकलन किया गया है। साथ ही कहीं-कहीं बारिश के भी आसार है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सुझाव भी दिए है।

**मौसम विभाग ने सुझाये कार्य**-घर के अंदर रहें, खिड़कियां और दरवाजे बंद करें और यदि संभव हो तो यात्रा से बचें। सुरक्षित आश्रय लें; पेड़ों के नीचे शरण न लें तथा तूफ़ान के दौरान जल निकायों से तुरंत बाहर निकलें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें। इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकाल दें एवं उन सभी वस्तुओं से दूर रहें जो बिजली का संचालन करती हैं। जानवरों को खुले पानी, तालाब या नदी से दूर रखें। रात के समय पशु को खुले स्थान पर न रखें। पशुओं का विशेष ध्यान रखें, पशुओं को विशेष संरक्षित एवं सुरक्षित पशु शेड में रखें। सभी जानवरों को रात के दौरान विशेष रूप से संरक्षित और सुरक्षित पशु शेड में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, दोपहर के समय खेत के जानवरों को खुली चराई की अनुमति न दें। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) और स्थानीय अधिकारियों जैसे आधिकारिक स्रोतों से मौसम के पूर्वानुमान और अलर्ट पर नज़र रखें। आपातकालीन किट में आवश्यक वस्तुएं जैसे कि जल्दी खराब न होने वाला भोजन, पानी, दवाइयां, टॉर्च, बैटरी और प्राथमिक चिकित्सा किट रखें। परिवहन व्यवस्था सहित निकासी के तरीके के बारे में पहले से योजना बना लें वेक्टरजनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया से बचाव हेतु प्रशासन द्वारी जारी निर्देशों का पालन करे।

### कृषकों के लिए विशेष सलाह

खुले क्षेत्रों में कटाई की गई फसलें बारिश से सुरक्षा हेतु सुरक्षित स्थानों में संग्रहण करें। ओलावृष्टि से बचने के लिए फल एवं बागवानी फसलों में हैलनेट का प्रयोग करें। जिन क्षेत्रों में कटाई चल रही है या फसले तैयार खड़ी हैं उनकी कटाई अगले एक सप्ताह के लिए रोक दें। फसलों की नियमित निगरानी करें ताकि कीटों और रोगों का पता चल सके, जहां संभव हो जैव-कीटनाशकों और नीम आधारित समाधानों का उपयोग करें। अत्यधिक रासायनिक दवाओं का उपयोग करने से बचें ताकि प्रतिरोधी स्थितियां उत्पन्न न हों। ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए भूमि की तैयारी शुरू करें, हल चलाकर और जैविक खाद का उपयोग करें। खाद्य संकलन और सतत खेती पद्धतियों के माध्यम से मृदा की उर्वरता बनाए रखें।

# ईद उल फितर की नमाज अदा कर एक दूसरे के गले मिलकर दिया मुबारकबाद



सिवनी (स्वतंत्र मत )

आज 31 मार्च को सुबह 10:00 बजे ईदगाह ओर बड़ी जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई ईदगाह में अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशरफी और बड़ी जामा मस्जिद में हाफिज जाकिर रामपुरी साहब ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई नमाज के बाद देश में अमनो अमन की दुआ की गई हाफिज जाकिर रामपुरी साहब ने बड़ी जामा मस्जिद में ओर अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशर्फी ने ईद की नमाज अदा करने पहुंचे तमाम लोगों को ईद की मुबारकबाद दिया तत्पश्चा सभी ने एक दूसरे से गले लगा कर ईद की मुबारकबाद पेश की आज 31 मार्च को छपारा की ईदगाह और बड़ी जामा मस्जिद और ईदगाह में बड़ी तादाद में लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा कर ईद की खुशियां मनाएं कौमी एकता के प्रतिक ईदगाह में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने गले मिलकर ईद की बधाई दी साथ ही छपारा के गणमान्य नागरिक नगर परिषद के उपाध्यक्ष पार्षद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारीयो ने ईद उल फितर के मुबारक मौके पर बधाई और मुबारकबाद दिया ।

## रेत के ढेर में मिली लाश कंडक्टर की रहस्यमयी मौत

**सिवनी (स्वतंत्र मत )।** सिवनी जिले के केवलारी में एक ट्रक कंडक्टर की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बजरंग कॉलोनी में रेत के ढेर से दुर्गंध आने के बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान बगलई निवासी सतीश बघेल (38) के रूप में हुई है। वह राजेश पटेल के ट्रक में कंडक्टर का काम करता था। परिजनों के अनुसार, सतीश 28 मार्च को काम पर गया था और तब से लापता था। सूचना मिलते ही एसडीओपी आशीष भराडे, थाना प्रभारी ब्रजेश उइके, एसआई विक्की धुर्वे और संजीव मिश्रा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को रेत के ढेर से निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए केवलारी सिविल अस्पताल भेजा गया है।


## बंडोल पुलिस ने गौवंश परिवहन पर की कार्यवाही

**सिवनी (स्वतंत्र मत )**आज दिनांक 31 मार्च को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए बंडोल अलोनिया टोल टैक्स ह॥ 44 हाईवे रोड ग्राम अलोनिया पर नाकाबंदी की गई, जो वाहन चालक द्वारा अपने वाहन पिकअप क्र.रूक्क-20-ह्-6172 को चलाकर ह॥ 44 रोड से नागपुर तरफ भाग रहा था जिसे नाकाबंदी कर हिकमतमली से वाहन को रोका गया वाहन को चैक करने पर वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम निर्मल पिता फूलचंद यादव उम्र 21 साल निवासी रांझी मोहनिया थाना रांझी जिला जबलपुर एंव मवेशी मालिक कार्तिक पिता शिशुपाल यादव उम्र 30 साल निवासी रांझी करीदी थाना रांझी जिला जपलपुर एवं सहयोगी शिवा पिता सुरेश प्रसाद यादव उम्र 21 साल निवासी लहसर थाना कुंडम जिला जबलपुर का होना बताये एवं पिकअप वाहन में 04 नग गाय, 01 नग बछडा कुल नग 05 गौवंश ठूस ठूस कर भरी हुई थी।

# यूपीएस के विरोध में काला दिवस आज, ज्ञापन सौंपा जायेगा : परमानंद

**सिवनी (स्वतंत्र मत )** प्रांताध्यक्ष विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष के नैतृत्व एवं नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान पर सम्पूर्ण भारत में यूपीएस के खिलाफ काला दिवस मनाया जाकर प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेज्युटी प्रदान करें एवं पुरानी पेंशन बहाल करें का ज्ञापन श्रीमान कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जायेगा और शिक्षक कर्मचारी अधिकारी की स्थानीय समस्याओं का ज्ञापन श्रीमान कलेक्टर को सौंपेंगे। ज्ञातव्य होवे कि केन्द्र सरकार ने 24 जनवरी 2025 को यूपीएस स्कीम लागू करने का नोटिफिकेशन जारी कर 1 अप्रैल 2025 को केन्द्रीय शिक्षक, कर्मचारी,अधिकारी को लागू करने जा रही है,जिसका मैमौरेन्डम पीएफआरडीए ने जारी किया है। नेशनल पेंशन स्कीम से अधिक खऱाब स्कीम (यूपीएस) युनिफाईड पेंशन स्कीम हैं, जिसमें अनेकों खामियां जिसका विरोध भारत के सभी विभागों के एनपीए धारी शिक्षक,कर्मचारी, अधिकारी ने भारत के राज पत्र में प्रकाशन दिनांक 24 अप्रैल 2025 से कर रहें है,भारत के आर्थिक विशेषज्ञयो ने इस स्कीम को भारत सरकार एवं शिक्षक, कर्मचारी,अधिकारी के लिए अहितकारी बताया है, शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनेकों डिबेट हुई हैं। इस स्कीम में कर्मचारी की जमा राशि सरकार हड़पना चाहतीं हैं, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्ति आयु पूर्ण करने पर पेंशन स्कीम लागू होगा । यह स्कीम भी शेयर मार्केट अधारित है निवेश की जा रही राशि की कोई गारंटी नहीं,हाल में ही शेयार मार्केट से कर्मचारियों को लाखों का घाटा हुआ है नाममात्र की ग्रेज्युटी राशि कर्मचारी मिलेगी,दिनांक 28/03/2025 को मध्यप्रदेश अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा सिवनी की मीटिंग की गई,सभी विभागों के शिक्षक कर्मचारी अधिकारी से अपील है, अपने कर्तव्य स्थल पर काली पट्टी बांध कर ड्यूटी करेंगे।

## पूर्व विधायक पाल को भ्राता शोक



**सिवनी (स्वतंत्र मत )** केवलारी विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह के बड़े भाई राजेश पाल का सोमवार 31 मार्च को निधन हो गया है जिनकी अंतिम संस्कार मंगलवार 01 अप्रैल को प्रात: 10 बजे किया जायेगा । राजेश पाल स्वर्गीय ठाकुर नेत्रपाल सिंह के जेष्ठ पुत्र,केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह एंव विजय पाल सिंह के बड़े अग्रज थे । वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे । दिवंगत राजेश पाल की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार 01 अप्रैल मंगलवार की सुबह 10 बजे सिवनी कटंगी नाका मोक्षधाम में किया जाएगा अंतिम यात्रा बारापत्थर स्थित निवास से निकलेगी । दिवंगत आत्मा को प्रभु को अपने श्री चरणों मे स्थान प्रदान करे। शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# मछली पालन के लिए तालाब को नीलामी पर देने नियम-कायदों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

कटनी (स्वतंत्रमत)



मछली पालन के लिए तालाब को नीलामी पर देने के किस तरह नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाई जाती है, इसका जीता जागता उदाहरण शहर से लगी ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में देखने को मिल रहा है। यहां तालाब की नीलामी में बड़ा खेल किया गया है। नियमों की बात करें तो तालाब की नीलामी के लिए ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जानी चाहिए और शर्तों के मुताबिक मापदंडों के आधार पर तालाब को नीलामी पर देने के लिए ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित होना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में इस तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई। फर्जी प्रस्ताव बनाकर मत्स्य पालन विभाग में भेज दिया गया, जहां से तालाब की नीलामी की सूचना जारी कर दी गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों को उस समय लगी, जब ग्राम पंचायत में तालाब की नीलामी की सूचना आई। इस पूरे खेल में सरपंच और सचिव की मिलीभगत सामने आई है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच सहित पंचों ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की है। सीईओ ने मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई है। विदित हो कि कुछ समय पहले इसी तरह का एक मामला विजयराघवगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिण्डरई में सामने आया था, जहां ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किए बिना तालाब को मछली पानल के लिए पट्टे पर दे दिया गया था। जब इसकी जांच हुई तो अनियमतताओं का मामला सामने आया और प्रशासन ने तालाब की नीलामी निरस्त कर दी थी। कुछ इसी तरह का मामला अब ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में सामने आया है। इस पूरे मामले में आश्चर्यजनक बात तो यह है कि ग्र्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में सचिव अंजना शुक्ला द्वारा मछली पालन के लिए छोटी तलैया की नीलामी की सूचना द्वारा 17 मार्च को जारी की गई एवं गांव में मुनादी कराई गई लेकिन नीलामी एवं ग्राम सभा की बैठक की कोई सूचना नहीं दी गई। इसके बाद 20 मार्च को नीलामी निरस्त किए जाने की सूचना चस्पा कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि फर्जी दस्तावेज तैयार करते हुए ग्राम सभा की बैठक आयोजित किए बिना सचिव द्वारा व्यक्ति विशेष से को तालाब आवंटित किए जाने की अनुशंसा कर दी गई। खास बात यह है कि यह पूरा खेल तीन दिन में ही हो गया। तालाब नीलाम होने के बाद ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द के उपसरंपच भूषण पाठक भूरा सहित पंचों ने सचिव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द के उपसरंपच भूषण पाठक, आशीष दुबे, सपना सुशील श्रीवास, नीरज कोल, अरूण कुशवाहा, सुधीर कोल, अवधेश दुबे, मुकुंद पाठक, ललित, आर पर मिश्रा, विनय, अंजो बाई सहित अन्य ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से करते हुए शिकायतों की जांच कराकर तालाब की नीलामी नए सिरे से की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि सचिव द्वारा लगातार 2 वर्षों से अनियमितताएं की जा रही है एवं इनके ऊपर एक लाख 8 हजार रूपए की वसूली की कार्यवाही हुई है लेकिन आज तक वूसली की राशि जमा नहीं की गई है। ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द की सचिव अंजना शुक्ला से बात की गई तो उनका कहना था कि तालाब की नीलामी के लिए प्रक्रिया का पालन किया गया है। गांव में तीन बार मुनादी कराई गई। ग्राम सभा की बैठक की भी जानकारी दी गई थी लेकिन बैठक में कोई नहीं आया, जिस पर तालाब की नीलामी की प्रक्रिया की गई।



# कटनी जिले में बूथ स्तर पर सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कल माह के अंतिम रविवार को पूरे अंचल में सुनी गई। इस अवसर पर लोगों ने बेहद उत्सुकता से घरों दुकानों सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न संचार माध्यमों से प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उसे आत्मसात किया। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी रवि खरे ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन के मार्गदर्शन में कटनी जिले में बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जिसमें स्थानीय लोगों की उत्साहजनक भागीदारी थी। जिले के मुड़वारा, दीनदयाल उपाध्याय, माधवनगर, निवार, कटनी ग्रामीण, एनकेजे, बड़वारा, पान उमारिया, सिलौड़ी, ढीमरखेड़ा, विलायतकला, देवरीहटाई, बरही, कैमोर, विजयराघवगढ़, सिंनगौड़ी, कांटी, पिपरियाकला, खितौली, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, रीठी, देवगांव, बिलहरी, बाकल, कुआं में मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित हुआ। श्री खरे ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के 120 वे एपिसोड को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को चैत्र नवरात्र, उगादि, विषु पर्व और गुड़ी पड़वा की बधाई दी, इस दौरान पीएम मोदी ने अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न त्योहारों की देशवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पावन दिन पर मुझे आपसे मन की बात करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने महुआ के फूल का भी जिक्र किया उन्होंने महुआ फूल के बढ़ते उपयोग पर बात की।

# रामनवमी शोभायात्रा के लिए रामसेवकों ने की बैठक



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 29 अप्रैल को सत्यजोत गार्डन में हिंदू उत्सव समिति की बैठक रखी गई। जिसमें सभी समाजो कि उपस्थित रही। बैठक में 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के दिन निकलने वाले विशाल शोभायात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें कटनी के सभी समाजों के द्वारा अनेकों चलित एवं सजीव झांकियो को शोभायात्रा में शामिल किए जाने की स्वैप प्रेरणा से घोषणा की गई। रामनवमी में बच्चों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए रामसेविका महिला मंडल द्वारा रामनवमी के पूर्व अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन करना तय हुआ है। महिला मंडल द्वारा ऐसी जानकारी दी गई की शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा भारतीय परिधानों में विभिन्न समझो के द्वारा हिंदू सनातन संस्कृति के नृत्य को करते हुए शोभायात्रा में अपनी सहभागिता दी जाएगी। कटनी शहर के विधायक संदीप जयसवाल के द्वारा शोभायात्रा में सभी तरह के सहयोग करने का आश्वासन दिया गया तथा उनके द्वारा विगत वर्षों से किए जा रहे शोभायात्रा के साथ सफाई अभियान के सहयोग को भी इस वर्ष किए जाने का आवाहन कटनी शहर के सभी समाजो को किया। गहौई समाज, जैन समाज, विश्वकर्मा समाज, जायसवाल समाज, सोनी समाज, राजस्थानी समाज, क्षत्रिय समाज, आदि समाजों ने शोभायात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने एवं शोभायात्रा के स्वागत के तैयारी से अवगत कराया। हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक सदस्य दीपक टंडन ने पूरे शहर की जनता से हमारे आराध्य भगवान राम के अवतरण दिवस पर दिवाली मनाने का आवाहन किया। हिंदु समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी एवं सचिव आशीष गुप्ता ने शहर की जनता से आवाहन किया की अपने अपने घरों द्वारों में बंधरवार बंदे एवं 11 दिए जलाकर प्रभु राम का स्वागत करें। 6 अप्रैल को शोभायात्रा मेन स्टेशन से शुरू होकर सुभाष चौक, सराफा बाजार, शेर चौक आजाद चौक से होते हुए समीर राम मंदिर गटरघाट में समाप्त होगा। समिति शहर की जनता से आवाहन करती है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु राम भक्ति का अमृत ग्रहण करें।

## अनामिका अकादमी के छात्रों ने नवोदय परीक्षा में रचा इतिहास





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अनामिका अकादमी अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्र अक्षत एल.एन. बाजपेयी पुत्र विनीत बाजपेयी व ऋचा बाजपेयी एवं प्रवीण कुमार यादव पुत्र जीवनलाल यादव व सावित्री यादव ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। अक्षत एल.एन. बाजपेयी ने सामान्य वर्ग में स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। नवोदय परीक्षा में शहरी क्षेत्र के सामान्य वर्ग के लिए मात्र 25 प्रतिशत सीटें होती हैं, और उनमें से अक्षत पूरे शहर के एकमात्र चयनित छात्र हैं। प्रवीण कुमार यादव ने भी अपनी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि अनामिका अकादमी शिक्षा के क्षेत्र में एक श्रेष्ठ संस्थान है। विद्यालय के निदेशक मंडल, प्राचार्य और शिक्षकों ने दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चेक अनादरण के आरोपी को 6 माह के साधारण कारावास की सजा

## चेक चोरी होने के कथन को न्यायालय ने किया अस्वीकार

कटनी (स्वतंत्रमत)



न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लालता सिंह कटनी ने चेक अनादरण के आचरण में आरोपी ग्राम जुहली निवासी दिलीप दुबे को 6 माह के साधारण कारावास एवं 7 लाख 91हजार 337 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। संक्षेप में मामला इस प्रकार है कि एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम जुहली निवासी चंद्रप्रवेश तिवारी से ग्राम के ही दिलीप दुबे ने निजी आवश्यकताओं के लिए तथा अपने कृषि कार्य के लिए 5 लाख रुपए 3 माह के भीतर अदा करने की बात कहकर उधार लिए थे। दिलीप दुबे ने अपने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा खिरहनी का 5 लाख रुपए का चेक क्रमांक 060000 चंद्रप्रवेश तिवारी को दिया था। परिवादी द्वारा अपने बैंक में चेक प्रस्तुत किए जाने पर 11 अक्टूबर 2018 को उक्त चेक अनादरित किया गया। उसके बाद 16 अक्टूबर 2018 को परिवारी के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त चेक की राशि का भुगतान करने हेतु सूचना पत्र दिया था। सूचना पत्र मिलने के बाद भी अभियुक्त द्वारा 15 दिवस के भीतर राशि अदा नहीं की गई। अभियुक्त ने न्यायालय में अपने कथन में कहा कि वह वर्तमान में ग्राम मांदपुर तहसील बक्सवाहा जिला छतरपुर में वर्ष 2015-16 से रहा है। वह परिवादी को अच्छी तरह से जानता पहचानता है। चंद्रप्रवेश का उसके पिताजी के पास आना-जाना रहता है जो अकेले ग्राम जुहली में रहते हैं। उसने अपने पिताजी को आकस्मिक खर्च के लिए दो चेक बिना रकम भरे दिया था। चंद्रप्रवेश द्वारा आने जाने के दौरान उसके पिताजी की अलमारी से चेक चुरा लिया गया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि चेक चोरी होने के पश्चात कोई रिपोर्ट नहीं कराई गई है और ना ही बैंक में कोई आवेदन दिया गया। जिससे बचाव पक्ष की ओर से दिया गया यह तर्क स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियुक्त दिलीप दुबे को 6 माह के साधारण कारावास एवं उधार दी गई राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज सहित कुल राशि 7 लाख 91हजार 337 रुपए परिवादी को अदा करें। राशि अदा न करने की दशा में अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास पृथक से भुगताया जावे।



## राम जानकी मंदिर में गहोई होली मिलन

कटनी (स्वतंत्रमत)

होली मिलन, मथुरा की होली लठ्ठ मार, बजवासी ड्रेस एवं फूलों की बोछार गुलाब एवं सतरंगी और फूल और गुलाब से गोपियों ने कृष्ण के साथ होली खेली, जिसमें कृष्ण रजनी बिलैया बनी। मटकी फोड़ फूलो से भरी एवं नृत्य कर एवं होली के गान रूपं ठंड़ाई और नाश्ता का आनंद उठाया। आरती कर सभी को प्रसाद दिया गया। सभी बहने वहाँ पहुंची रजनी विलैया, सुनिता तपा, मीना सुहाने, शोभा, सीमा, मीना सरावगी, उर्मिला, सुगन, तारा विनिता और अन्य लेडिज वहाँ मंदिर में पहुची।

# परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए छात्राओं को किया प्रेरित

कटनी (स्वतंत्रमत)



शासकीय कन्या महाविद्यालय में 29 मार्च को प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में वाणिज्य संकाय के अंतर्गत परीक्षा पूर्व मार्गदर्शन शिविर का समापन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया इसके पश्चात महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों का तिलक लगाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। यह समापन शिविर महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं की परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें हर वर्ष की छात्राओं के लिए सभी विषयों की पांच दिवसीय कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य संकाय के शिक्षकों ने अपने विषय के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की और छात्राओं का परीक्षा पूर्व तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान किया। मंच का संचालन डॉक्टर संजयकांत भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में ईशा अहिरवार मनीषा अहिरवार आस्था खरे, जिज्ञा जैन, सानिया रघुवंशी, सौम्या बिलैया, आशू मिश्रा, रेनू केवट, वृंदा आदि छात्राओं ने पांच दिवसीय शिविर के बारे में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. साधना जैन डॉ. विमला मिंज, डॉ. किरण खरादी, डॉ. आर.के. गुप्ता नागेंद् यादव, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉक्टर वंदना मिश्रा, डॉ वीणा सिंह गुप्ता, डॉ. अमिताभ पांडेय, प्रो.के.जे. सिन्हा, बिनेश यादव, डॉ. अशोक शर्मा, प्रेमलाल कॉवरे, प्रियंका सोनी, डॉ. पी.सी कोरी, सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, देववती चक्रवर्ती, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, आंजनेय तिवारी, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. अनिका वालिया, पूनम गर्ग, डॉ. श्रद्धा वर्मा, विनीत सोनी, भीम बर्मन, श्वेता कोरी, सोनिया कश्यप, त्लेश कुशवाहा, इमरान खान, मदन सिंह मरावी सहित शिक्षक और छात्राओं की उपस्थिति रही। उनकी भागीदारी ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य प्रभारी डॉ. किरण खरादी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने होली मिलन एवं भजन समारोह का किया आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



हिन्दू नववर्ष के आगमन पर बस ऑपरेटर एसोसिएशन के तत्वावधान में चैत्र नवरात्री के पावन अवसर में होली मिलन एवं भजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शक्ति की आराधना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, एसडीएम प्रदीप मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व प्रसासनिक अधिकारियों, पत्रकारों की उपस्थिति रही। इस दौरान आयोजित भक्ति गीतों की श्रंखला के वीच अतिथियों का स्वागत कटनी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभप्रकाश मिश्र व बस ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई सभी ने एक दूसरे से गले मिल कर हिन्दू नववर्ष, रंग भरी होली की शुभकामनाएं दी।

# बाबा घाट से मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग का डामरीकरण हुआ पूर्ण

## महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मार्ग का लिया जायजा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कायाकल्प अन्तर्गत बाबाघाट से मंगल नगर तक वैकल्पिक मार्ग बनकर तैयार हो गया है, जिससे अब लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। वैकल्पिक मार्ग ना होने से लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे इस समस्या के निराकरण हेतु लगभग 29 लाख कि लागत से उक्त मार्ग में डामरीकरण कार्य कराया गया है। कार्य पूर्ण होते ही रविवार की शाम महापौर प्रीति संजीव सूरी क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी के साथ इस मार्ग का जायज़ा लेने पहुँची। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग हेतु महापौर सूरी को धन्यवाद दिया। विदित हो महापौर ने कायाकल्प के तहत इस रोड को पिछले वर्ष ही बनवाना चाहा था, किंतु उक्त स्थल पर नाला ना होने के कारण रोड खराब होने की संभावना को देखते हुए उन्होंने उक्त सड़क डामरीकरण कार्य को काफी समय तक रोककर लगभग 60 लाख की लागत से नाले का प्रस्ताव बनवाकर पहले स्थल पर नाले का कार्य पूर्ण कराया तत्पश्चात् सड़क निर्माण कराया गया है। महापौर ने सभी स्थानीय जनों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्य हेतु हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, भाजपा के सभी वरिष्ठ जनों एवं क्षेत्रीय पार्षद को धन्यवाद दें जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं सफल प्रयासों से शहर में विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 मीटर रोड पर कार्य नहीं कराया जा सका चूँकि वो रेलवे के आधिपत्य में हैं, इसके लिए वे स्वयं रेलवे एरिया मैनेजर से बात करके पूरे प्रयास करेंगी की वहाँ पर भी कार्य कराया जा सके। इसके बाद उन्होंने स्थानीय देवी मंदिर में पहुँच माँ भगवती के दर्शन कर नगर उन्नति एवं मंगल की कामना की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, ठेकेदार सचिन दुबे भी मौजूद रहे।

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

## कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में प्रवेशोत्सव आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों सहित जिला परियोजना समन्वयक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजित किए जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों और पंच सरपंचों अवश्य आमंत्रित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाय। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रह रहे चिन्हित बच्चों का शाला में अवश्य नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये और ये आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व से अवगत कराने और प्रेरणादायी कहानियाँ बच्चों को सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है। विभाग से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से सुलभ तरीके से प्राप्त की जा सकेगी।

# पंजाब की बादशाहत को चुनौती देने तैयार है पंत की सेना

**लखनऊ (वार्ता)।** उत्साही कप्तान ऋषभ पंत की अगुवाई में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) मंगलवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पर जीत दर्ज कराने के इरादे से अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर उतरेगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मैच में लखनऊ के निकोलस पूरन की धमाकेदार फॉर्म और पंजाब के श्रेयस अय्यर की कप्तानी की झलक देखने को मिलेगी। दोनों टीमों ने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। पूरन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में 250 से अधिक रन बनाए हैं और अकेले दम पर एलएसजी के लिए मैच का रुख बदला है।






इस बीच, अय्यर की कप्तानी और पीबीकेएस के शुरुआती मैच में 42 गेंदों पर नाबाद 97 रन ने उनके अभियान को एक नया आयाम दिया है। दोनों टीमें अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हैं, ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। लखनऊ ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल की। दूसरी ओर, पंजाब ने अपने अभियान की शुरुआत गुजरात टाइटन्स पर शानदार जीत के साथ की। पूरन के अलावा, मिशेल मार्श ने उनकी हालिया जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने एलएसजी के लिए 31 गेंदों पर 52 रनों की ठोस पारी खेली। ऋषभ पंत और डेविड मिलर अभी तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं, लेकिन मैच जिताने वाली पारी खेलने की क्षमता रखते हैं।

गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर ने दो मैचों में छह विकेट लेकर अगुआई की है। युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने पिछले मैच में प्रभावित किया, जबकि रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में अहम खतरा बने हुए हैं। अय्यर की अगुआई में पंजाब की बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है। प्रियांश आर्य और शशांक सिंह ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेली। गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन से आक्रमण की अगुआई करने की उम्मीद है।

युजवेंद्र चहल लखनऊ की पिच पर अहम भूमिका निभाएंगे, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। लखनऊ स्टेडियम में संतुलित सतह होने की उम्मीद है, जिसमें स्पिनर बीच के ओवरों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, हालाँकि मैच में बाद में ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को फ़ायदा हो सकता है। मौसम का पूर्वानुमान गर्म और आर्द्र परिस्थितियों का संकेत देता है, बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। दोनों टीमों ने टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन पंजाब अपने समग्र संतुलन और बल्लेबाजी की गहराई के कारण थोड़ा आगे नज़र आता है। पंजाब की मारक क्षमता का मुकाबला करने के लिए लखनऊ की गेंदबाजी इकाई को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**टीमें:- पंजाब किंग्स:** निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आयुष बदोनी, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, दिग्वेश राठी, प्रिंस यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसेन, अर्शदीप सिंह। युजवेंद्र चहल, नेहल वढेरा (इम्पैक्ट प्लेयर)।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** हिम्मत सिंह, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आयुष बडोनी, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, अर्शिन कुलकर्णी, युवराज चौधरी, शाहबाज अहमद, आरएस हंगरगेकर, शार्दुल ठाकुर, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, आर्यन जुयाल, ऋषभ पंत (कप्तान), रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, शमर जोसेफ, अवेश खान, प्रिंस यादव, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी।



# भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीते 10 पदक

**अम्मान (वार्ता)।** एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। जॉर्डन के अम्मान में चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को फ्री स्टाइल कुश्ती के पांच भार वर्गों में मुकाबलों में दो भारतीय पहलवान उदित (61 किग्रा) और दीपक पुनिया (92 किग्रा) फाइनल में पहुंचे। दो अन्य मुकुल दहिया (86 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की। 92 किग्रा के फाइनल मुकाबले में दो बार के एशियन चैंपियन ईरान के अमीर हुसैन फिरोजपुर के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर दीपक पूनिया 10-0 से हार गए। चैंपियनशिप में दीपक पूनिया का पांचवां पदक था। उन्होंने तीन रजत, दो कांस्य सहित कुल पदक जीते हैं। पूनिया के पिछले सभी पदक 86 किग्रा वर्ग में आए थे। फाइनल में पहुंचने से पहले दीपक पूनिया ने मुश्किल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के बेकजात राखिमोव को 12-7 से हराया था। इसके बाद जापान के ताकाशी इशिगुरो को 8-1 के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतीय पहलवान उदित को 61 किग्रा के फाइनल में जापानी पहलवान सुदा ताकारा से 6-4 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। उदित ने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजर उलु को 9-6 और चीन के वानहाओ जोउ को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। भारतीय पहवालन दिनेश जो कि 125 किग्रा के सेमीफाइनल में मंगोलिया के मुंखतुर लखगवागेरेल से हार गए थे। उन्होंने अपने मौके का पूरा फायदा उठाया और तुर्कमेनिस्तान के जियामुहम्मत सपारोव को 14-12 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने रविवार को इस चैंपियनशिप में तीन पदक जीते।

## पराग पर लगा धीमे ओवर गति के लिए जुर्माना

**गुवाहाटी (वार्ता)** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के अस्थाई कप्तान रियान पराग पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार धीमी ओवर गति को लेकर रियान पराग की टीम की यह पहली गलती है इसलिए आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पराग इस सीजन में इस नियम के तहत दंडित होने वाले दूसरे कप्तान हैं। इससे पहले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया गया था। आरआर ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर इस आईपीएल सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। पराग को पहले तीन मैचों के लिए अस्थाई रूप से टीम का कप्तान बनाया गया था। संजू सैमसन उंगली की चोट से उबर रहे हैं और केवल बल्लेबाजी के तौर पर खेल रहे हैं। इस दौरान ध्रुव जुरेल टीम के लिए विकेटकीपर की भूमिका निभा रहे है।



# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा, हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए गर्व का क्षण है और हम टूर्नामेंट के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप है, और मुझे विश्वास है कि यह खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक रोमांचक माहौल प्रदान करेगा।



## चोटिल उस्मान खान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर

**हेमिल्टन (वार्ता)** पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गये थे एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने पहले एकदिवसीय पदार्पण मैच में 33 गेंदों पर 39 रन बनाये थे। हेमिल्टन में बुधवार को दूसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा।



# रिप्लस का बैटरी विनिर्माण संयंत्र विस्तार योजना का एलान


**नई दिल्ली (वार्ता)।** बैटरी निर्माण कंपनी रिप्लस ने सोमवार को अपने वर्तमान एक गीगावाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) उत्पादन संयंत्र को अगले साल तक छह जीडब्ल्यूएच तक विस्तार करने की योजना का अनावरण किया।कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस विस्तार में अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीकों को शामिल किया जाएगा ताकि भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) बाजार की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्नत रिप्लस छह जीडब्ल्यूएच संयंत्र को हाई-स्पीड ऑटोमेशन मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री का अपनाना और अगली पीढ़ी के उत्पादों का निर्माण जैसी विशेषताओं के साथ डिजाइन किया जाएगा। बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र एक सेल केमिस्ट्री और टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसमें उच्च ऊर्जा घनत्व सेल, ब्लेड सेल, भविष्य की सेल केमिस्ट्री जैसे एनए-आईऑन, एलएमएफपी और एलटीओ को संभालने की क्षमता होगी।इस संयंत्र से बनने वाले उत्पाद विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उपयुक्त होंगे, जिनमें ईवी यात्री वाहन, ईवी बसें, ईवी ट्रक और ग्रिड-स्तरीय नवीकरणीय संयंत्र शामिल हैं। इनमें एडवांस्ड बैटरी पैक्स और लिक्विड कूल्ड बीईएसएस कंटेनर सॉल्यूशन का भी निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर एलएनजी भिलवाड़ा समूह के उपाध्यक्ष रिजु झुंझुनवाला ने कहा, हम हमेशा अपने विभिन्न कारोबारों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहे हैं। रिप्लस संयंत्र का छह जीडब्ल्यूएच तक विस्तार करना भारत की सतत वृद्धि और ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रिप्लस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हिरेन प्रवीन शाह ने कहा, इस विस्तार के साथ रिप्लस वैश्विक स्तर पर ऊर्जा भंडारण के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हाई-स्पीड ऑटोमेशन और अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीकों को एकीकृत करके हम ईवी और ईएसएस एप्लिकेशन्स के लिए उद्योग में अग्रणी उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।





# सोना, चांदी मजबूत

इंदौर (वार्ता)। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी में मांग से मजबूती दर्ज गई । आज सोना 1000 रुपये तथा चांदी 1100 रुपये बढ़कर बिकी । सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 3117 डालर व चांदी 3417 सेन्ट रुपये प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 92000 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 101900 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।




## ईद-उल-फित्र पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई (वार्ता)।** ईद-उल-फित्र त्योहार के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब मंगलवार से सामान्य कामकाज होगा।

# एचबीएल इंजीनियरिंग को कवच के लिए मिले 762 करोड़ के ऑर्डर




**नई दिल्ली (वार्ता)।** एचबीएल इंजीनियरिंग को सेंट्रल रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के लिए पांच ऑर्डर दिए हैं, जिनकी कुल कीमत 762.56 करोड़ रुपये है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस साल अब तक उसे कवच से जुड़े कुल 3618 करोड़ रुपये के ठेके मिल चुके हैं। ये ठेके 413 रेलवे स्टेशनों के बीच लगभग 3900 किलोमीटर के ट्रैक पर कवच प्रणाली लगाने के लिए दिए गए हैं और इन्हें पूरा करने में 18 महीने लगेंगे। कवच एक आधुनिक तकनीक पर आधारित सुरक्षा प्रणाली है, जो ट्रेन चलाते समय किसी गलती या आपातकाल में अपने आप ब्रेक लगा देती है। यह सिस्टम खासकर तब काम आता है जब लोको पायलट सही समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता या मौसम खराब होता है। रेलवे के अनुसार, ट्रैक पर कवच लगाने का खर्च लगभग 50 लाख रुपये प्रति किलोमीटर है और इंजनों में यह सिस्टम लगाने का खर्च करीब 80 लाख रुपये प्रति इंजन है।अब भारतीय रेलवे पूरे देश में इस कवच प्रणाली को बड़े पैमाने पर लगाने की योजना बना रहा है। फिलहाल, तीन कंपनियों को इस सिस्टम की आपूर्ति की मंजूरी दी गई है और बाकी कंपनियों का परीक्षण चल रहा है। रेलवे ने 10 हजार इंजनों में कवच प्रणाली लगाने की योजना बनाई है। इसके अलावा 15 हजार किलोमीटर ट्रैक पर इस सिस्टम को लगाने के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, जिनमें से 1865 किलोमीटर के लिए ठेके पहले ही दिए जा चुके हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली (वार्ता)।** विदेशी बाजार में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया में ईद-उल-फित्र पर अवकाश के कारण आज कारोबार नहीं हुआ। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की बढ़त के साथ 45.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल = 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।



# आंध प्रदेश ने केंद्र से जैव प्राद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की मांग की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार ने यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी डॉ. जितेंद्र सिंह से भेंट की और अपने राज्य में जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र से अधिक सहयोग की मांग की। मंत्रालय की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राज्य में जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने तथा केंद्रीय सहायता से चल रही पहलों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया।



**नवाचार लाने के लिए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता :-** बयान में कहा गया है कि राज्य को मोदी सरकार की ओर से निरंतर सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हुए सत्य कुमार ने डॉ सिंह को स्वास्थ्य सेवा में प्रगति और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए जैव प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए आंध्र प्रदेश की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। उन्होंने राज्य में अत्याधुनिक नवाचार लाने के लिए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिंह ने केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार ने जैव प्रौद्योगिकी को एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स और टिकाऊ स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया और कहा कि आंध्र प्रदेश ऐसी प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा :-** डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आंध्र प्रदेश भारत के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बायोफार्मास्युटिकल अनुसंधान, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी और कृषि जैव प्रौद्योगिकी समाधान जैसे क्षेत्रों में एक प्रमुख राज्य के रूप में उभरा है। राज्य में कई बायोटेक इनक्यूबेटर और अनुसंधान संस्थान हैं जो नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी) के जरिए वित्त पोषण और राष्ट्रीय बायोटेक मिशन जैसी पहलों के साथ, आंध्र प्रदेश ने बायोटेक स्टार्टअप और उद्योग साझेदारी में उल्लेखनीय वृद्धी है


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रीतेश पान्डे आत्मज श्री ब्रम्हदत्त पाण्डे निवासी-1735, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड दीक्षितपुरा, जबलपुर जो कि मौजा नंदना, नं.ब. 305, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. माढ़ोताल व अधारताल जिला जबलपुर के खसरा नं. 79/1, 94, 100, 124, 126, 129, 131 रकवा 0.060 हे., 0.010 हे., 0.340 हे., 0.40 हे., 0.350 हे., 0.250 हे., 1.920 हे. कुल रकवा 2.792 हेक्टेयर जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रीमती कमला पान्डे पत्नि स्व. रामचरण पान्डे एवं शिवचरण पान्डे आत्मज स्व. सरमन लाल पान्डे के नाम से दर्ज है जिसमें श्रीमती कमला पान्डे का उक्त सम्पत्ति में अविभाजित 1/2 हक/हिस्सा है एवं मौजा करमेता, प.ह.नं. 79, रा.नि.मं. माढ़ोताल, तहसील अधारताल जिला जबलपुर (म.प्र.) के खसरा नं. 331/1 रकवा 0.2400 हेक्टेयर भूमि पर रामचरण पान्डे एवं शिवचरण पान्डे दोनों पुत्र सरमन लाल पान्डे के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज है। जिसमें रामचरण पान्डे की मृत्यु उपरांत भी श्रीमती कमला बाई पान्डे का उक्त खसरे में 1/2 हिस्सा रहा। श्रीमती कमला पान्डे द्वारा अपने जीवनकाल में अविभाजित 1/2 हिस्से को विधिक रजिस्टर्ड दस्तावेज निष्पादित कर स्व. शिवचरण पान्डे के नाती रीतेश पान्डे को प्रदत्त कर चुकी हैं। उक्त विधिक रजिस्टर्ड दस्तावेज के आधार पर मेरे पक्षकार का उपरोक्त वर्णित भूमि पर हक्क हिस्सा एवं स्वामित्व है ।

अतः सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं वित्तीय संस्था एवं आमजन को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, तमलीकनामा, गिरवीनामा एवं अन्य हस्तांतरण पत्र निष्पादित न करें अन्यथा उपरोक्त दस्तावेजों के निष्पादन में वे सभी स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा पक्षकार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा ।

जबलपुर
दिनांक 31-3-2025

भवदीय
N.K. Patel
Advocate
229, Kachhiyana Mohalla, Jawaharganj Ward, Jabalpur (M.P.)

# परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पर सैद्धांतिक सहमति

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली



सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। सचिव परिवहन मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जायेंगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी।

### सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी

बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी। बताया गया की नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को भी बेहतर माहौल और उन्हें कन्टीन्यू बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में की गई है, जिससे आपरेटर्स की बस सेवाएं बाधित न हो और यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।

# राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल के संबंध में की चर्चा

भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है। राज्यपाल श्री पटेल द्वारा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने



आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव श्री बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

# खेत की नरवाई में लगी आग जंगल तक पहुंची

हटा

बटियागढ़ ब्लाक के बरी कनोरा में खेत की नरवाई में आग लगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है किसोमवार शाम करीब 4 बजे नरवाई की यह आग पास में लगे जंगल तक पहुंचने लगी। आग फैलते देख आसपास के लोगों और किसानों द्वारा आग बुझाने प्रयास शुरू किए गए और कड़ी मशक्कत के बाद नरवाई की आग बुझाई जा सकी। इसके पूर्व



रविवार को हटा नगरीय क्षेत्र के बूढा हटा में खेत की नरवाई में लगाई गई आग की सूचना पर नपा द्वारा फायर वाहन भी भेजा गया किंतु पता लगा कि नरवाई में आग लगाई गई है। गौरतलब है कि कलेक्टर दमोह के सख्त प्रतिबंध के बावजूद भी नरवाई रमें आग लगाए जाने के मामले सामने आ रहे हैं।

# जामा मस्जिद की ईदगाह में अदा की ईद उल फितर की नमाज



**पथरिया।** पथरिया में स्थित जामा मस्जिद की ईदगाह में 31 मार्च को समस्त मुस्लिमों ने एक साथ मिलकर अदा की ईद उल फितर की नमाज जिसे हम मीठी ईद के नाम से भी जानते है। यह त्योहार मुस्लिम समुदाय का मुख्य त्यौहार है जो कि रमजान महीने के 30 रोजो के बाद आता है। आपको बता दे कि रोजा रख अल्लाह की इबादत करने से बंदे पर अल्लाह की रहमत बरसती है। अल्लाह की इबादत करने से जाने-अनजाने में किए गए सभी गुनाह माफहो जाते हैं। ईद के मौके पर दान और जकात करना बेहद जरूरी माना गया है। ईद उल फितर पर अन्न और धान का दान करना चाहिए। सिरोंज मध्य प्रदेश से आए मौलाना सिद्दीक द्वारा रमजानो में कुरान पूरा किया गया तथा इनके द्वारा ही ईद की नमाज पढ़ाई गई मौलाना ने ईद की नमाज के तरीके बताए तथा पूरी उम्मत के लिए दुआएं की जिसमें कहा गया कि सारी दुनिया के लोगों में भाईचारा बनाए रख और अपने भारत देश को दुनिया के सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचा मेरे रब। इन सबके उपरांत मौलाना के द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग को देखते हुए उनके हक में दुआएं मांगी तथा उनकी पदों उन्नति की दुआएं अल्लाह से मांगी। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन से लेकर अनुविभागीय अधिकारियों तक का पूरा सहयोग रहा। वहीं नमाज की शुरुआत से लेकर नमाज खत्म होने तक थाना प्रभारी सुधीर बेगी सहित समस्त पुलिस दल बल ने अपनी मौजूदगी बनाई रखी तो वहीं पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया भी पूरी नमाज अदा होने तक वही पर रहे। नमाज खत्म हो जाने के बाद यह सभी समस्त नमाजियों से मिले तथा उन्हें गले लगाकर ईद की बधाई दी।

# वैश्य दिवस पर निकाली विशाल वाहन रैली

दमोह

वैश्य महासम्मेलन मप्र संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के निर्देशन में एवं प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपूर्ण मध्यप्रदेश में चैत्र नवरात्रि नव वर्ष, वैश्य दिवस के उपलक्ष्य में विशाल वाहन रैली, समापन पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, समाज की एकजुटता का संदेश दिया। जिसमें वैश्य समाज के संरक्षक पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक आदरणीय जयंत मलैया जी ने भगवा झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। आयोजन में सर्वप्रथम श्रीराम मंदिर मोरगंज में वैश्य महासम्मेलन के संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला प्रभारी पदम इटोरिया, जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश असाटी युवा संभाग प्रभारी जुगल अग्रवाल महिला प्रभारी विद्या असाटी, युवाध्यक्ष विकास अग्रवाल नगर अध्यक्ष अनिता अग्रवाल एवं सभी वैश्य बन्धु ने पूजन अर्चन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया, वाहन रैली में देवी मां की सजीव झांकी रखी



गई जहां सभी मार्गों पर पूजन माल्यार्पण एवं स्वागत हुआ। वैश्य महासम्मेलन के इस आयोजन में सभी इकाई ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों लोगों ने एकत्रित होकर वैश्य समाज की एकता, समर्पण और समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। समाज के वरिष्ठ जन, महिलाएँ, युवा एवं बच्चे इसमें शामिल हुए और वैश्य समाज के गौरवशाली इतिहास व योगदान को उजागर किया। संपूर्ण रैली मार्ग स्वागत गेट बड़ी संख्या में वैश्य बंधुओं द्वारा लगाएं गए। रैली के स्वागत में पुष्प वर्षा, ठंडा वितरण, मिष्ठान वितरण, मेवा वितरण किया गया स्वागतकर्ता में मीनू सुरेखा, अनिल अग्रवाल एंपोरियम, इटोरिया मेडिकल, लखन गुप्ता, श्याम दीपक अग्रवाल, रूपेंद्र असाटी, नरेंद्र अग्रवाल, साहू वैश्य समाज द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ किया। जिला अध्यक्ष ने कहा वैश्य समाज ने व्यापार, अर्थव्यवस्था और समाजसेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। इस अवसर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट शिव अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, किशोर अग्रवाल, राकेश पुजारी, विनोद अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अनिल नेमा, वीरेंद्र अग्रवाल, लखन गुप्ता, महेंद्र नेमा, राकेश अग्रवाल शटर, वीरेंद्र असाटी, महिला इकाई से कंचन असाटी सहित वैश्य बंधु रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा यह रैली समाज की शक्ति और संगठन का परिचायक है। हमें अपनी एकता को और मजबूत करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी समाजसेवा और संगठन के प्रति जागरूक रहें। महिला इकाई अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा, महिलाओं की भागीदारी समाज को और अधिक सशक्त बनाती है। हमारी महिला इकाई निरंतर सामाजिक कार्यों में योगदान देती रहेगी और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगी। वैश्य महासम्मेलन ने सभी समाज बंधुओं से आह्वान किया कि वे समाज की उन्नति और एकता के लिए संगठित होकर कार्य करें और युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने के प्रयास करें।

# नारी शक्ति संस्था ने केसरिया ध्वज लहराकर नए वर्ष का किया आगाज



दमोह

विप्र नारी शक्ति संस्था दमोह की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती मीना पाठक और जिला अध्यक्ष श्रेया पाठक के निर्देशन में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में पाठक कॉलोनी शिव मंदिर के गार्डन में सूर्य नारायण को तांबे के लोटे से उनके 11 नाम का उच्चारण करके अर्घ दिया गया। गायत्री मंत्र का उच्चारण करके केसरिया ध्वज लहरा कर नए वर्ष का आगाज किया और सूर्य नारायण से प्रार्थना की सब स्वस्थ रहें सुखी रहें यह वर्ष सबके लिए मंगलमय हो दोपहर 3 बजे से मीना पाठक के निवास स्थान पर रामायण का पाठ और देवी गीतों का आयोजन रखा गया जिसमें ढोलक और नगरिया की धुन पर देवी गीतों का आनंद सभी ने लिया। इस अवसर पर जिला संरक्षिका बबीता चौबे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रगति मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, महामंत्री निधि मिश्रा, जिला संगठन महामंत्री श्रीमती सीमा हजारी, जिला उपाध्यक्ष आरती चौबे, माधुरी पाठक जिला कोषाध्यक्ष इंदु, जिला सचिव श्रीमती जानकी गर्ग, सरोज तिवारी, मालती मिश्रा, सुशीला, कुसुम चौबे, वर्षा तिवारी, जिला महामंत्री सविता पांडे, दीप्ति चौबे, उषा पांडे धार्मिक प्रकोष्ठ की प्रभारी चंदा मिश्रा, संध्या गर्ग अंशु गर्ग संगीता पाराशर, जागृति शुक्ला, कुसुम मिश्रा, प्रभा, बबिता तिवारी, रागिनी मिश्रा, कला साहित्य की प्रभारी पदम तिवारी, रैना सरवरिया, लता शर्मा, निशा तिवारी, शोभा तिवारी, लता चौबे, नीना दुबे सहित मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों में जल चढाने लग रहा भक्तों का तांता



**हटा।** शक्ति की उपासना और देवी जी की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से शीतला माता मंदिर और चंडी जी मंदिर में जल अर्पण के लिए श्रृद्धालु पहुंच रहे हैं। सायंकाल दीप दंनके लिए महिलाओं की उपस्थिति हो रही है। सुप्रसिद्ध चंडी जी मंदिर में भी पूरे दिननभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा पीताम्बर पीठ, कलेही माता मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ एवं संतोषी माता मंदिर में भी सुबह से ही भीड़ देखने को मिल रही है जबकि वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ विधि विधान से किए जा रहे हैं। चंडी जी मंदिर में नौ दिवसीय मेले की शुरुआत हो गई है।

# भाजपा दीनदयाल नगर मंडल ने किया भगवान झूलेलाल जयंती शोभायात्रा का स्वागत

दमोह

सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की जयंती पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाई। पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे और रात में समाज के सैकड़ों लोगों के साथ एक शोभायात्रा निकाली गई। दिव्य ज्योति को शहर के पुराना तालाब में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा का भाजपा दीनदयाल नगर द्वारा घंटाघर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा तीनगुल्ली चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, टॉकीज तिराहा होते हुए पुरैना तालाब पहुंची। जहां पर दिव्य ज्योति का विसर्जन हुआ। इसके पूर्व सुबह से



सिंधी समाज के युवाओं द्वारा जयंती उपलक्ष्य में शहर के मुख्य मार्गों से बाइक रैली निकाली। शोभायात्रा के स्वागत के दौरान भाजपा जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, कृष्णा राज, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, अनुपम सोनी, जुगल अग्रवाल, श्याम दुबे, श्याम विश्वकर्मा, विधान पारासर, अखिलेश चौबे आदि उपस्थित रहे।

# दमोह ईदगाह में अदा की ईद की नमाज

## हजारों मुस्लिम भाइयों ने दी एक दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद

दमोह

शहर के फुटेरा तालाब सहित शहर भर की करीब 15 मस्जिदो में नमाज अदा की गई। साथ ही जिले भर में भी शांतिपूर्ण तरीके नवाज अदा की गई। इस दौरान फुटेरा तालाब ईदगाह में साहिब हाफिज मुनव्वर रजा रब्बानी ने नवाज अदा कराई। इस दौरान सैयद कुतुब अली काजी शहरए आजम खान सहित करीब 5000 मुस्लिम समुदाय ने नवाज अदा की। ईदगाह में कुल 89 हजार रुपए का चंदा एकत्रित हुआ। इस दौरान पुलिस-प्रशासन में एडिशनल एसपी संदीप मिश्राए, सडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार मोहित जैन, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई देहात



रचना मिश्रा, नगर पालिका पीडब्ल्यूडी, एंबुलेंस के अलावा और भी व्यवस्थाएं, विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण और पुलिस बल मौजूद रहा। साथ ही कांग्रेस से पूर्व विधायक अजय टंडन, रतन चंद्र जैन, मनु मिश्रा, राजा रौतेला मौजूद ने उपस्थित रहकर सभी मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारक दी। इस बार नवरात्रि और ईद एक साथ होने पर पुलिस प्रशासन द्वारा शानदार रूप से बैरिकेडिंग की गई जिससे शांतिपूर्ण तरीके से दोनों कार्यक्रम चल रहे थे।

## हटा में भी नमाजियों ने अदा की नमाज

हटा में रमजान के पाक महीने के बाद सोमवार को ईद उल फितर का त्यौहार देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। शास्त्री वार्ड स्थित ईद गाह में जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज कारी व फाजिल इमरान रजा साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। इसी दौरान देश में अमन चैन की दुआ मांगी। हाफिज इमरान रजा साहब ने बताया यह खुशियों की ईद है। देश मे माहौल खुशगवार रहे। अमनो अमान कायम रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी। जिला प्रशासन को हर अप्रिय परिस्थिति से निपटने का जज्बा और ताकत अल्लाह ताला अता फरमाए ताकि



वह लोगों की सुरक्षा आसानी से कर सके। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगो की उपस्थिति रही। इसके बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी वहीं छोटे बच्चों ने आकर्षक परिधान पहनकर निकले और सेवईयां खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान हटा एसडीएम राकेश मरकाम हटा एसडीओपी प्रशांत सुमन, हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय सहित प्रशासन अमला मुस्तेद रहा।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 30/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शैली जैन पत्नि श्री सचिन जैन ने वार्ड क्रमांक 65 के भवन क्रमांक 1351/2 वी कैलाशपुरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399416 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 800 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 600 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री राजेश कुमार सोनी पिता स्व. श्री जमना सोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# हिन्दू संगठित तो सुरक्षा की गारंटी है : दीपांकर स्वामी





## 31 फीट की गदा, झांकियां रहीं आकर्षक

## शहर में गदा यात्रा ने किया भ्रमण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रतिवर्षानुसार हिन्दू सेवा परिषद् के त्रयोदश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर रविवार को नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से गदा यात्रा निकाली गई। गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र बनाने के साथ भारत माता और जय जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। डॉ स्वामी मुकुंददास महाराज, स्वामी पगलानंद महाराज एवं उत्तर प्रदेश से प्रखर हिन्दू वक्ता सन्यासी दीपांकर स्वामी तथा हिन्दू जनजागृति के प्रचारक आनंद जाखोटिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### हिंदुओं को एक करने भिक्षा यात्रा

इस गदा यात्रा में दीपांकर स्वामी ने भिक्षा यात्रा भी प्रारंभ कर दी। 890 दिनों से लगातार 6 राज्यों में पैदल चलकर हिंदुओं को एक करने हेतु भिक्षा यात्रा स्वामी जी के द्वारा चलाई जा रही है, उसी कड़ी में आज जबलपुर मध्य प्रदेश में पहली बार इस यात्रा में स्वामी जी ने भिक्षा मांगी। स्वामी दीपंकर जी ने कहा कि हिंदू के संगठित होने से ही उसकी सुरक्षा की गारंटी है, यह भी वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक हिन्दू परिवार को हिन्दू संगठनों से जोड़ने की आवश्यकता है, यह भी मंच से कहा कि धर्म से बड़ी जाति नहीं होती, हम सिर्फ सनातन है यह कभी भूला नहीं चाहिए, हिंदुओं को जात-पात से हटकर कार्य करना होगा। स्वामी जी ने यह भी कहा कि भारत को वक्त बोर्ड के नियमों से मुक्त कराकर अखंड हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करनी है।

### विशाल यात्रा का जगह-जगह स्वागत

परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फिट की मिट्टी की भगवा गदा रहा। गदा यात्रा में गदा के अलावा 3 दुर्लभ झाकियां, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे एवं भगवा ध्वज शामिल रहे। यात्रा में हनुमान जी की 10 फीट की जीवंत झांकी एवं शिव तांडव की सजीव प्रस्तुति का विशेष आकर्षण रहा। गदा यात्रा श्री हनुमान जी के मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, कमानिया गेट, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट से होते हुए मालवीय चौक में धर्म सभा के रूप में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, गौरव साहू, धीरज ज्ञानचंदानी, पंकज कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, संदीप कच्छवाहा, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक,विनय राजपूत, अंकित साहू, सचिन पटेल, अमित कोल, पप्पू सेन, अक्षय शुक्ला एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्रपति शिवाजी विश्व के सर्वश्रेष्ठ सेनापति थे

# पाक जनरल अयूब खान भी शिवाजी के प्रशंसक रहे : डॉ अजित आपटे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बालबोध शिक्षण मंडल के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन पूना से पधारे इतिहासकार डॉ अजित आपटे का व्याख्यान संपन्न हुआ। डॉ आपटे ने शिवाजी की शासन व्यवस्था पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत ही नहीं विश्व के सर्वश्रेष्ठ सेनापति थे। भारत के शत्रु देश पाकिस्तान के मुखिया रहे जनरल अयूब खान भी शिवाजी के युद्ध कौशल के बड़े प्रशंसक रहे। शिवाजी हर चीज को अंजाम देते थे। अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले शिवाजी का आर्थिक प्रबंधन व्यवस्थित रहा। डॉ आप्टे ने बताया कि शिवाजी समुद्री मार्ग से अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने के लिए समुद्र के किनारे 11 किले बनवाये थे। खाड़ी और समुद्र में शिवाजी का ऐसा वर्चस्व था



कि उनके जहाज बगदाद तक जाते थे। अंग्रेजों ने भी शिवाजी के प्रबंधन का लोहा माना। शिवाजी ब्रिटिश और डच लोगों से संवाद करते थे। शिवाजी महाराज के शासन में 30 लाख कर्मचारी मासिक वेतन पर काम करते थे।

***इनकी रही उपस्थिति-*** कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अजित आपटे, डॉ. शिरीष जामदार, अनुराधा खांडेकर, डॉ शिरीष नाईक, डॉ जयंत तनखीवाले, सीमा राठोर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके पश्चात मंडल अध्यक्ष प्रदीप फाटक द्वारा डॉ अजित आपटे का पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र जामदार,सच्चिदानंद शेकटकर, दिलीप कुंभोजकर,मनोज चौधरी, आलोक सप्रे, राजा हिरस्कर, संजय खांडेकर सतीश तलेगांवकर उपस्थित थे, संचालन वर्षा दांडेकर ने किया।

## भाईचारे के साथ मनाई गई ईद



इस्लाम धर्मावलम्बियों के पवित्र माह रमजान के बाद सोमवार को शहर में ईद का त्यौहार मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ईद की खुशियां बिखरी हुई दिखी। ईदगाहकलां रानीताल में मुसलमानों ने एक साथ सामूहिक रुप से ईद की नमाज अदा की। इस अवसर पर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा ने कहा इस्लाम वो मजहब है जिसने कैसे जीना है इस पर हर तरह से जानकारी दी है। प्रत्येक मुसलमान पर 5 वक्त की नमाज फर्ज है लेकिन बीमार, बुजुर्ग और महिलाओं, बच्चों को परिस्थिति के अनुसार छूट भी है। मुसलमानों को तालीम हासिल करना चाहिए, बच्चों को मोबाइल से दूर करना चाहिए।

# टहलने निकले अधेड़ को वाहन ने रौंदा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढ़ा थाने से चंद कदमों की दूरी पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञान वाहन ने 55 वर्षीय शख्स को रौंद दिया। घटना में उन्हें गंभीर चोट आई । स्थानीय लोग उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां कुछ ही देर बात उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम कमल चक्रवर्ती है। वह पेशे से मिट्टी के मटके (कुम्हार) बनाने का काम करते थे। सोमवार सुबह वह घूमने के लिए त्रिपुरी चौक से मेडिकल कॉलेज तरफ पैदल जा रहे थे। उसी दौरान उन्हें अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस के स्टाफ ने अज्ञात वाहन की तालाश शुरु कर दी है।

***सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस-*** पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। कमल चक्रवर्ती के बेटे नरेन्द्र चक्रवर्ती ने बताया कि सोमवार की सुबह के वक्त पिता पैदल टहलने निकले थे, तभी उन्हें वाहन ने टक्कर मार दी। नरेन्द्र का कहना है कि जिस जगह एक्सीडेंट हुआ है, वहां पर गाड़ी के टुकड़े पड़े हुए थे। इससे कार द्वारा टक्कर मारने की आशंका है।





## 1883 करोड़ उत्पादन का ओएफके ने बनाया रिकॉर्ड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आयुध निर्माणी खमरिया म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड पूणे की एक प्रतिष्ठित इकाई है जो वर्ष 1942 से भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, एवं अन्य रक्षा संगठनों के लिए गोला बारूद के उत्पादन में संलग्न है, दशकों से यह निर्माणी अपनी प्रतिबद्धता, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध रही है। आयुध निर्माणी खमरिया गुणवत्तापूर्ण नवीनतम तकनीकी के उत्पाद निर्मित करने के लिए उत्पादन क्षमता के आधुनिकरण पर विशेष कार्य कर रही है और भारतीय सेनाओं को समय से आपूर्ति करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उक्त बांते कहते हुए जनसंपर्क अधिकारी अविनाश शंकर ने बताया कि हमारे समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग रूपये 1883 करोड़ का रिकॉर्ड उत्पादन लक्ष्य हासिल किया गया है, जो हमारी क्षमताओं और प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और इस वर्ष भी आयुध निर्माणी खमरिया एमआईएल इकाइयों में सर्वोच्च उत्पादन करके अग्रणी रहा है । उन्होंने कहा कि आयुध निर्माणी खमरिया का संपूर्ण कार्यबल आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में और भी ऊँचाइयां छूने के लिए पूर्णतः समर्पित है । हम रक्षा उत्पादन क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ठग ने क्यूआर के जरिये उड़ाई रकम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आपके घर में तीन माह पहले नवजात शिशु हुआ है, जिसके आपको सात हजार रूपए भेजने है आप क्यूआर कोड भेज दीजिए। ये बातें साइबर ठग ने कहते हुए युवक के खाते से 48 हजार 490 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एवऊआईआर दर्ज कर आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी राकेश कुमार को एक फोन आया जिसके मोबाइल धारक ने अपना नाम रावेन्द्र बताते हुए कहा कि आपकी पत्नी ललिता को तीन माह पूर्व बच्चा हुआ है। जिसके चलते उसे सरकारी की ओर से सात हजार रुपए दिए जाने है। रकम भेजनी है आप क्यूआर कोड भेज दिए राकेश ने भतीजे राहुल का क्यूआर कोड भेज दिया जिसके बाद खाते से खाते 48 हजार 490 रुपए निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया।

# मानसिक रूप से कमजोर युवक तालाब में डूबा

### सिहोरा के ग्राम पौड़ा की घटना, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिहोरा थानातंर्गत ग्राम पौड़ा में एक मानसिक रूप से कमजोर युवक की तालाब के पानी में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को मुकेश कुमार लोधी ने बताया कि गांव में उसके चाचा का लड़का संजय उर्फ संजू पटेल रहता है, जिसका मानसिक



संतुलन ठीक नहीं रहता है, उसके माता.पिता का पूर्व में देहांत हो गया है। संजय की पत्नी सावित्री तीन दिन पहले अपने मायके गई हुई थी। संजय सुबह पांच बजे उठकर बाल्टी लेकर गांव के तालाब में नहाने जाता था। गत् दिवस भी वह नहाने के लिये गया, लेकिन लौटकर नहीं आया, जब उसकी तलाश की गई तो दोपहर दो बजे के लगभग उसका शव पौड़ा तालाब में उतराते हुए मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### *युवक की ट्रेन से कटकर मौत*

**जबलपुर।** पनागर थाने में देवरी स्टेशन के प्वाइंटमेन संदीप चौबे ने सूचना दी। जिसमें उसने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 30-32 वर्ष की देवरी-गोसलपुर रेल्वे डाउन ट्रेक पर ट्रेन से कट कर मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## मेडिकल से गायब ई रिक्शा गंगानगर में मिला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । गढ़ा थानातंर्गत मेडिकल के बच्चा वार्ड के सामने से गायब हुआ एक ई-रिक्शा चौबीस घंटे बाद गंगानगर के पास लावारिस हालत में मिला] लेकिन उसकी चारों बैटरियां गायब थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि हनुमानताल बड़ी खेरमाई के समीप निवासी 28 वर्षीय मुनिराज रजक ने नंदनी बाल्मीक निवासी सर्वेन्ट क्वाटर गढ़ा से दस साल पहले प्रेम विवाह किया था। जिसके साले अभिषेक बाल्मीक ने वर्ष 2023 में लोन से एक ई.रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडजी.5753 खरीदा था। जिसका संचालन मुनिराज करता था। मुनिराज के सात वर्षीय बेटे दिव्यांश के बीमार होने पर विगत 12 मार्च को वह अपना ई.रिक्शा लेकर मेडिकल कालेज के बच्चा वार्ड गया थाए जहां अपना ई.रिक्शा खड़ा कर दिया था। कुछ देरबाद जब वह वापस आया तो उसका ई.रिक्शा गायब था। उसके दूसरे दिन उसका ई-रिक्शा गंगानगर में लावारिस हालत में खड़ा मिला।

# धर्मांतरण मामले में हिंदूवादी संगठनों ने रोकी बस

### रांझी थाने में सवारियों से की गई पूछताछ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक यात्री बस को रोक कर रांझी थाने पहुंच गए। संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बस में मंडला के महाराजपुर से लाए आदिवासी लोग मिले है, जिन्हें धर्म परिवर्तन करवाने के लिए चोरी-छिपे यहां लाया गया था। दरअसल बस को भंवरताल पार्क पर रोका गया था, हालांकि हिंदूवादी संगठनों के पहुंचने पर



बस का चालक फरार हो गया, जिसे पीछा करते हुए रांझी में पकड़ा गया। पुलिस ने सभी लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

***मर्जी से जा रहे थे यात्री-*** बस में सवार यात्रियों ने बताया कि हम लोग तो बस से तीर्थ यात्रा पर आए थे और चर्च जा रहे थे। तभी कुछ अंकलों ने हमें रोका और बाद में पुलिस स्टेशन ले आए। वे कह रहे हैं कि हम लोगों को बहकाया जा रहा है। लेकिन हम अपनी मर्जी से यहां आए हैं। बस का किराया भी हमने ही दिया है। हमने 500-500 रुपए दिए हैं। इस मामले में विश्व हिंदु परिषद के सदस्य संजय तिवारी ने कहा कि अगर ये लोग क्रिश्चियन हैं, तो आईडी में भी यही दर्ज होना चाहिए। लेकिन आईडी में आदिवासी लिखा है। उन्हें सूचना मिली, जिसके बाद हमारे कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। वहां दो बसें थीं, जिनमें से एक बस निकल गई।

***कार्यकर्ताओं ने कर दी मारपीट-*** हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बस यात्रियों से मिलने आए 2 लोगों के साथ थाने में ही मारपीट कर दी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह लोग आदिवासी लोगों का मन डायवर्ट करते हुए उन्हें धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहे थे। इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की पुलिस से भी जमकर बहस हुई। मामले को लेकर थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा इस बस थाने लाया गया था, जिसमें क्रिश्चियन समाज के लोग बैठे थे। उनकी संख्या लगभग 50 थी। वे सभी महाराजपुर, मंडला के निवासी थे और वहीं के चर्च से संबंधित है ।

## सेवानिवृत्त हुए आईजी अनिल कुशवाह

### डीआईजी सचिन अतुलकर को आईजी का प्रभार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अनिल सिंह कुशवाह सोमवार को 35 वर्षों की पुलिस सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए है। बताया जा रहा है कि आईजी श्री कुशवाह के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके स्थान पर छिंदवाड़ा डीआईजी सचिन अतुलकर को आईजी का प्रभार दिया गया है। अनिल कुशवाह करीब एक साल तक जबलपुर में आईजी के रुप में पदस्थ रहे। बताया जाता है कि



अनिल कुशवाह जबलपुर में सीएसपी के पद पर पदस्थ रहे। इसके बाद वे बुरहानपुर, भिंड सहित अन्य जिलों में में एसपी व रीवा, उज्जैन में डीआईजी के पद पर पदस्थ रहे। इसके बाद वे जबलपुर जोन के आईजी के रुप में मार्च पदस्थ रहे। करीब एक साल तक जबलपुर में आईजी रहने के बाद सोमवार को 31 मार्च को रिटायर्ड हो गए। सेवा निवृत्ति के अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने आईजी अनिल कुशवाह के मुलाकात कर उज्जवल भविष्य की कामना की।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**